राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 307
लखनऊ, गुरुवार 09 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मुड़गांव प्रधान सहित पांच आरोपी गिरफ्तार 10

नवाचार से विकसित भारत का सपना साकार करेंगे युवा : राज्यपाल 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,43,280/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,07,500/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक से टकराई बस, ड्राइवर-कंडक्टर की मौत, 20 से अधिक यात्री घायल

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में एक प्राइवेट बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है। इस घटना में बस ड्राइवर और कंडक्टर की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इटावा जिले के आईटीआई चौराहा थाना क्षेत्र में आगरा-कानपुर हाईवे पर बुधवार सुबह करीब 5 बजे बस हादसे का शिकार हुई। यह बस वाराणसी से दिल्ली जा रही थी। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। बताया गया कि बस ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मारी, जिसमें लोहे के सरिया लदे थे। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई।

### छत्तीसगढ़ में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक के प्रारूप को मंजूरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योगपतियों और निवेशकों को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (विनियमन-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी है, जिसके तहत ऐसा कानून लागू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। छत्तीसगढ़ में निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कैबिनेट ने बुधवार को छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (विनियमन-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक 2026 के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक का उद्देश्य व्यापार और उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, डिजिटल और समयबद्ध बनाना है। नए कानून के लागू होने से निवेशकों को सरकारी प्रक्रियाओं में होने वाली अनावश्यक देरी और जटिलताओं से राहत मिलेगी।

### वेनेजुएला में भूकंप पीड़ितों के लिए भारतीय सेना का ऑपरेशन एमिस्टेड पूरा, वापसी शुरू

नई दिल्ली। अपने मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशन ऑपरेशन एमिस्टेड के सफल होने के बाद भारतीय सेना की टुकड़ी ने वेनेजुएला से वापसी शुरू कर दी है। भारत से भेजी गई कम्पोजिट टास्क फोर्स ने 28 जून तक पूरी तरह से चालू फील्ड हॉस्पिटल बना लिया था। मिशन के दौरान मेडिकल टीम ने राहत कार्यों में मदद के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए भूकंप से प्रभावित 1,900 से ज्यादा लोगों को जरूरी मेडिकल केयर दी। भारतीय सेना ने बुधवार को वेनेजुएला में तैनात भारतीय सेना की टुकड़ी के वापस होने की जानकारी दी। दक्षिण अमेरिका के उत्तरी हिस्से में आए दो विनाशकारी भूकंपों के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन एमिस्टेड शुरू किया था।

### फुटबॉल के जादूगर मेसी की अर्जेंटीना क्वार्टरफाइनल में



एटलांटा। फुटबॉल के जादूगर लियोनेल मेसी की गत चैम्पियन अर्जेंटीना टीम ने मिस्र के खिलाफ दो गोल से पिछड़ने के बाद हैरतअंगेज वापसी करते हुए 13 मिनट के अंतराल में तीन गोल दागकर 3-2 से जीत हासिल करते हुए फीफा विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। अर्जेंटीना इस तरह क्वार्टर फाइनल में जाने वाली सातवीं टीम बन गई।

# आचार्य चाणक्य जैसा गुरु होगा तो देश कभी विपन्न नहीं हो सकता : योगी

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**



- वाराणसी से मुख्यमंत्री ने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों व शिक्षामित्रों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का किया शुभारंभ
- डीबीटी के माध्यम से 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में 1320 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि शिक्षा समाज की आधारशिला है और इसके बगैर कुछ भी हो पाना संभव नही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से कहा है कि हमें विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा के बदले में सरकार आपसे कुछ नहीं चाहती, सिर्फ एक चीज मांगती है कि प्रत्येक शिक्षक बच्चों की पढ़ाई, विद्यालयों की स्वच्छता और उनके सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। विद्यार्थियों के लिए सही मार्ग प्रशस्त करना शिक्षकों का कर्तव्य भी है और राष्ट्रीय दायित्व भी है।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल, बड़ा लालपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों तथा शिक्षामित्रों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। साथ ही डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के लगभग 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में 1320 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के कैशलेस इलाज पर प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ रुपये खर्च करेगी और इसका पूरा वहन राज्य सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है ताकि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ नई पीढ़ी का भविष्य संवार सकें। क्योंकि आचार्य चाणक्य जैसा गुरु होगा तो देश कभी विपन्न नहीं हो सकता, विदेशी ताकतें भी आंखें उठाकर नहीं देख सकतीं है। उत्तर प्रदेश की बहुत सी योजनाएं ऐसी है जो देश में रोल माडल है। आज विद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विकसित किया जा रहा है।

प्रदेश के शिक्षक देशभर में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश का उद्धेख करते हुए उन्होंने कहा कि वहां के सांसद ने उन्हें बताया कि राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षक उत्तर प्रदेश से हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी उत्तर प्रदेश के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं तीन महीने तक चलती थीं, जबकि अब शिक्षकों के सहयोग से मात्र 15 दिनों में परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं और समयबद्ध तरीके से परिणाम भी घोषित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री संदीप सिंह, माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री गुलाब देवी, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### अब प्रदेश के विद्यार्थियों व युवाओं को पहचान के संकट का सामना नहीं करना पड़ता

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पिछले नौ वर्षों में परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, सरल और नकलमुक्त बनाया है। शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों का ही परिणाम है कि अब प्रदेश के विद्यार्थियों और युवाओं को पहचान के संकट का सामना नहीं करना पड़ता। शिक्षा का उन्नयन हुआ तो प्रदेश के विकास ने भी रफ्तार पकड़ ली हैं। मुख्यमंत्री ने योजना के शुभारंभ पर शिक्षकों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से लगभग 12 लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि स्थायी शिक्षक एवं कर्मचारियों को 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म इंश्योरेंस, एक करोड़ रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट कवर, एक करोड़ रुपये का स्थायी दिव्यांगता बीमा कवर तथा 1.60 करोड़ रुपये तक का एयर एक्सीडेंट बीमा कवर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 हजार रुपये से अधिक वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों को भी 30 लाख से 80 लाख रुपये तक का पर्सनल एक्सीडेंट बीमा मिलेगा, जबकि 10 हजार रुपये से कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों को दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी शिक्षक या कर्मचारी के साथ कोई अनहोनी होती है तो उनके बच्चों की शिक्षा और बेटियों के विवाह के लिए भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आज हर शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हम दे रहे हैं। देश में यूपी पहला राज्य है, जहां यह व्यवस्था लागू हो रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लगभग 10 लाख शिक्षकों और संविदा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के 12 प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के प्रत्येक छात्र को यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर, बैग और अन्य आवश्यक सामग्री के लिए 1200 रुपये की सहायता सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों की साझा जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चा नियमित रूप से विद्यालय पहुंचे और निपुण भारत अभियान के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और विद्यालयी जीवन की अच्छी आदतों के प्रति जागरूक करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने विद्यालयों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखते हुए सभी को उन्हें और बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए।

# ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम व एमओयू को बताया अप्रभावी, आगे की वार्ता को कहा समय की बर्बादी

**एजेंसी, अंकारा।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम और समझौता ज्ञापन (एमओयू) अब प्रभावी नहीं रहा है। उन्होंने हालिया सैन्य तनाव के बाद ईरान के साथ आगे किसी भी बातचीत में रुचि न होने की बात कहते हुए उसे समय की बर्बादी करार दिया है।

नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान नाटो महासचिव मार्क रूटे के साथ संवाददाताओं से बातचीत में श्री ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ÷मैं अब उनके साथ कोई व्यवहार नहीं करना चाहता। जहां तक मेरा सवाल है, यह सब खत्म हो चुका है। उनसे बातचीत करना समय की बर्बादी है। वे झूठे हैं।

श्री ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने हाल में दक्षिणी ईरान पर अमेरिकी हमलों और ईरानी तेल निर्यात पर प्रतिबंध कड़े किये जाने के जवाब में बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया है। इससे पहले अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने कहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे कम से कम तीन वाणिज्यिक जहाजों पर कथित ईरानी हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने ईरान में कई ठिकानों पर ÷शक्तिशाली÷ सैन्य कार्रवाई की। सेंटकॉम ने कहा कि इन हमलों का उद्देश्य रणनीतिक जलमार्ग में नागरिक चालक दल वाले वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की कीमत ईरान से वसूलना था। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति इसी जलमार्ग से होती है। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा, ÷ईरान की आक्रामक कार्रवाई अनुचित, खतरनाक और युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन है। श्री ट्रंप ने ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाकर युद्धविराम तोड़ने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें अब कूटनीतिक वार्ता में कोई सार नहीं दिखता। उन्होंने अमेरिकी वार्ताकारों का हवाला देते हुए कहा कि वे बात कर सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वे अपना समय बर्बाद कर रहे हैं।

### तनाव बढ़ाने के लिए अमेरिका जिम्मेदार : ईरान

ईरानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्र में स्थित निगरानी एवं पर्यवेक्षण केंद्रों पर अमेरिकी सैन्य हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के परिणामों के लिए अमेरिका जिम्मेदार होगा। विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि बुधवार तड़के अमेरिकी सेना ने ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित कई निगरानी और पर्यवेक्षण केंद्रों पर हमला किया, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का स्पष्ट उल्लंघन है। मंत्रालय ने कहा कि ये हमले पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के पहले प्रावधान का भी घोर उल्लंघन हैं, जिसमें सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने का प्रावधान किया गया था।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा एक्शन

### 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर तीन आरोपी, 40 दिनों में 70 बार हाथ साफ करने का सनसनीखेज खुलासा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



अयोध्या अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार 3 आरोपियों को एक स्थानीय अदालत के आदेश पर बुधवार को 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच कर रहे अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने सुबह करीब 7 बजे जिला जेल से अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

विशेष अदालत (भ्रष्टाचार रोधी) के आदेश के अनुसार रिमांड की यह अवधि बुधवार सुबह 7 बजे शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान सामने आए नए सुबूतों के बारे में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी और पुलिस उन जगहों पर तलाशी भी ले सकती है जिनकी आरोपियों ने निशानदेही की है ताकि चोरी की गई नकदी और अन्य सामान बरामद किया जा सके। अधिकारियों के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने रिमांड की मांग इसलिए की थी ताकि मामले में गिरफ्तार अन्य लोगों से पूछताछ के दौरान इकट्ठा की गई सामग्री और सबूतों के आधार पर इन तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा सके।

मामले की जांच के लिए गठित विशेष टीम (एसआईटी) द्वारा इस मामले में सबसे पहले मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। अयोध्या के राम मंदिर से चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती तफ्तीश के अनुसार, जांचकर्ताओं ने 40 दिनों की अवधि में चोरी की लगभग 70 संदिग्ध घटनाओं की पहचान की है और वे आरोपियों की भूमिका के साथ-साथ मंदिर में दान की रकम की गिनती की व्यवस्था में कथित प्रक्रियागत और सुरक्षा सम्बन्धी खामियों की भी जांच कर रहे हैं।

# परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी के घर विजिलेंस का छापा, नकदी समेत करोड़ों के जेवरात मिले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



ट्रांसपोर्ट विभाग में सेवानिवृत्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर विजिलेंस ने बुधवार को छापा मारा। इस दौरान 13 किलो सोना, हीरे के जेवर बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

विजिलेंस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपित ललित कुमार मूलरूप से रायबरेली जिले का रहने वाला है। उनको खिलाफ कानपुर में तैनाती के दौरान विजिलेंस से भ्रष्टाचार की शिकायत की गई थी। इसके बाद विजिलेंस ने लखनऊ के अलीगंज के चंद्रलोक कालोनी सात और आठ जुलाई को छापेमारी कर 13 किलो सोना, नौ किलो चांदी, हीरे के जेवरात बरामद किए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक है। इन्हें घर में विभिन्न जगहों पर पैकेट बनाकर रखा गया था।

इसके अलावा टीम को ललित से जुड़े बंगला, कोठियां, दुकानें, खेत और अन्य संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। इस कार्रवाई की सरहना करते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने कार्यवाही में शामिल टीम को एक लाख रुपये पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है।

### बदरीनाथ मंदिर की भेंट गणना में कथित अनियमितता, कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

एजेंसी, देहरादून/बदरीनाथ। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से बदरीनाथ मंदिर की भेंट गणना में कथित वित्तीय अनियमितता के मामले में एक कर्मचारी के खिलाफ कोतवाली बदरीनाथ में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी के अनुसार, सोशल मीडिया पर दो जुलाई को प्रसारित सूचना के आधार पर मंदिर की भेंट गणना में कथित अनियमितता की जांच कराई गई। प्रारंभिक जांच में संबंधित कर्मचारी प्रमोद नौटियाल पर सुबह करीब नौ बजे से साढ़े नौ बजे के बीच भेंट गणना स्थल से नकदी अवैध रूप से उठाकर ले जाने की पुष्टि होने का दावा किया गया है। समिति ने बताया कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कर्मचारी को निलंबित करने के साथ उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में आठ जुलाई को कोतवाली बदरीनाथ में मामला दर्ज कराया गया।

# पांच दिन से जारी ऑपरेशन खत्म लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर।**



जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए एक आतंकवाद विरोधी अभियान में बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के इस जिले के मीमंदर इलाके में तीन जुलाई को तलाश अभियान शुरू किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तुम सिर्फ कुछ दूर तक भाग सकते हो लेकिन हमारी नजरों से छिप नहीं सकते।

राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में शोपियां के विशेष अभियान समूह ने लश्कर के एक आतंकवादी को ढेर कर दिया।

पुलिस, सेना की 55 आरआर और 44 आरआर, तथा सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने पिछले पांच दिनों से इस इलाके की घेराबंदी की हुई थी, जिसके दौरान दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी।

### ईडी ने फ्रीज किए टीएमसी से जुड़े तीन खातों में जमा 440 करोड़ रुपये

एजेंसी, कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े कथित संदिग्ध फंड के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए पार्टी के उन बैंक खातों पर रोक लगा दी है, जिनमें लगभग 440 करोड़ रुपये जमा बताए जा रहे हैं। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा कुछ खातों पर डेबिट फ्रीज लगाए जाने के बाद की गई है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने पार्टी के वित्तीय लेन-देन को लेकर मिली शिकायतों के आधार पर तीन प्रमुख बैंक खातों से निकासी और अन्य लेन-देन पर अस्थायी रोक लगाई थी। इसके बाद ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में 150 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के एविएशन और ट्रैवल कंपनियों के माध्यम से स्थानांतरित होने के संकेत मिले हैं।

**तैयारी** | ओडीओसी पवेलियन में लोगों को हर जिले के खास व्यंजनों की मिलेगी जानकारी

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में एक जनपद एक व्यंजन का होगा पवेलियन

**एजेंसी, नोएडा।**




आगामी सितंबर माह में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में इस बार एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) का पवेलियन होगा। इसमें ओडीओसी योजना के तहत घोषित हर जिले का व्यंजन प्रदर्शित किया जाएगा। लोगों को अयोध्या की कचौरी व कुल्हड़ वाली दही-जलेबी, अमेठी का समोसा व लाल गन्ने की गोटी, बुलंदशहर की खुरचन, प्रयागराज की सब्जी-कचौरी का स्वाद चखने को मिलेगा। हालांकि खाने-पीने के स्टॉल अन्य जगह होंगे लेकिन ओडीओसी पवेलियन में लोगों को हर जिले के खास व्यंजनों की जानकारी मिलेगी। इनके 100 से अधिक स्टॉल होंगे।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर के बीच उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 का चौथा संस्करण आयोजित होगा। इसकी तैयारी चल रही है। प्रदर्शनी में प्रदेश के 75 जिलों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। उनको ट्रेड शो में जगह का आवंटन किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि मई में प्रदेश सरकार ने ओडीओसी योजना के तहत हर जिले का एक व्यंजन घोषित किया है। गौतमबुद्ध नगर के बेकरी उत्पाद को चयनित किया गया है। प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों के लोगों को इनका स्वाद चखने को मिलेगा। इनमें कासगंज का मूंग का दलमा व सोरों की मोठ की चाट, हाथरस की रबड़ी, अलीगढ़ के इगलास की चमचम, मैनपुरी की सोनपापड़ी व भुना हुआ आलू, फिरोजाबाद की आलू टिक्की, आजमगढ़ की तहरी व सफेद गाजर का हलवा, बलिया का सत्तू, मऊ का लिट्टी चोखा, बरेली की सेवइयां व चाट, बदायूं की लॉज, पीलीभीत की खोया मिठाई, बस्ती का ठेकुआ, श्रावस्ती की इमरती, देवरिया का मालपुआ, कुशीनगर का केला चिप्स, झांसी की दाल बाफला, औरैया की दूध बर्फी, लखनऊ की रेवड़ी आदि शामिल हैं।

अफसरों ने बताया कि सभी जिले अपने-अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर प्रचार-प्रसार करेंगे। ताकि इनका कारोबार बढ़ सके। प्रदर्शनी के माध्यम से इन व्यंजनों के कारोबार से जुड़े कारोबारियों को बड़े ऑर्डर भी मिलेंगे।

पिछले साल की तरह इस बार भी ट्रेड शो में आने वाले लोगों को हर जिले के पकवान का स्वाद मिलेगा। इनके स्टॉल अलग से लेंगे। जो हॉल नंबर 9 और 14 के सामने वाले रास्ते में होंगे। यहां हर जिले के प्रसिद्ध पकवान का स्टॉल होगा। इनमें आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, लखनऊ के टुंडे कबाब अन्य जिलों के मशहूर पकवान है।

उपायुक्त उद्योग गौतमबुद्ध नगर पंकज निर्वाण ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में इस बार ओडीओसी का भी पवेलियन रहेगा। जिस पर हर जिले के व्यंजन को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके स्टॉल आवंटन करने का काम चल रहा है। ट्रेड शो का चौथा संस्करण इस बार भव्य होगा।

# भारत ने किया पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट का फ्लाइट टेस्ट, 60 किमी. पर था लक्ष्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत ने बुधवार को चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) में पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट का फ्लाइट टेस्ट किया। रॉकेट को तय की गई कम से कम 60 किमी. की रेंज के लिए टेस्ट किया गया। रॉकेट ने सभी मानकों का पालन करते हुए लक्ष्य पर एकदम सटीक निशाना लगाया, जो बिल्कुल बताई गई दूरी पर था। सभी लगाए गए उपकरणों ने पूरी दूरी पर फ्लाइट को ट्रैक किया।

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने बताया कि फ्लाइट ट्रायल को आईटीआर और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टेब्लिशमेंट ने कोऑर्डिनेट किया था। रॉकेट को इन-सर्विस पिनाका लॉन्चर से लॉन्च किया गया, जिससे इसकी वर्सेटाइल क्षमता का पता चलता है और एक ही लॉन्चर से अलग-अलग रेंज के पिनाका वेरिएंट की लॉन्च कैपेबिलिटी मिलती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल फ्लाइट-टेस्ट के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और इंडस्ट्री को बधाई दी है। उन्होंने इसे लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट के लिए स्वदेशी डिजाइन और डेवलपमेंट कैपेबिलिटी में एक बड़ा मील का पत्थर बताया। डिफेंस सेक्रेटरी और डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस के सेक्रेटरी और डीआरडीओ के चेयरमैन राजेश कुमार सिंह ने ट्रायल्स पर करीब से नज़र रखी और सफल टेस्ट से जुड़ी सभी टीमों को बधाई दी।

# गोरखपुर जोन की 43वीं अंतर्जनपदीय बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता का हुआ समापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में चल रहे गोरखपुर जोन की 43वीं अन्तर जनपदीय बैडमिंटन क्लस्टर (बैडमिंटन व टेबल टेनिस) महिला/ पुरुष प्रतियोगिता वर्ष-2026 का सफल समापन हुआ। गोरखपुर जोन की 43वीं अन्तर जनपदीय बैडमिंटन क्लस्टर (बैडमिंटन व टेबल टेनिस) (महिला/ पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में सकुशल सम्पन्न कराया गया । इसमें गोरखपुर जोन के सभी 11 जनपदों (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच) की टीमों ने प्रतिभाग किया । पुरुष वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में जनपद बस्ती ने प्रथम स्थान तथा जनपद कुशीनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व महिला वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में जनपद श्रावस्ती ने प्रथम स्थान तथा जनपद बहराइच ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । पुरुष वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जनपद सिद्धार्थनगर ने प्रथम स्थान तथा जनपद बहराइच ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व महिला वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जनपद संत कबीर नगर ने प्रथम स्थान तथा जनपद कुशीनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । आयोजन सचिव/ पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को अपने कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि/ पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राज सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक चित्रांशु गौतम, पुलिस उपाधीक्षक अमित प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक दिलीप कुमार द्विवेदी, उ0नि0 परिवहन धर्मेन्द्र कुमार यादव, एसआईएपी शंभू शरण यादव व पुलिस लाइन के अन्य सम्बन्धित स्टाफ तथा स्टेडियम के निर्णायक मण्डल मौजूद रहे।



- प्रतियोगिता में 11 जनपदों की टीमो ने किया प्रतिभाग
- पुरुष वर्ग में प्रथम बस्ती, द्वितीय कुशीनगर महिला वर्ग में प्रथम श्रावस्ती, द्वितीय बहराइच रहा

## धानेपुर में पुरानी रंजिश बनी खूनीः दिनदहाड़े फायरिंग, युवक की आंख में लगी गोली, 2 घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। गोंडा-उतरौला मार्ग पर स्थित ठाकुरदास पुरवा गांव के पास दो पक्षों में कहासुनी के बाद फायरिंग और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। घटना में एक युवक की आंख में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे पक्ष के 2 लोग भी चोटिल हुए हैं। यह घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। फायरिंग में 22 वर्षीय राहुल ओझा की दाहिनी आंख में गोली लग गई। गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया है, लेकिन खबर लिखे जाने तक परिजन उन्हें लखनऊ नहीं ले जा सके थे। वहीं दूसरे पक्ष के अमित पासवान और सुनील पासवान भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में विधायक सरोज सोनकर ने लगाए 65 फलदार पौधे

- वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत पचपेड़वा में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 एवं वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को बलहा विधानसभा की विधायक सरोज सोनकर ने अपने आवास ग्राम पचपेड़वा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम का पौधा रोपकर वृहद पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। चकिया रेंज, बहराइच वन प्रभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुल 65 फलदार पौधों का रोपण किया गया। इनमें 30 आम, 15 लीची, 15 जामुन तथा 5 आंवला के पौधे शामिल रहे। विधायक ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी विजय कुमार मिश्र, विनोद कुमार तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, बृजेश कुंवर, वन दरोगा सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### संध्या संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती जनसुनवाई से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिली बड़ी राहत

**मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर लंबित जीपीएफ भुगतान का हुआ निस्तारण**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मंडलायुक्त द्वारा संचालित 'संध्या संवाद' कार्यक्रम



जनसुनवाई के माध्यम से आमजन एवं कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बनकर उभर रहा है। इसी क्रम में जनपद में 08 मई 2026 को आयोजित संध्या संवाद कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने जीपीएफ एवं अन्य सेवा संबंधी देयों के लंबित भुगतान की शिकायत मंडलायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी श्रावस्ती अन्नपूर्णा गर्ग ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों केमाध्यम से सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराई तथा लंबे समय से लंबित भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराई। इस कार्रवाई के फलस्वरूप सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकाश नारायण पाठक, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, सुनील श्रीवास्तव, प्रेम नारायण वर्मा, कौशल्या देवी, अवधेश कुमार तथा भगवान दीन वर्मा सहित अन्य पात्र कर्मचारियों को उनके सेवा संबंधी देयों का भुगतान कराया गया। सभी लाभार्थियों को कुल 89 लाख 41 हजार 612 की धनराशि का भुगतान किया गया। जिलाधिकारी श्रावस्ती अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित देयों का भुगतान केवल प्रशासनिक दायित्व ही नहीं, बल्कि उनके सम्मान और अधिकारों से भी जुड़ा विषय है। भविष्य में भी इस प्रकार के सभी प्रकरणों का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। लंबे समय से लंबित भुगतान प्राप्त होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंडलायुक्त का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि संध्या संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है, जिससे उन्हें बड़ी आर्थिक राहत मिली है।

### विश्वस्तरीय वर्टिगो डायग्नोस्टिक मशीन का हुआ शुभारंभ

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को शहर के आईटीआई रोड पर स्थित आर एन पांडेय प्राइवेट हॉस्पिटल लिमिटेड में आज विश्वस्तरीय स्वास्थ्य तकनीक प्रदान करने वाली (चक्कर आने की जाँच एवं निदान मशीन) का शुभारम्भ किया गया। इस मशीन में अब वर्टिगो (चक्कर आने) जैसी जटिल समस्या से पीड़ित मरीजों को उन्नत जाँच एवं उपचार की



सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। इस अत्याधुनिक मशीन का उद्घाटन अस्पताल के संचालक डॉ राजेश पाण्डेय के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तकनीक के माध्यम से अब वर्टिगो से संबंधित मरीजों का सटीक परीक्षण एवं बेहतर उपचार गोंडा में ही संभव होगा, जिससे मरीजों को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर इंद्र प्रताप शर्मा डिप्टी जनरल मैनेजर रत्नेश यादव मैनेजर अस्पताल के चंद्र मोहन मिश्रा विशाल शुक्ला, संदीप तिवारी,सत्यवचन शुक्ला, नूरुल हसन संजय शुक्ला सहित अस्पताल के चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### जनपद में बालिका शिक्षा की नई शुरुआत डिजिटल प्लेटफॉर्म से शुरू हुई पढ़ाई

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन की नई पहल से जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं आश्रम पद्धति विद्यालय विशुनपुर विश्राम की छात्राओं के लिए देश के अग्रणी डिजिटल स्टडी प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला के माध्यम से नियमित डिजिटल कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो गया है। इस पहल के तहत छात्राएं अब विद्यालय परिसर में ही आधुनिक डिजिटल माध्यम से विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार गुणवत्तापूर्ण वीडियो लेक्चर, अध्ययन सामग्री, प्रैक्टिस मॉड्यूल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित सामग्री का लाभ ले रही हैं। पढ़ाई शुरू होने के साथ ही छात्राओं में उत्साह का माहौल है और वे नई तकनीक के माध्यम से सीखने के अनुभव को लेकर काफी उत्साहित हैं। ग्रामीणएवं सीमावर्ती क्षेत्रों की बालिकाओं को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संसाधनों से जोड़ते हुए उनके ज्ञान, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धी क्षमता को मजबूत किया जा रहा है। यह पहल भविष्य में उनके उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के मार्ग को और अधिक सशक्त बनाएगी। विद्यालयों में डिजिटल अध्ययन व्यवस्था के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्राएं नियमित रूप से ऑनलाइन अध्ययन कर रही हैं, जिससे उनकी विषयगत समझ और सीखने की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।

## मिशन सेफ फ्यूचरः जिले में स्कूली वाहनों पर बड़ी कार्रवाई, 20 का चालान, 7 वाहन सीज

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में 1 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक संचालित 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार, यात्री कर अधिकारी अवधराज गुप्ता, आरआई प्रदीप कुमार तथा पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न विद्यालयों और प्रमुख मार्गों पर स्कूली वाहनों की सघन जांच की।अभियान के दौरान वाहनों की फिटनेस, परमिट, पंजीकरण, बीमा, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस सहित सुरक्षा संबंधी आवश्यक मानकों की जांच की गई। इस दौरान कई ऐसे वाहन मिले जो स्कूल वाहन के रूप में अधिकृत नहीं थे, लेकिन उन्हीं से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संयुक्त टीम ने 20 वाहनों का चालान किया, जबकि



7 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों के आवागमन के लिए केवल अधिकृत एवं मानक स्कूल वाहनों का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। वहीं अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे बच्चों को केवल सुरक्षित और अधिकृत वाहनों से ही विद्यालय भेजें। जिला प्रशासन का कहना है कि 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान 15 अगस्त तक लगातार जारी रहेगा।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मे एवीबीपी ने लगाया लापता प्रिंसिपल का पोस्टर

- किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता उसके अनुशासन, नेतृत्व और नियमित प्रशासन पर निर्भर करती हैः आदर्श शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहराइच के कार्यकर्ताओं द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच लापता प्रिंसिपल का पोस्टर लगाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहराइच के कार्यकर्ता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच की प्रिंसिपल के लापता होने का छात्र नेता ने पोस्टर लगाया। छात्र नेता आदर्श शुक्ला ने बताया कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता उसके अनुशासन, नेतृत्व और नियमित प्रशासन पर निर्भर करती है। यदि संस्थान में प्रशासनिक नेतृत्व प्रभावी



न हो या नियमित रूप से उपलब्ध न हो, तो इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की पढ़ाई, प्रशिक्षण, अनुशासन और भविष्य पर पड़ता है।आईटीआई केवल एक डिग्री या प्रमाणपत्र देने वाला संस्थान नहीं है। यहाँ से प्रशिक्षित विद्यार्थी उद्योग, स्वरोजगार और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में यदि विद्यार्थियों की समस्याओं का समय पर समाधान न हो, प्रशिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो या प्रशासनिक निर्णय लंबित रहें, तो सबसे अधिक नुकसान विद्यार्थियों का होता है। जिला संयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, नियमित प्रशासन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिले। हर विद्यार्थी का अधिकार है कि उसे समय पर मार्गदर्शन, आवश्यक सुविधाएँ और उत्तरदायी प्रशासन प्राप्त हो। आज आवश्यकता है कि संबंधित अधिकारी विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लें।

संस्थान में नियमित एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करें और तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री आकाश पांडे नगर मंत्री हर्षित जायसवाल, सुवेश शर्मा घनश्याम यादव कौस्तुक शर्मा अमन अवस्थी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बहराइच में कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ पर भव्य आयोजन

- शिक्षकों को मिली रू. 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के.जी.बी.इ.वी.) के समस्त कार्मिकों तथा रसोइयों के लिए रू. 05 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद बहराइच में जनपद एवं तहसील स्तर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उत्थान ऑडोटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, एमएलसी. डॉ. प्रज्ञा



त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित मुख्य प्रबन्धक श्रद्धा शुक्ला भारतीय स्टेट बैंक, खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के षिक्षक,शिक्षकाएं व अन्य सम्बन्धित मौजद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बाँध दिया। देशभक्ति, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के वाराणसी से प्रसारित संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के समस्त कार्मिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कैशलेस चिकित्सा सुविधा से लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी बिना आर्थिक चिंता के गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर सकेंगे। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना शिक्षा परिवार के लिए मुख्यमंत्री का एक ऐतिहासिक एवं संवेदनशील उपहार है, जिससे शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, (के.जी.बी.इ.वी.) कार्मिकों एवं रसोइयों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने उपस्थित सभी कार्मिकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 200 से अधिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, (के.जी.बी.इ.वी.) कार्मिक, रसोइये एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर भी इसी क्रम में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के कार्मिकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा। क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज बेसिक शिक्षा विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के मध्य शिक्षकों के बैंक खाते खोलने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। यह समझौता केवल खाते खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच विश्वास, सहयोग एवं उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं की एक नई शुरुआत का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक शिक्षक को सरल, सुरक्षित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएँ समयबद्ध रूप से उपलब्ध हों। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस साझेदारी से शिक्षकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएँ प्राप्त होंगी तथा भारतीय स्टेट बैंक और शिक्षा विभाग के बीच संबंध और अधिक सुदृढ़ होंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय बेसिक शिक्षा विभाग, बहराइच द्वारा किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण देखने को मिला।

## नगर पंचायत रुपईडीहा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण का आह्वान

**रुपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत रुपईडीहा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यह केवल एक पौधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य, स्वच्छ वातावरण और हरित धरती की ओर बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें शुद्ध वायु, छाया, वर्षा, जैव विविधता तथा प्रदूषण से राहत प्रदान करते हैं। यदि प्रत्येक परिवार एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो क्षेत्र को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकता है। डॉ.



- प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिएः डॉ. उमाशंकर वैश्य

उमाशंकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से व्यापक वृक्षारोपण कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत रुपईडीहा भी इस जनअभियान से जुड़कर लोगों को अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल के लिए प्रेरित कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अपने-अपने घरों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं खाली भूमि पर पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सफल माना जाएगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अवश्य लगाएँ और स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त रुपईडीहा के निर्माण में अपना योगदान दें।

### इंसाफ न मिलने से आहत महिला ने एसपी ऑफिस में किया आत्मदाह का प्रयास पुलिस ने बचाई जान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** इंसाफ की आस में दर-दर भटक रही एक महिला ने आज गोंडा स्क्र कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास कर सबको हिला दिया। महिला ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़क लिया था, लेकिन समय रहते पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और एक बड़ी घटना टल गई। घटना के बाद कार्यालय में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार महिला की बेटी की कुछ समय पहले इलाज के दौरान मौत हो गई थी। महिला का आरोप है कि बेटी की मौत के मामले में पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। कई बार तहरीर देने के बाद भी सुनवाई न होने से वह मानसिक रूप से परेशान थी। इसी पीड़ा और आक्रोश में आकर वह मंगलवार को स्क्र कार्यालय पहुंची और आत्मदाह करने की कोशिश की।

## विद्युत कटौती के खिलाफ कांग्रेसजनों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को भारतीय युवा कांग्रेस जिला गोंडा के बैनर तले जिला अध्यक्ष निजाम हुसैन हाशमी के नेतृत्व में कांग्रेस जनो ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट श्री पंकज वर्मा जी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि गोंडा के शहर व ग्रामीण क्षेत्र दोनों में लगातार अयोजित विद्युत कटौती हो रही है। जर्जर तारों, खराब ट्रांसफार्मरों और बिना सूचना बिजली काटे जाने से आम जनता, किसान, व्यापारी और विद्यार्थी बेहद परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो 12-14 घंटे तक बिजली गायब रह रही है जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। प्रमुख मांगेः 1. शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अयोजित बिजली कटौती तत्काल बंद हो। 2. निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। 3. खराब ट्रांसफार्मर व जर्जर लाइनें 7 दिन के



अंदर ठीक कराई जाएं। 4. ग्रामीण क्षेत्रों को विशेष रूप से पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी और जिला अध्यक्ष निजाम हुसैन हाशमी ने कहा किः 'भाजपा सरकार ने शहर और गांव दोनों जगह बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। शहर में 8 घंटे और गांव में 12 घंटे तक कटौती हो रही है।

# गर्भवती महिलाओं के लिए संजीवनी बनेगा एफसीएम इंजेक्शन

- सरकारी प्रसव केंद्रों पर निःशुल्क सुविधा, रक्त चढ़ाने की जरूरत होगी कम
- एक बार में पूरी आयरन खुराक, मां और नवजात दोनों के लिए सुरक्षित उपचार

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान' के तहत गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए आधुनिक 'फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज़' (एफसीएम)



इंजेक्शन की निःशुल्क सुविधा शुरू की गई है। बाजार में अत्यधिक महंगा मिलने वाला यह इंजेक्शन जिले के सभी प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) में उपलब्ध करा दिया गया है। बीते दो माह में 19 गंभीर एनीमिया ग्रसित गर्भवतियों का उपचार किया जा चुका हैं।

**एक ही बार में पूरा उपचार**

यूपी-टीएसयू से डॉ. शालिनी झा ने बताया कि पहले गंभीर एनिमिक गर्भवती को आयरन सुक्रोज के कई डोज के लिए बार-बार अस्पताल आना पड़ता था। अब एफसीएम इंजेक्शन के माध्यम से आवश्यक आयरन की पूरी खुराक एक ही बार में दे दी जाती है, इससे आयरन शरीर के मुख्य अंगों जैसे– लीवर, प्लीहा और बोन मैरो में सुरक्षित रूप से स्टोर हो जाता है। इसके बाद, शरीर आवश्यकतानुसार इसी संग्रहित आयरन का उपयोग हीमोग्लोबिन बनाने और नए रक्त के निर्माण में करता है। यही कारण है कि कुछ ही सप्ताह के भीतर हीमोग्लोबिन स्तर में बहुत तेजी से सुधार दिखाई देने लगता है और प्रसव के समय खून चढ़ाने की नौबत ही नहीं आती। हालांकि, उपचार के बाद भी डॉक्टरों की सलाह पर आईएफए, कैल्शियम की गोलियां और पौष्टिक आहार लेना आवश्यक है।

**जोखिम और लक्षण पहचानना जरूरी**

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि थोड़े से काम में अत्यधिक थकान, चक्कर आना, बेहोशी, चिड़चिड़ापन, लगातार सुस्ती, मिट्टी या चूना खाने की इच्छा (पाइका), बालों का झड़ना और त्वचा का पीला पड़ना एनीमिया के मुख्य लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को पहले से एनीमिया हो, दो गर्भावस्था के बीच 12 माह से कम का अंतर हो, तीन या अधिक प्रसव हो चुके हों, जुड़वां बच्चे हों, या हुकवर्म व यूटीआई (UTI) संक्रमण हो, उनमें गंभीर एनीमिया का खतरा अधिक होता है। ऐसी महिलाओं को विशेष निगरानी की आवश्यकता होती है।

## कर्नलगंज में खुदाई के दौरान निकले 22 कोबरा के बच्चे और 1 विशाल नाग, गांव में दहशत

- सर्प मित्र ने सभी सांपों का किया रेस्क्यू, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत डैनियागंज गांव में बुधवार को जमीन की खुदाई के दौरान 1 विशाल इंडियन स्पेक्टिकल कोबरा और 22 कोबरा के बच्चे निकलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। एक साथ इतनी संख्या में सांपों को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। **खुदाई के दौरान खुला नाग का बिल**–स्थानीय लोगों के अनुसार डैनियागंज में जमीन की



खुदाई का काम चल रहा था। काफी गहराई तक खुदाई करने पर पहले एक बड़ा साइज का इंडियन स्पेक्टिकल कोबरा बाहर निकला। इसके कुछ देर बाद उसी जगह से 22 कोबरा के बच्चे भी बाहर आ गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह नागों का बिल था। सांपों को देखकर वहां मौजूद मजदूर और ग्रामीण डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। **सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू, जंगल में छोड़े जाएंगे**– सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सर्प मित्र अरुण कुमार बाबा ने काफी प्रयास के बाद सभी 23 सांपों को पकड़कर रेस्क्यू कर लिया। उन्होंने बताया कि सभी सांपों को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

# नवाचार से विकसित भारत का सपना साकार करेंगे युवा : राज्यपाल

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ज्ञान, संस्कार और नवाचार से विकसित भारत का सपना साकार करेंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसे उत्तरदायी, संवेदनशील और संस्कारित नागरिक तैयार करना है जो समाज, राष्ट्र और मानवता के कल्याण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके लिए ज्ञान, नवाचार, नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का समन्वय आवश्यक है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान की वाहक है। विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत, पाली, हिन्दी, उर्दू, फ़ारसी, अंग्रेज़ी के साथ-साथ जर्मन, जापानी, चीनी, फ्रेंच तथा अवधी भाषा के अध्ययन की दिशा में किए जा रहे प्रयास इसकी विशिष्ट पहचान हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का माध्यम बनें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

आनंदीबेन ने कहा कि मुझे विशेष संतोष है कि विगत एक वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थानों के साथ 71 समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की वैश्विक स्वीकार्यता, शैक्षिक उत्कृष्टता और अनुसंधान के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का परिचायक है।


कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को अपनी भाषा और भारतीय भाषाओं के सम्मान एवं संवर्धन करने ज्ञान का उपयोग समाज के लिए और जीवन में सत्य, संवेदना, करुणा और नैतिकता को सर्वोच्च स्थान देने का संकल्प दिलाया।

### युवा शक्ति विकसित भारत की सबसे बड़ी आधारशिला : सुधांशु

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार अर्जित करना नहीं, बल्कि ज्ञान, इच्छा और कर्म का समन्वय स्थापित कर एक श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और यही युवा शक्ति विकसित भारत की सबसे बड़ी आधारशिला है। भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत तथा आधुनिक विज्ञान के समन्वय से भारत विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, उद्यमिता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।

# हर छात्र एक पेड़ लगाकर बनेगा हरित योद्धा आईटीआई संस्थानों में होगा पौधरोपण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले 'वृक्षारोपण महायज्ञ 2026' में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग 2.53 लाख पौधरोपण कर हरित उत्तर प्रदेश की नींव को और मजबूत करेगा।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' का मंत्र लेकर प्रदेश का हर युवा अब हरित योद्धा बन रहा है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि विभाग के अधीन प्रदेश भर के सभी राजकीय आईटीआई, निजी आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों को वृक्षारोपण महायज्ञ में सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश की सभी सरकारी-निजी आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लाखों युवा इस अभियान से जुड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर प्रशिक्षु एक पेड़ अवश्य लगाए और उसकी सुरक्षा का संकल्प भी ले। आईटीआई और कौशल केंद्रों की खाली भूमि, बाउंड्री और परिसरों में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। जहां बाउंड्री नहीं है, वहां पेड़ लगाकर हरित बाउंड्री बनाई जाएगी।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का मॉडल है कि 'हुनर के साथ संस्कार और रोजगार के साथ पर्यावरण'। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता केवल पौधे लगाने से नहीं, बल्कि उनके संरक्षण से तय होगी।

## खबरें एक नजर में

### सपा के पूर्व विधायक व करीबियों के लखनऊ सहित दूसरे ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव और उनके करीबियों के लखनऊ सहित कई दूसरे ठिकानों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज बरामद किए। जानकारी के मुताबिक़, झांसी की गरौठा विधानसभा सीट से सपा के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव और उनके करीबियों के ठिकानों पर आज सुबह ईडी ने छापेमारी की। ये कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है। ईडी ने लखनऊ स्थित एल्डिको कालोनी और कानपुर रोड पर एक अपार्टमेंट में छापा मारा है। इसके अलावा झांसी जिले में कई परिसरों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई। टीम ने कई जरूरी दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और बैंक लेन-देन व चल-अचल संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड मिले हैं। जिसकी जांच की जा रही है, ताकि पैसों के स्रोत और इस मामले में शामिल लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

### सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत, दारोगा घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पारा थानाक्षेत्र में बुधवार को अलग अलग सड़क हादसों में एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि एक दारोगा घायल हो गया। दोनों घटनाओं की जांच पुलिस कर रही है। पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि खुशहालगंज ओवरब्रिज ढलान के पास किसान पथ पर सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल मय पुलिस बल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि एक साइकिल सवार व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उसे तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिए केजीएमयू मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसके पास प्राप्त आधार कार्ड के आधार पर काकोरी के ग्राम बड़ागांव निवासी बोधी गौतम (58) के रूप में हुई। घटना की सूचना पर मृतक के पुत्र मिलन गौतम मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने परिवार के सामने आवश्यक कार्रवाई के लिए शव को केजीएमयू मोर्चरी भेजा। अज्ञात वाहन की पहचान एवं दुर्घटना के कारणों के संबंध में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच की जा रही है। इसी तरह जलालपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव सिंह रोजाना की तरह बुधवार सुबह नियमित मार्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान तिकोनिया तिराहे के पास उन्हें एक दरोगा को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देखा। फौरन घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में घायल ने अपना नाम उपनिरीक्षक अनिल कुमार बताया, जो वर्तमान में थाना मानकनगर में तैनात हैं तथा थाना पारा क्षेत्र में निवास करते हैं। उनकी ड्यूटी थाना आशियाना क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान के लिए लगी थी। वह अपने आवास से मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी तिकोनिया तिराहे के पास किसी अज्ञात कार ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान एवं चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

### 25 दिन होटल में बंधक, देह व्यापार कराने का आरोप, पुलिस ने छुड़वाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में 8 जुलाई को चिनहट की एक महिला पुलिस के पास पहुंची। उसने आरोप लगाया कि उसे 25 दिनों तक एक होटल में बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान जबरन देह व्यापार कराने की कोशिश की गई। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी 2 वर्षीय बेटी को एक व्यक्ति अपने पास रखे हुए है। उसे वापस नहीं किया जा रहा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। शिकायत मिलते ही चिनहट पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी अनिल कुमार सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि महिला उसकी परिचित है और पिछले 25 दिनों से उसके साथ होटल में रह रही थी। उसके अनुसार, 5 जुलाई को महिला अपनी बेटी को छोड़कर चली गई थी। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो बच्ची की देखभाल के लिए उसे अपनी एक परिचित महिला के पास सीतापुर भेज दिया।


### ससुराल पहुंचे युवक ने साले को मारी गोली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के कैसरबाग इलाके में बुधवार को पत्नी से चल रहे पारिवारिक विवाद के बीच ससुराल पहुंचे युवक ने अपने साले पर फायरिंग कर दी। गोली साले के कंधे में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत खतरे से बाहर है। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी मिश्रा के मुताबिक चौक के राजा बाजार स्थित मुर्तजा हुसैन रोड निवासी मो. इलियास का अपनी पत्नी से लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। बुधवार को वह अपनी ससुराल तालाब गगनी शुक्ल खदरा बाजार पहुंचा, जहां कहासुनी के दौरान उसने अपने साले फाजिल हुसैन (40) पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली फाजिल के कंधे में लगी। फायरिंग की सूचना मिलते ही कैसरबाग पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में घायल की पत्नी आफरीन की तहरीर पर आरोपी मोहम्मद इलियास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भाई गोलू ने बताया इलियास बहन से लंबे समय से विवाद चल रहा है। वह बहन को अक्सर मारता पीटता था। विवाद बढ़ने पर उसे मायके लेकर चले आए थे। इसके बाद वह तलाक की धमकी देने लगा। बुधवार सुबह तड़के 4 बजे का घर पहुंचा और सीढ़ी लगाकर घर में घुसा। इसके बाद अपनी पत्नी से मारपीट करने लगा। तभी भाई पहुंच गया तो उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया।

# सरकार सतनाम पंथ की आस्था व विरासत संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**सतनाम पंथ के साहेब जगजीवन दास की तपोस्थली कोटवा धाम का होगा विकास**





उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद में कोटवा धाम स्थित सतनाम पंथ के संस्थापक साहेब जगजीवनदास की तपोस्थली पर बने मंदिर परिसर में 202.51 लाख रुपये की लागत से पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि समर्थ साहेब बाबा जगजीवन दास ने सतनाम पंथ की स्थापना की थी। यह पंथ सत्य की उपासना, मानवीय समानता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। इसकी मूल भावना आडंबरों और भेदभाव से परे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी धर्मों, पंथों और समुदायों की आस्था का सम्मान करते हुए धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास करा रही है।

इसी क्रम में राजधानी लखनऊ से सटे बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर तहसील स्थित कोटवा धाम में जगजीवन दास मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 150 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

बाराबंकी जनपद की सिरौलीगौसपुर तहसील स्थित कोटवा धाम में बाबा जगजीवन दास का लगभग 356 वर्ष पुराना मंदिर एवं समाधि स्थल स्थित है। यह सतनाम पंथ की प्रमुख तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले में प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

माघ शुक्ल पक्ष की सप्तमी को समर्थ साहेब बाबा जगजीवन दास जी का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या, रायबरेली, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर सहित प्रदेश के अनेक जनपदों तथा अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोटवा धाम पहुंचते हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सतनामी संप्रदाय के प्रमुख स्थल कोटवा धाम के पर्यटन विकास से श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्राप्त होगी।

### पर्यटन विकास के अंतर्गत होंगे व्यापक कार्य

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास परियोजना के तहत श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके अंतर्गत 60.51 लाख रुपए की लागत से यात्री निवास, 13.07 लाख रुपये से शौचालय ब्लॉक तथा 36.13 लाख रुपए से चेंजिंग रूम (वस्त्र परिवर्तन कक्ष) का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त भव्य प्रवेश द्वार, म्यूरल वॉल, सजावटी स्तंभ, पेयजल व्यवस्था, मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं का विस्तार, डेकोरेटेड फ्री-स्टैंडिंग वॉल तथा पेवर ब्लॉक निर्माण जैसे कार्य भी किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों व उनके परिवारों को बड़ी सौगात : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



प्रयागराज में बुधवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना अंतर्गत प्रदेश के 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को योजना का लाभ प्रदान किए जाने की महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। योजना के लाभार्थियों को प्रतीक स्वरूप डमी कार्ड वितरित किए गए।

श्री मौर्य ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा योजना के दायरे का विस्तार करते हुए प्रधानाचार्यों, शिक्षकों के साथ रसोइयों को भी इस योजना में सम्मिलित किया गया है। योजना अंतर्गत लाभार्थियों एवं उनके परिवारों को सूचीबद्ध अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का कैशलेस एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना शिक्षा विभाग से जुड़े लाखों परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कदम है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने परिश्रम, कौशल और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज एवं प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# प्रदेश की 2600 से अधिक नर्सरियों में 57.62 करोड़ पौधे तैयार



**राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार के विभाग भी लगाएंगे पौधे**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पौधरोपण महायज्ञ (12 जुलाई-2026) को 35 करोड़ व अन्य विशिष्ट आयोजनों पर पौधरोपण के लिए वन विभाग ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए प्रदेश की 2600 से अधिक नर्सरियों में 57.62 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग की नर्सरियों में 52.46 करोड़, उद्यान में 1.55 करोड़, रेशम में 44 लाख व निजी नर्सरियों में 3.17 करोड़ पौधे तैयार हो चुके हैं। पौधरोपण के लिए वन विभाग की 1939, उद्यान की 146, रेशम विभाग की 55 पौधशाला, 499 निजी पौधशाला से सभी विभागों, जनपदों, मंडलों को पौधे दिए जा रहे हैं।

केंद्र व प्रदेश सरकार के विभाग मिलकर इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण करेंगे। नोडल विभाग (वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन) सर्वाधिक 15 करोड़ से अधिक पौधरोपण करेगा। ग्राम्य विकास विभाग 10 करोड़, कृषि विभाग 3.25 करोड़, उद्यान विभाग 1.50 करोड़, पंचायती राज 1.22 करोड़ व राजस्व विभाग एक करोड़ पौधे रोपित करेगा। वहीं केंद्र सरकार के रेलवे की तरफ से 12 लाख, रक्षा मंत्रालय की तरफ से 7 लाख पौधरोपण किया जाएगा।

मुख्य वन संरक्षक अदिति शर्मा ने बताया कि पौधरोपण महायज्ञ-2026 के लिए नर्सरियों में 57.62 करोड़ पौधे तैयार हो गए हैं। 12 जुलाई को होने वाले उत्सव के लिए मंडल, जनपद व विभागवार निरंतर पौध वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनसहभागिता और सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से यह महायज्ञ अभूतपूर्व होगा।

# रालोद संसदीय बोर्ड की पहली बैठक सम्पन्न, पार्टी के साथ एनडीए को अधिक मजबूत बनाने का लिया गया संकल्प

लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की संसदीय बोर्ड की प्रथम बैठक बुधवार को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के कमेटी हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद केसी त्यागी ने की।

बैठक के प्रारंभ में संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों का आपस में परिचय हुआ तथा राष्ट्रीय लोकदल को नई दिशा एवं नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह सहित संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की किसान, मजदूर और सामाजिक न्याय आधारित विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को अधिक सशक्त बनाने, सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने, युवाओं की भागीदारी बढाने, संगठन के विस्तार को गति देने तथा चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर एनडीए को अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। यह जानकारी रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा द्वारा दी गई।

# सनातन समाज आहत, सरकार ने खोई विश्वसनीयता : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे, चंदे और दान से जुड़े विवाद को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण की चर्चा अब देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहुंच चुकी है, जिससे सनातन समाज के श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं।

बुधवार को जारी अपने बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि दुनिया के कई देशों में रहने वाले सनातनी श्रद्धालुओं ने भी राम मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धापूर्वक दान दिया था। ऐसे में दान और चढ़ावे से जुड़े विवाद की खबरों ने उनके बीच नाराजगी और चिंता पैदा की है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम का असर केवल धार्मिक भावनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे देश की प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव पड़ा है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की कार्यशैली के कारण धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थानों की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। उनके अनुसार, इस पूरे विवाद से सनातन समाज में आक्रोश का माहौल है और देश की छवि को नुकसान पहुंचा है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि इस घटनाक्रम का असर देश की आर्थिक छवि पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं कर पाती है, तो निवेशकों के मन में भी सरकार की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार भगवान के दानपात्र की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकी, उस पर निवेशकों का भरोसा भी प्रभावित हो सकता है। सपा प्रमुख ने कहा कि इस पूरे मामले में पारदर्शी जांच और जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

### शिया महाविद्यालय में बीबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये मेरिट सूची जारी


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शिया पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में बी.बी.ए. पाठ्यक्रम सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु छात्र,छात्राओं की चयनित (सलेक्टेड) एवं प्रतीक्षा (वेटिंग) सूची जारी कर दी गई है। मेरिट सूची को महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल अथवा महाविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए निदेशक, प्रवेश-समिति प्रो. एम. एम. अबु तैय्यब ने बताया कि बी.बी.ए. पाठ्यक्रम में चयनित अभ्यर्थी अपनी प्रथम सेमेस्टर की फीस महाविद्यालय के प्राचार्य कार्यालय स्थित कैशियर काउंटर पर दिनांक 9 जुलाई, 2026 से 13 जुलाई, 2026 तक नकद (कैश) जमा कर सकते हैं। काउंसिलिंग की सूचना महाविद्यालय द्वारा बाद में जारी की जायेगी।

**सराहनीय**

## आवेदन के मामले में लखनऊ सबसे आगे

# ईवी क्रय सब्सिडी योजना से यूपी में इलेक्ट्रिक वाहनों को मिली रफ्तार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण एवं मोबिलिटी प्रोत्साहन नीति-2022 का प्रभाव प्रदेशभर में तेजी से दिखाई दे रहा है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक ईवी क्रय सब्सिडी योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में लोगों की रुचि इलेक्ट्रिक वाहनों में लगातार बढ़ रही है। योजना का लाभ लेने के लिए सबसे अधिक आवेदन राजधानी लखनऊ से मिले हैं। वहीं नोएडा, आगरा, गाजियाबाद और वाराणसी भी शीर्ष स्थानों पर हैं। परिवहन विभाग के मुताबिक, लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ में सबसे ज्यादा 12,520 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद आगरा में 10,752, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में 6,088, गाजियाबाद में 5,556, वाराणसी में 4,059, कानपुर नगर में 3,895, लखनऊ महानगर एआरटीओ में 3,839, सहारनपुर में 3,768, गोरखपुर में 3,204 और प्रयागराज में 3,110 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

प्रदेश के छोटे जिलों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। मऊ में ईवी क्रय सब्सिडी योजना के तहत 817 आवेदन, गाजीपुर में 750, कुशीनगर में 547, उन्नाव में 387, संत कबीर नगर में 101, महाराजगंज में 170 और सिद्धार्थनगर में 74 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि प्रदेश के बड़े शहरों के साथ-साथ अन्य जिलों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की इस योजना से वाहन मालिकों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिल रहा है। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर 5 हजार रुपये की राज्य सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट भी प्रदान की जा रही है। इतना ही नहीं, स्मार्ट कार्ड आरसी और एचएसआरपी नंबर प्लेट शुल्क में भी राहत मिलने से एक दोपहिया ईवी खरीदने पर कुल करीब 18 हजार रुपये तक की बचत संभव हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि योजना के तहत गैर सरकारी ई-बसों पर पर 20 लाख रुपये तक, चार पहिया वाहनों पर 1 लाख रुपये तक और दो पहिया वाहन पर 5 हजार रुपये तक छूट दी जा रही है। लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहिए। इससे जीरो एमिशन के लक्ष्य को प्राप्त कर पर्यावरण बेहतर बनाया जा सकता है। परिवहन विभाग के मुताबिक, यदि वर्ष 2030 तक देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक पहुंचती है तो कच्चे तेल के आयात बिल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये तक की बचत संभव है। इस लक्ष्य में उत्तर प्रदेश का योगदान भी अहम होगा, जिसके लिए अधिक से अधिक लोगों को ईवी क्रय सब्सिडी योजना का लाभ दिया जा रहा है।

### पेट्रोल-डीजल की तुलना में ईवी किफायती

परिवहन विभाग के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने वाले उपभोक्ताओं को केवल खरीद के समय ही नहीं, बल्कि संचालन के दौरान भी लाभ मिलता है। पेट्रोल और डीजल वाहनों की तुलना में ईवी की प्रति किलोमीटर परिचालन लागत कम होने से रोजाना यात्रा करने वालों को हर वर्ष हजारों रुपये की बचत हो रही है। सरकार की यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से पेट्रोल और डीजल की खपत कम हो रही है, जिससे वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन में कमी आ रही है। वहीं योगी सरकार का लक्ष्य शून्य उत्सर्जन (जीरो एमिशन) वाले वाहनों को बढ़ावा देकर प्रदेश को स्वच्छ और हरित परिवहन व्यवस्था की ओर अग्रसर करना है।

# फीस वृद्धि व निष्कासन के विरोध में छात्रों का आंदोलन तेज, 37वें दिन धरने में पहुंचे सांसद पुष्पेंद्र सरोज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में फीस वृद्धि और छात्रों के निष्कासन के विरोध में चल रहा आंदोलन लगातार जारी है। बुधवार को छात्रों का धरना 37वें दिन भी जारी रहा, जहां बड़ी संख्या में छात्र अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहे।

धरने के दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात कर उनका समर्थन किया। धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई फीस वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। उनका आरोप है कि बढ़ी हुई फीस का सीधा असर आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों की दूसरी प्रमुख मांग निष्कासित छात्रों की बहाली है। उनका कहना है कि जिन छात्रों पर कार्रवाई की गई है, उनका निष्कासन वापस लिया जाए। धरना स्थल पर पहुंचे सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने छात्रों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने आंदोलनरत छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके पक्ष में अपनी सहमति जताई। फिलहाल छात्र अपनी मांगों को लेकर धरना जारी रखे हुए हैं।

# शिक्षकों का शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरीः वित्त मंत्री

- कैशलेस चिकित्सा योजना में 18806 शिक्षाकर्मियों को मिला लाभ
- डीबीटी के माध्यम से 26.5 करोड़ रुपये हुए हस्तांतरित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना में सम्मिलित शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं एवं रसोइयों के लिए योजना के शुभारंभ तथा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग एवं स्टेशनरी आदि के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये की धनराशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गन्ना शोध परिषद के सभागार में देखा गया।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अवधेश राम,डीआईओएस हरवंश कुमार, बीएसए जयशंकर श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा, जिला समन्वयक सोहन शुक्ला, रोहित सिंह, एसआरजी अरुण कुमार, अश्वनी कुमार अवस्थी, एआरपी उपेंद्र तिवारी, शुभम तिवारी, रजनीश बाजपेई सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### 18806 कार्मिक कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वितः डीएम

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में 6542 शिक्षक, 3782 शिक्षामित्र, 666 अनुदेशक, 7625 रसोइया, 51 विशेष शिक्षा शिक्षक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के 130 शिक्षक सहित कुल 18806 कार्मिकों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित किया गया है। डीबीटी के माध्यम से जनपद के विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में 26.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्रेषित की जा रही है। डीएम ने शिक्षकों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाए, जिसके लिए उसे प्रदान किया गया है।

### मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षकों एवं उनके परिवारों की चिकित्सा संबंधी चिंताओं में आएगी कमीः वित्त मंत्री

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शिक्षकों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से शिक्षकों एवं उनके परिवारों की चिकित्सा संबंधी चिंताओं में कमी आएगी तथा उन्हें इम्पैनल्ड अस्पतालों में बेहतर उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। एनडीए सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। अलंकार योजना के माध्यम से माध्यमिक विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से विद्यार्थियों को समस्या समाधान के लिए आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 13 से बढ़कर 81 हो गई है, हालांकि अभी भी प्रति हजार जनसंख्या पर चिकित्सकों की उपलब्धता के वितरण में असमानता बनी हुई है। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का उल्लेख करते हुए 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सघन वन क्षेत्र में कमी के कारण केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से में लगभग 1100 करोड़ रुपये की कमी आई है।

### हजारों कार्मिकों के लिए लाभकारीः राज्यसभा सांसद

राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने योजना के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना शिक्षा विभाग से जुड़े हजारों कार्मिकों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

### कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किए गए

कार्यक्रम के दौरान शिक्षक सुशील गुप्ता, राजकुमार तिवारी, विनायक मिश्रा तथा मगरे लाल को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किए गए। डीएम द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न स्वरूप हनुमान जी की प्रतिमा भेंट की गई तथा उपस्थित अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभों से रूबरू हुए शिक्षक और कर्मचारी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना और भारतीय स्टेट बैंक के मध्य हुए एमओयू कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में जलालाबाद और मदनापुर के खंड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के सैकड़ों कार्मिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला महामंत्री अनिल गुप्ता और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री उपस्थित रहे। इस दौरान स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक दुर्गेश यादव और उनकी टीम (प्रवीण यादव व सूरज प्रताप सिंह) ने योजना के



तकनीकी पहलुओं और उससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि कैशलेस योजना के तहत अब पात्र कार्मिकों को इलाज के लिए जेब से खर्च करने की चिंता नहीं रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं, अनुदेशक, शिक्षा मित्र और रसोइया उपस्थित रहे, जिन्होंने योजना के प्रति गहरी रुचि दिखाई। इस पहल से शिक्षकों के स्वास्थ्य सुरक्षा कवच को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैंसलेश चिकित्सा योजना का हुआ शुभारंभ

**तहसील सभागार में दिखाया गया लाइव प्रसारण**
**प्रत्येक ब्लॉक को दिए गए पांच-पांच डमी कार्ड**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का वाराणसी में हुए शुभारंभ कार्यक्रम का तहसील सभागार में शिक्षकों को लाइव प्रसारण दिखाया गया । तदोपरांत एसडीएम , जनप्रतिनिधियों द्वारा चारों ब्लॉकों के शिक्षकों को फिलहाल पांच पांच डमी कार्ड दिए गए। बुधवार को तय शुदा कार्यक्रम के मुताबिक तहसील सभागार में एसडीएम जीत सिंह राय व जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में शुरू हुए कार्यक्रम में सर्व प्रथम सुबह दस बजे वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का तहसील की ब्लॉक तिलहर , कटरा खुदागंज , जैतीपुर व निगोही के बीईओ के सानिध्य में मौजूद रहे बेसिक शिक्षा



विभाग के अंतर्गत शिक्षक , शिक्षामित्र , अनुदेशक व रसोईया आदि को लाइव प्रसारण दिखाया गया। तदोपरांत प्रत्येक ब्लॉक के शिक्षक प्रतिनिधियों को पांच पांच डमी कार्ड उपलब्ध कराए गए । कैशलेस चिकित्सा का शुभारम्भ किया गया जिसमें तिलहर ब्लॉक प्रमुख कविता यादव , जैतीपुर ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप ,कटरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र गुप्ता लल्ला , निगोही ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता , तिलहर के ब्लॉक तिलहर, जैतीपुर,कटरा खुदागंज, निगोही से खंड शिक्षा अधिकारी नगेंद्र कुमार , यशवंत सिंह , रमेश पंकज , हेमेंद्र सिंह राजेन्द्र प्रसाद लेखाकार के अलावा बीआरसी स्टॉफ के लोग शामिल रहे।

## खाली सिलेंडर दिए बिना भरा गैस सिलेंडर ले गया उपभोक्ता, सीसीटीवी में कैद

**सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सिधौली स्थित अजय इंडेन गैस एजेंसी पर बुधवार को एक उपभोक्ता भरा हुआ गैस सिलेंडर लेने के बाद खाली सिलेंडर जमा किए बिना ही वहां से चला गया। शाम करीब पांच बजे एजेंसी में सिलेंडरों का मिलान किया गया तो एक खाली सिलेंडर कम मिला। इसके बाद एजेंसी कर्मचारियों ने पूरे मामले की जांच शुरू की।

गोदाम प्रभारी दानिश ने बताया कि रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिलने पर एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में स्पष्ट दिखाई दिया कि एक व्यक्ति भरा हुआ गैस सिलेंडर लेकर चला गया, लेकिन उसके बदले खाली सिलेंडर जमा नहीं कराया। इसके बाद एजेंसी की ओर से संबंधित उपभोक्ता के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर उसे मामले की जानकारी दी गई और जल्द से जल्द खाली सिलेंडर एजेंसी में जमा कराने के लिए कहा गया।

एजेंसी कर्मचारी का कहना है कि अधिकांश उपभोक्ता नियमानुसार खाली सिलेंडर जमा कर नया सिलेंडर प्राप्त करते हैं, लेकिन इस तरह की लापरवाही से रिकॉर्ड प्रभावित होता है और अनावश्यक परेशानी होती है। एजेंसी कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस सिलेंडर लेते समय निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें तथा भरे हुए सिलेंडर के बदले खाली सिलेंडर अवश्य जमा करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

## आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 15 को

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा के आईटीआई में 15 जुलाई को अप्रेंटिस मेले का आयोजन होगा। युवाओं को रोजगारपरक कौशल सीखने व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप मेला सोमवार को प्रातः ग्यारह बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में सरकारी व गैर सरकारी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी पोटर्ल पर अपना पंजीकरण कराकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि संस्थान पर भी एक निःशुल्क पंजीकरण कांउन्टर खोला गया है। प्रशिक्षार्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों व एक फोटो के साथ पंजीकरण करा सकते हैं।

## पुलिस ने नागरिकों से किया संवाद, समस्याएं सुनकर समाधान का दिया भरोसा



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने क्षेत्र के नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही नागरिकों से आपसी सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से पुलिस को अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए थाना प्रभारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

## गर्भाशय कैंसर के लिए जागरूकता अभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उड़ान एक उम्मीद संस्था ने श्याम लाल अंगने लाल बालिका विद्यालय में गर्भाशय कैंसर के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया। डा. संगीता मोहन ने छात्राओ को गर्भाशय में होने वाले कैंसर की भप्रवहता और उससे बचाव के लिए वैक्सीन की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी। साथ ही बालिकाओ में होने वाली और भी बीमारियों से बचाव और इलाज की जानकारी दी। ज्ञात हो कि गर्भाशय का कैंसर बहुत आम है, पहले इसकी वैक्सीन विदेशों से आती थी और काफ़ी महंगी भी थी। साथ ही तीन डोज़ लगाई जाती थी, पर अब वैक्सीन भारत में ही बनने लगी है। अन्य कहीं लगवाने पर इसकी क़ीमत लगभग 4 हजार रुपए आती है, सरकार ने इसे निःशुल्क सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक केन्द्रों पर मुहैया करा दी है और अब यह टीका एक ही बार लगता है। अभी यह टीका



सिर्फ़ 14 वर्ष की बच्चियो के लिए उपलब्ध है और अगर आप सबकी जागरूकता रही हो यह टीका 9 से 14 वर्ष तक की आयु के लिए निःशुल्क़ लगने लगेगा। अब समाज को जागरूकता की जरूरत है, हमारी सरकार इतना कुछ कर रही है तो देश का नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता है कि कम से कम दी हुई सुविधा का लाभ उठाने की प्रक्रिया में तो शामिल हो। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि संस्था शहर के सभी स्कूलों में ये जागरूकता कैम्प लगाएगी और जो बच्चिया टीकाकरण के लिए तैयार होगी। उन्हें अपने वाहनो द्वारा अस्पताल या फिर केन्द्रों पर स्वयं ले जाएगी। इस अवसर पर संस्था की सचिव रेखा मोदी , डा. संगीता मोहन, सहसचिव रश्मि गुप्ता और स्कूल की प्रधानाध्यापिका अंजू सिंह उपस्थित रही।

## ओवररेटिंग पर लगेगी लगाम, क्यूआर कोड से भुगतानः एआर कॉपरेटिव

- जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सहकारिता विभाग द्वारा खरीफ अभियान 2026-27 में 1 अप्रैल से लेकर अब तक 24662 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को किया गया है। गत वर्ष इसी अवधि में 21623 मीट्रिक टन का वितरण हुआ है। जो गत वर्ष से 3000 मीट्रिक टन अधिक है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीफ अभियान में यूरिया का वितरण 15 प्रतिशत अधिक हुआ है। जिले की सहकारी समितियों पर यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सहकारी समितियों एवं उर्वरक विक्री केन्द्रों पर लगभग 4500 मीट्रिक टन यूरिया का स्टाक उपलब्ध है जिसका वितरण नियमानुसार कृषकों को लगातार किया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में बफर गोदाम पीसीएफ में 6200 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। डीएम के आवंटन कराते हुए सहकारी समितियों को यूरिया भेजी जा रही है। बुधवार को एनएफएल, इन्डोरमा और मैट्रिक्स प्रालि की लगभग 1025 मीट्रिक टन यूरिया रैक जनपद में प्राप्त हो रही हैं। जिसका आवंटन सीधे सहकारी समितियों को किया जा रहा है। इसी प्रकार से फास्फेटिक डीएपी एवं एनपीके का सहकारी समितियों को लगभग 4500 मीट्रिक टन का प्रेषण किया गया है,जिसका नियमानुसार वितरण कराया जा रहा है, जो गतवर्ष के लगभग बराबर है। वर्तमान समय में जनपद के सहकारिता विभाग के सहकारी समितियों एवं पीसीएफ बफर गोदाम में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, जिसका वितरण किसानों की मांग एवं मानक के अनुसार वितरण किया जा रहा है।



> जनपद में यूरिया को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कालाबाजारी व ओवर रेटिंग रोकने को अब सहकारी समितियों पर क्यू आर कोड लगाए गए हैं। इससे किसान सीधे भुगतान कर सकते हैं।
>
> -डा. गणेश गुप्ता, सहायक अयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता

**किसानों से अपीलः** किसानो से अपील की गई है कि उर्वरक खरीद के लिए सहकारी समिति पर अपना फार्मर आईडी एवं खतौनी लेकर जाए तथा उर्वरक निर्धारित मानक एवं आवश्यकतानुसार ही क्रय करें। जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है साथ ही लगातार उर्वरक की रैक भी प्राप्त हो रही है। साथ ही अवगत कराना है कि उर्वक वितरण में पारदर्शिता के लिए सभी सहकारी समितियों पर क्यूआर कोड उपलब्ध करा दिया गया है। किसान उर्वरक क्रय मूल्य का भुगतान डिजिटल प्लेटफार्म पर भी कर सकते है।

## खबरें एक नजर में

### पक्के नाले से अतिक्रमण व जनरेटर हटाने को दी पालिका ने हिदायत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर में जल निकासी समस्या के मद्देनजर नालों की मरम्मत व तल का ढाल दुरुस्त करने में आर रही अतिक्रमण की बाधा के चलते मकान स्वामी को नोटिस जारी कर कार्यवाही की हिदायत दी गई है। पालिका प्रशासन ने गुरगंवा कालोनी ब्लॉक रोड निवासी कुलदीप शर्मा पुत्र जगदीश को जारी नोटिस में ब्लॉक रोड पर सरकारी नाले पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के मद्देनजर उनके द्वारा मकान के आगे सरकारी पक्के नाले पर अवैध रूप से निर्माण करके एवं नाले के आगे सड़क पटरी पर दो बड़े कैनोपी जनरेटर रखकर अतिक्रमण कर लिया है। जिसे अतिक्रमण मुक्त किए जाने की हिदायत दी गई है। नगर की जल निकासी समस्या समाधान किये जाने हेतु जनहित में पालिका द्वारा नगर के कतिपय नालों का नवनिर्माण एवं पुराने बने नालों के तल का ढाल सही किये जाने हेतु मरम्मत / जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। अतिक्रमण होने से नाला निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। नोटिस प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर पक्के नाले पर किये गये अवैध निर्माण व नाले आगे की सड़क पटरी पर रखे दो बड़े कैनोपी जनरेटर को स्वयं हटा लेंने की हिदायत देते हुए लिखित सूचना पालिका देने के निर्देश दिए हैं । साथ ही अन्यथा की स्थिति में उनके खिलाफ कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी है।

### अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध पुलिस चार्ज सीट दाखिल करने के बाद भी नगर पंचायत व प्रशासन द्वारा नहीं की गई कार्रवाई

**कांट, शाहजहांपुर।** सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके भाइयों सहित 22 लोगों के विरुद्ध बीते 21जुलाई को कांट कोतवाली में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी लेकिन पुलिस द्वारा चार्ज शीट दाखिल करने के बाद भी नगर पंचायत व प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही आज तक नही हो सकी।नगर पंचायत के लिपिक नितिन शर्मा ने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रईस खां, उनके भाइयों शहजाद खां, शकील, रिजवान खां, रजी अहमद खां, शफी अहमद खां, मंसूर खां तथा कांट निवासी जुग्गन, इशाक अली, शाकिर अली, सबीदराज खां, कवि दराज खां, पप्पू , इकरार खां, इस्लाम खां, मुमताज अहमद खां, फूलबानो, इब्ने, इन्ने, बदिता वर्मा, ललित और सुल्तान खां के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त लोगो ने अभायन मोड़ के पास स्थित नगर पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें बना ली गईं थीं। राजस्व विभाग द्वारा जमीन की पैमाइश की गई तो कब्जा अवैध पाया गया था। लेकिन कोई ठोस कार्यवाही न होने से कुछ अतिक्रमणकारियों के हौसले फिर से बुलन्द हो गए और फिर से अवैध अतिक्रमण करना शुरू कर दिया था। जबकि मुकदमा दर्ज हुए लगभग 11 माह हो चुके है। पुलिस जांच रिपोर्ट में आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में चार्ज सीट दाखिल की जा चुकी है। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया अतिशीघ्र कार्रवाई करके जल्द ही नगर पंचायत द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जाएगा।



## 12 जुलाई को होगा वृक्षारोपण महायज्ञ, तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2026-27 में वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी कियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में की गई। डीएम ने 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। 12 जुलाई को सुब 7 बजे से शाम 6 बजे तक जनपदभर में पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। अभियान




के अंतर्गत ऊर्जावन, समरस वन, अविरल धारा वन सहित विभिन्न थीम आधारित वनों का विकास किया जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा समन्वय संबंधी आवश्यकता होने पर संबंधित नोडल अधिकारी से तत्काल संपर्क कर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जनपद की विभिन्न विकास खंडों एवं नगर निकायों में प्रस्तावित वृक्षारोपण की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बंडा, पुवायां, सिंधौली, भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, जलालाबाद, मिर्जापुर, तिलहर, खुदागंज तथा निगोही क्षेत्र की ग्राम पंचायतों एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर लगाए जाने वाले पौधों की संख्या, स्थान तथा तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । सभी पौधरोपण स्थलों पर गड्ढों की खुदाई का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए तथा पौधों के उठान से संबंधित समस्त कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएं, ताकि अभियान के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रत्येक पौधे की जियो-टैगिंग अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे वृक्षारोपण अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पौधों के संरक्षण की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, डीएफओ सचिन कुमार, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार तथा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किए जाने पर ब्राह्मण समाज ने जताई खुशी

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए जाने के निर्णय पर क्षेत्र के ब्राह्मण समाज में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खिरिया स्थित ब्राह्मण नेता अनुज द्विवेदी के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नाम परिवर्तन की पहल को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने वाले भूपेंद्र सिंह भन्नू के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नेता अनुज द्विवेदी, जिन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद का करीबी माना जाता है, ने कहा कि भूपेंद्र सिंह भन्नू की पहल और मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से यह महत्वपूर्ण निर्णय संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि परशुरामपुरी नाम मिलने से क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी और विकास को भी नई दिशा प्राप्त होगी। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि इस निर्णय का स्वागत केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के व्यापारी एवं आम नागरिक भी कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह निर्णय क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने वाला है। इस अवसर पर दिनेश द्विवेदी, चिरंजीव शुक्ला, राकेश अवस्थी, विमलेश द्विवेदी, सुनील पांडेय सहित अन्य सनातन प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

- धार्मिक भावनाएं आहत करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर 5 जुलाई 2026 को लखनऊ में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के शो के दौरान भगवान श्री बजरंगबली के स्वरूप के कथित अपमान के मामले में निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की



मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि रोड शो के दौरान भगवान श्री हनुमान के स्वरूप में मौजूद व्यक्ति के हाथ में राजनीतिक दल का झंडा देकर नृत्य कराया गया, जिससे करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। संगठन का कहना है कि किसी भी देवी-देवता अथवा धार्मिक प्रतीक का राजनीतिक प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग किया जाना अनुचित है तथा इससे सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित हो सकता है। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा यदि जांच में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने अथवा कानून का उल्लंघन सिद्ध होता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी राजनीतिक दल या संगठन द्वारा देवी-देवताओं एवं धार्मिक प्रतीकों के अनुचित राजनीतिक उपयोग पर प्रभावी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। संगठन ने प्रशासन से आग्रह किया कि करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मामले में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी अंकित हैं।

# शाहजहांपुर देगा खेल प्रतिभाओं को नई दिशा-नई उड़ान की दिशा में एक उपलब्धिः डीएम

- 26.33 करोड़ की लागत से बन रहे स्पोर्ट्स स्टेडियम का डीएम ने किया निरीक्षण
- 19 जुलाई को प्रस्तावित लोकार्पण की तैयारियां तेज करने के निर्देश



**शाहजहापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 26.3276 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम का डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बामनिया, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड के एपीएम श्याम, यूपी सिडको के सहायक अभियंता परवेज आलम, जूनियर इंजीनियर अग्रसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।डीएम ने सर्वप्रथम निर्माणाधीन तरणताल स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया। उन्होंने पूल में पानी की गहराई का स्पष्ट अंकन कराने, सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला क्रीड़ा अधिकारी को तैराकी प्रशिक्षण की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक पुरुष एवं एक महिला तैराकी प्रशिक्षक को तथा एक जीवन रक्षक लाइफ गार्ड को मानदेय पर नियुक्त किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने बैडमिंटन हॉल, कबड्डी हॉल तथा 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निरीक्षण किया। उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने आगामी 19 जुलाई को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा प्रस्तावित लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्घाटन से पूर्व स्टेडियम में उपलब्ध कराई जा रही सभी खेल सुविधाएं पूर्ण रूप से तैयार, सुरक्षित तथा उपयोग के लिए उपयुक्त स्थिति में होनी चाहिए।

डीएम ने स्टेडियम में विकसित की जा रही आधुनिक एवं आकर्षक खेल सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह खेल परिसर जनपद के खिलाड़ियों के लिए नई पहचान स्थापित करेगा। यहां उपलब्ध होने वाली विश्वस्तरीय सुविधाओं से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त होगा तथा वे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शाहजहाँपुर में खेल प्रतिभाओं को नई दिशा और नई उड़ान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी।

## राज्य सेक्टर की योजना को आवेदन आमंत्रितः भानु चंद्रा



**शाहजहांपुर।** सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 मे मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की निम्नलिखित योजना के अंतर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल 24 जुलाई तक पुनः खोला जा रहा है। इसमें निषादराज बोट सब्सिडी योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विवरण को विभागीय वेवसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त योजना में यदि भविष्य मे कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रविधान लागू होंगे। योजना मे पूर्व के वर्षों में निरस्त व प्रतीक्षारत आवेदन वाले आवेदक पुनः आवेदन कर सकते है। इसके अतिरिक्त योजना के सम्बन्ध में मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य विकास भवन के कक्ष संख्या 201 में किसी भी कार्य दिवस मे जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## जेल से जमानत पर रिहा अपराधी पर जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनवाने का आरोप

- शिकायतों के बाद भी पुलिस खामोश



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** परौर थाना क्षेत्र के ग्राम मंझा देहेलिया निवासी सावेंद्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के शातिर अपराधी पर जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनवाकर गांव में आतंक फैलाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जेल से जमानत पर रिहा हुए शातिर अपराधी अजयपाल पुत्र ख्याली निवासी ग्राम मंझा देहेलिया थाना परौर ने जम्मू कश्मीर प्रांत से शस्त्र लाइसेंस बनवाकर रायफल खरीद ली है। आरोप है कि इस शातिर अपराधी के विरुद्ध अभी भी परौर थाने के अलावा बदायूं जिले के कई थानों में गंभीर धाराओं के मुकदमें दर्ज हैं। जिनमें यह वांछित चल रहा है। आरोप यह भी है कि राजनैतिक संरक्षण प्राप्त यह अपराधी रामगंगा और गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय बने हुए हैं। क्षेत्र में भय और आतंक का वातारण बनाने के लिए सोशल मीडिया पर राइफल के साथ फोटो वायरल कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से जम्मू कश्मीर से बने शस्त्र लाइसेंस की शिकायत की जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एनएचएआई ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

- पक्का निर्माण कर चुके लोगों को दिया जाएगा एक पखवाड़े का नोटिसः इन्द्रेश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एनएचएआई ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हाईवे किनारे अतिक्रमण कर खोखानुमा दुकान एवं ठेले लगाने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान कुछ दुकानदारों की एनएचएआई टीम से नोकझोंक भी हुई। गौरतलब है कि हाईवे स्थित भक्सी तिराहे पर अक्सर होने वाले सड़क हादसों को लेकर एनएचएआई के अधिकारी कई बार सड़क के किनारे अतिक्रमण कर दुकान लगाने एवं साइड पटरी पर ठेले लगाने बालों स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लेंने की हिदायत दे चुके हैं। बुधवार को एनएचएआई के नियंत्रण कक्ष अधिकारी इंद्रेश यादव के सानिध्य में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि बीते तीन दिनों से अतिक्रमण हटाने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। बुधवार को एनएचएआई की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान कई बार दुकानदारों ने नाराजगी जताते हुए नोंकझोंक की। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने लोगों को समझा कर शांत किया। और हिदायत दी कि दोबारा अतिक्रमण न किया जाए। एनएचएआई के नियंत्रण कक्ष अधिकारी इंद्रेश यादव ने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा पक्का अतिक्रमण कर लिया गया है जिनको 15 दिन का समय देते हुए नोटिस जारी किए जा रहे हैं यदि वह स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो उनकी टीम अतिक्रमण हटबा कर उनके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराएगी।

## सांड की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार की मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- रविवार को जैतीपुर रोड पर भुडेली के पास हुआ था हादसा

चार दिन पूर्व सांड की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार व्यक्ति की चौथे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। गौरतलब है कि रविवार शाम तिलहर जैतीपुर रोड पर गांव भुडेली के समीप नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी कल्लू पुत्र मोती 35 साथ संत राम के साथ बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान अचानक सांड आ जाने से बाइक उससे टकरा गई। जिसमें कल्लू को गम्भीर रूप से घायल होने पर सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। कल्लू ने बुधवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।

## खबरें एक नजर में

### केमिकल से हरी की जा रही थी खराब सौंफ, जलालाबाद में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**दो फार्मों पर हुई छापेमारी जीरा समेत 8 मसालो के भेजे गए सैंपल**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जनपद के जलालाबाद कस्बे में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। गुनारा गांव स्थित होरीलाल गुप्ता की फैक्ट्री पर छापेमारी के दौरान खराब सौंफ को सिंथेटिक केमिकल के जरिए हरी और नई बनाकर बेचने का खुलासा हुआ है। खाद्य सहायक आयुक्त विनीत कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में टीम ने मौके से 40 क्विंटल खराब सौंफ और लगभग साढ़े पांच किलो खतरनाक सिंथेटिक केमिकल बरामद किया। जांच में पता चला कि आरोपी अलग-अलग बाजारों से सस्ती और खराब सौंफ खरीदकर लाते थे और उसे हानिकारक केमिकल में भिगोकर आकर्षक और हरा बना देते थे, ताकि उसे नई सौंफ बताकर ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार, सौंफ को रंगने में इस्तेमाल किया जाने वाला यह केमिकल स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है और इसके सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विभाग ने मौके से सौंफ और केमिकल के नमूने सील कर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिए हैं। इस अभियान के तहत टीम ने जलालाबाद के गंगा एक्सप्रेसवे के निकट केबी फूड्स फर्म पर भी छापेमारी की, जहां करीब 400 कुंटल जीरा बरामद हुआ। जिसमे टीम ने जीरे समेत कुल आठ मसालों के नमूने एकत्र किए गए हैं। सहायक आयुक्त विनीत कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि मिलावटखोरों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषी पाए जाने वालों पर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रसद खाद विभाग की टीम अजीत सिंह,विवेक कुमार,विनय यादव,सौरभ व सोनू आदि मौजूद रहे।

### जहरीले कीड़े के काटने से सगे भाई-बहन की मौत

**तबीयत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज ले गए परिजन, डॉक्टर बोले- पहले ही हो चुकी थी मौत, रामगंगा किनारे हुआ अंतिम संस्कार**



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में कथित तौर पर जहरीले कीड़े के काटने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है। गांव निवासी अनुज यादव की आठ वर्षीय बेटी सुनैना और पांच वर्षीय बेटा अनमोल घर पर थे। परिजनों के अनुसार, इसी दौरान दोनों को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। शुरुआत में इसकी जानकारी नहीं हो सकी। कुछ देर बाद दोनों बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज, शाहजहांपुर लेकर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों मासूम भाई-बहन की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। रिश्तेदार और ग्रामीण बड़ी संख्या में घर पहुंच गए। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बाद में दोनों बच्चों के शव घर लाए गए, जहां परिजनों और ग्रामीणों ने अंतिम दर्शन किए। इसके बाद रामगंगा नदी के तट पर गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक ही घर से सगे भाई-बहन की एक साथ अर्थियां उठने से हर किसी की आंखें नम हो गईं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी एवं समग्र क्रियान्वयन की दिशा में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभिन्न विषयगत प्रकोष्ठों का गठन किया है। कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से शिक्षण, अनुसंधान, कौशल विकास, नवाचार, छात्र कल्याण तथा भारतीय ज्ञान परंपरा सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेषज्ञ प्रकोष्ठ गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रकोष्ठों के माध्यम से विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों का योजनाबद्ध एवं परिणामोन्मुख क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, रोजगारपरक शिक्षा, शोध संस्कृति के विस्तार, डिजिटल शिक्षण, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा समावेशी शिक्षा को भी नई गति मिलेगी। गठित प्रकोष्ठों में उद्योग-अकादमिक एकीकरण एवं कौशल प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. प्रांजल शाही, ऑनलाइन शिक्षा एवं लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो. मीना शर्मा, शिक्षक प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. प्रभात शुक्ला, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. देवेंद्र सिंह, संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. शालीन कुमार सिंह, एक्टिविटी क्लब के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार यादव, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. आलोक मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय छात्र सहायता प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. नीलू कुमार, दिव्यांग सहायता एवं वंचित समूह सहायता योजना प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. प्रमोद यादव तथा मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. कमलेश गौतम नामित किये गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इन प्रकोष्ठों के गठन से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार, शोध, कौशल विकास और छात्र-केंद्रित शिक्षा को संस्थागत स्तर पर सुदृढ़ आधार मिलेगा तथा विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के नए मानक स्थापित करने की दिशा में और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकेगा।

## बीमारी और शराब की लत से परेशान वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नत्थापुर में बुधवार को एक 60 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है। नत्थापुर निवासी मनोज कोरी ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि उनके पिता 60 वर्षीय रामकिशन कोरी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। परिजनों के अनुसार उन्हें शराब पीने की भी लत थी। बताया गया कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने गांव के मरघट के गेट पर अपने अंगोछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामकिशन के 4 संताने हैं। जिसमें दो बेटों और एक बेटी की शादी हो चुकी हैं। जबकि छोटा बेटा मनोज पिता के साथ ही रहता था।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल की जांच के लिए फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घंटी बजाओ: दो विभाग के पेंच में अंधेरे में स्मार्ट-रोड हैंडओवर प्रक्रिया

- स्मार्ट सिटी के नाम पर 13 करोड़ से बनी स्मार्ट रोड का हाल- बेहाल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिस महानगर के वांशिदो को राज्य स्मार्ट सिटी के बड़े बड़े सपनें दिखाएं गए और सड़कों को स्मार्ट रोड के रुप में बनाया भी गया, लेकिन अफसोस यह है कि आज शहर में एक भी ऐसी सड़क नहीं है, जोकि ढ़ंग से आपका सफर सुगम तय करा सके। कही कही जानलेवा गढ्ढे है तो कही रोडों की हैंडओवर प्रक्रिया ही सालों से अधर में लटकी हुई है। इसमें सबसे मुख्य वो स्मार्ट रोड है, जोकि सुभाषनगर से रिंग रोड नगरिया मोड़ को जोड़ती है। यहां से बड़ी संख्या में यहां से रोजाना वाहनों का आवागमन होता है, जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालय तिलहर से कनेक्ट करती है, लेकिन अफसोस की बात है कि इस रोड को बने हुए दो-तीन साल होने को आए हैं। आज तक रोड की हैंडओवर प्रक्रिया पूरी न की जा सकी है। जिस कारण बेशकीमती रोड का हाल बेहाल हो रखा है। रोड के फुटपाथ पर घास उग आई है, फुटपाथ टूट रहे हैं, साथ जो रोड के बीच में डिवाइडर बने हुए हैं, वो भी क्षतिग्रस्त हो रखे हैं।

> स्मार्ट रोड हैंडओवर प्रक्रिया को लेकर नगर निगम से तमाम बार संपर्क किया गया है, लेकिन वो लोग कह रहे हैं कि लाइटें नहीं जल रही है। जबकि लाइटें जलाने एवं कनेक्शन की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है।
>
> -महेंद्र पाल, पीडब्ल्यूडी

जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा रोपित पौध पेड़ भी सूखने की कगार पर है। जिस कारण स्मार्ट रोड अपने हैंडओवर होने का इंतजार कर रही है। अब यह जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कहे या सिस्टम के लोगों की अनदेखी कि जनता के टैक्स से बनी रोड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है।

बता दें कि पीडब्ल्यूडी ने सुभाषनगर में 900 मीटर रोड 13 करोड़ लागत से बनाई थी। दो से तीन साल की समयावधि बीत चुकी है, लेकिन स्मार्ट रोड नगर निगम को हैंडओवर ने होने से रोड खराब हो रही है। निगम का कहना कि लाइटों को जलाकर पीडब्ल्यूडी कार्यदायी संस्था देगी, जबकि पीडब्ल्यूडी का कहना यह जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। इन विभागों के आपसी पेंच में कब रोड का हैंडओवर होगा, यह एक विचारणीय प्रश्न बनकर रह गया है।

> पीडब्ल्यूडी से अभी सुभाषनगर स्मार्टरोड हैंडओवर नहीं किया गया है। क्योंकि वहां पर जो लाइटें लगाई गई है। वह जल नही रही है, इसको लेकर कई बार पत्राचार किया गया है, लेकिन अभी तक लोड को लेकर कोई कार्य नहीं किया गया है। जल्द फॉलोअप लिया जाएगा।
>
> -सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त

## परचून की दुकान का शटर तोड़कर नकदी व सामान चोरी



**खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार देर रात चोरों ने खुटार-पुवायां मार्ग पर स्थित रामपुर कला में एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए शटर तोड़कर नकदी और बड़ी मात्रा में सामान चोरी कर लिया। घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना क्षेत्र के गांव गेहुआ नवाबी निवासी ऋषिकांत शर्मा की रामपुर कला में परचून की दुकान है। रोजाना की तरह वह मंगलवार शाम दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। बुधवार सुबह दुकान पर पहुंचने पर शटर टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने तत्काल खुटार पुलिस को सूचना दी। पीड़ित के अनुसार, चोरी हुई नकदी और सामान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## मदनापुर विद्युत उपकेंद्र का लोड बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकृत

- किसानों को खाद उपलब्ध कराने के प्रयास तेजः विधायक अरविंद सिंह

**मदनापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गांव पंचायत बरुआ पट्टी सनायक के पंचायत भवन में बुधवार को भाजपा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद सिंह रहे, जबकि वरिष्ठ अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी गुप्ता एवं ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह राठौर ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, क्षेत्रीय विकास, बिजली व्यवस्था, किसानों की समस्याओं तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को प्राथमिकता के साथ उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मदनापुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े गांवों में लंबे समय से ओवरलोडिंग के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। किसानों को सिंचाई और ग्रामीणों को घरेलू बिजली के लिए परेशानी उठानी पड़ रही थी। इस समस्या को देखते हुए उन्होंने शासन एवं विद्युत विभाग को मदनापुर विद्युत उपकेंद्र का लोड बढ़ाने तथा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। इसके




क्रियान्वयन के बाद क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बेहतर होगी और किसानों के साथ आम उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। ढिपिया से अमरोली तक सड़क के डामरीकरण का प्रस्ताव भी स्वीकृत हो चुका है। इसके अलावा अन्य आवश्यक विकास कार्यों को भी चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के किसी भी गांव में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में किसानों के सामने डीएपी एवं यूरिया की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। विधायक ने बताया कि खाद संकट को लेकर प्रशासन को पत्र भेजा गया है और विभागीय अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। कई सहकारी समितियों पर खाद की आपूर्ति शुरू हो चुकी है तथा शेष समितियों पर भी शीघ्र पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि समय पर खाद उपलब्ध कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

वरिष्ठ अतिथि एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियान एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह ने भी क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बरुआ पट्टी सनायक के नवनिर्मित पंचायत भवन की भव्यता और उत्कृष्ट निर्माण की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन का स्वरूप आधुनिक एवं सुविधायुक्त है, जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक आदर्श सार्वजनिक भवन का उदाहरण प्रस्तुत करता है। बैठक में महानगर उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंकज, अवनीश कुमार, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल महामंत्री सचिन प्रताप सिंह, सरोज शुक्ला, राजवीर कनौजिया, दीपक गुप्ता, कृष्णपाल, पवन पाल, ललित कुमार, अनूप सिंह, अर्जुन सिंह, अखिलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



### सार्वजनिक सूचना

मेरा बैनामा स्थित मोहल्ला घेर चौबा कस्बा व तहसील तिलहर जिला शाहजहाँपुर। दिनांक 15.04.2009 बही प्रथम जिल्द 3605 पृष्ठ 191 से 220 क्रमांक 3071, जिसका दफा 60 वाला पेज कहीं वास्तव में खो गया है। जो कि राजेश्वर दयाल से श्रीमती मीरा देवी, निवासी मोहल्ला खलील कटरा परगना व तहसील तिलहर जिला शाहजहाँपुर ने खरीदा था। जिस किसी को मिले, मेरे वकील से संपर्क करें। **मुकेश कुमार एडवोकेट, मोबाइल नं. 8299545364**

## शर्मसार हैं हम

अब आए दिन देश के प्रिंट मीडिया से लेकर अन्य सूचना माध्यमों में यौन अपराधों की विचलित करने वाली घटनाएं सुर्खियों में रहती हैं। यौन लिप्साओं का यह विस्फोट विचलित करने वाला है। कोई निर्भया, किसी के साहस के बूते अपने साथ हुए अन्याय को उजागर कर देती है, वहीं देश की अनेक निर्भयाएं यौन हिंसा व क्रूरता के बावजूद गुमनामी के अंधेरे में त्रास झेलने को अभिशप्त हो जाती हैं। हाल की दो घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में बारह वर्षीय बालिका को चार दिन बंधक बनाकर दो दर्जन लोगों द्वारा दुराचार किया गया। इस मामले में 18 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं और कुछ गिरफ्तारियां बाकी हैं। दूसरी घटना पश्चिम बंगाल की है जहां बारुईपुर में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। शव परीक्षण में पाया गया कि उसके सिर व निजी अंगों पर गंभीर चोटें थी। इतना ही नहीं, दुराचार के बाद उसे बोरे में बंद करके जिंदा ही तालाब में डुबो दिया गया। दोनों ही घटनाएं विचलित करने वाली हैं, लेकिन श्रीगंगानगर की घटना हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली है। जनाक्रोश के चलते प्रशासन ने न केवल 18 लोगों को गिरफ्तार किया बल्कि उन होटलों को भी ध्वस्त किया गया जहां अलग-अलग जगहों में बच्ची को बंधक बनाकर देह व्यापार कराया गया। निस्संदेह, मोबाइल के बढ़ते हस्तक्षेप से परिवार संस्था की चूलें हिली नजर आती हैं। कथित सोशल मीडिया समाज में विद्रूपताओं को जन्म दे रहा है। श्रीगंगानगर की बारह वर्षीय लड़की शहर से सौ किमी दूर अपने एक इंस्टाग्राम फ्रेंड से मिलने जाती है, जो उससे वहां दुराचार करता है। वहां से देर रात शहर लौटने पर एक रिक्शेवाले के झांसे में आकर होटल पहुंचती है और फिर उसके साथ दुराचार का अंतहीन सिलसिला शुरू हो जाता है। परिजनों के लापता किशोरी के तलाश में थाने पहुंचने के बाद पुलिस हरकत में आती है, फिर उसे मुक्त कराया जाता है। निःसंदेह, ये घटनाएं इंसानियत को शर्मसार करने वाली हैं। इस राक्षसी कृत्य से उद्वेलित लोग श्रीगंगानगर की सड़कों पर उतर आए। क्षुब्ध लोगों ने मशाल जुलूस निकालकर कानून के रखवालों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जनाक्रोश को देखते हुए 18 लोगों की गिरफ्तारी हुई। कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। लेकिन सवाल यह कि भारतीय समाज में हो रहे यौन लिप्साओं के विस्फोट की वजह क्या है? ये नैतिक पतन की पराकाष्ठा क्यों हो रही है? हवस के भूखे भेड़िए न उम्र देखते हैं, न किसी बेटी की बेबसी। उस किशोरी के साथ हुई बर्बरता के बारे में सोचकर भी रूह कांपती है। जो शायद ही जीवनभर इस त्रासदी से उबर पाये। कहीं न कहीं इंटरनेट व सोशल मीडिया पर यौन स्वच्छंदता की पश्चिम की आंधी हमारे समाज को पतित कर रही है। हमारे परंपरागत शुचिता के रिश्तों को तार-तार करके निरंकुश यौन व्यवहार को तार्किक बताने की साजिश रची जा रही है। हम बच्चों को रामराज के संस्कार देते हैं, जबकि समाज में दानवराज का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। बच्चों को भी त्याग-तपस्या से लालन-पालन करने वाले मां-बाप की बजाय आभासी दुनिया के छद्म मित्र रास आ रहे हैं। जिसके सम्मोहन में यह किशोरी घर से निकली और उसका पहला शिकार बनी। हवस के भेड़िये भी परिस्थितियों की मारी लड़कियों को ही अपने शिकंजे में लेते हैं। ऐसे में बेटियों को भी घर से निकलते वक्त समय की संवेदनशीलता और लोगों की विश्वसनीयता को परखना चाहिए। घर वालों से चोरी-छिपे अनजान लोगों पर यकीन करने की वजह से अकसर बेटियां अपराधियों की आसान शिकार बनती हैं। यौन अपराधों के उफान के दौर में पुलिस और स्त्री रक्षा से जुड़ी एजेंसियों को भी नये दौर की नई चुनौतियों के मुताबिक तैयार करना होगा। इसमें चाइल्ड वेलफेयर से जुड़ी संस्थाओं की सजगता-सक्रियता बढ़ाने तथा पॉक्सो व जुवेनाइल जस्टिस एक्ट को सख्त बनाने की जरूरत है। अभिभावक व स्कूल-कालेज बच्चियों को यौन-हिंसा से बचने और आत्मरक्षा से जुड़े विषयों पर गंभीर चर्चा करें। यदि इस दिशा में गंभीर पहल नहीं हुई तो पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर लगाए जा रहे 'रेप कैपिटल' के आरोप हकीकत समझे जाने लगेंगे।

# उ.प्र. निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना ने संवारा श्रमिक परिवारों का भविष्य

गिरीश्वर मिश्र

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के आर्थिक और भौतिक विकास की रीढ़ माने जाने वाले निर्माण श्रमिकों के हितों की रक्षा और उन्हें एक सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। बुनियादी ढांचे के निर्माण में दिन-रात पसीना बहाने वाले ये पंजीकृत श्रमिक अक्सर कार्यस्थलों पर अप्रत्याशित जोखिमों और दुर्घटनाओं के साये में काम करते हैं। ऐसे में, यदि किसी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के कारण श्रमिक की मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से दिव्यांग हो जाता है, तो उस परिवार की आजीविका छिन जाती है।

इसी विषम परिस्थिति को भांपते हुए प्रदेश सरकार ने इस अत्यंत कल्याणकारी योजना को धरातल पर उतारा है, ताकि किसी भी अनहोनी की स्थिति में पीड़ित परिवार को तत्काल और पर्याप्त आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सके। यह योजना प्रदेश सरकार की उस संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जो समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने और संकट के समय उसे सम्मानजनक जीवन का संबल देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

शासन की जन कल्याणकारी नीतियां जब प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली से जुड़ती हैं, तो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समृद्धि और संतोष स्वतः पहुंच जाता है और शासन का उद्देश्य भी अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर लेता है। इसी कड़ी में जनपद फिरोजाबाद में शासन के निर्देशानुसार समाज के सबसे कर्मठ और श्रम साधक वर्ग निर्माण श्रमिकों के आश्रितों को पूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत आपदा या दुर्घटना के शिकार हुए निर्माण श्रमिकों के पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए प्रशासन द्वारा एक अत्यंत संवेदनशील मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए त्वरित कदम उठाए गए हैं।

जनपद फिरोजाबाद में हाल ही में दुर्घटना के शिकार हुए दस निर्माण श्रमिकों के आश्रित परिवारों को आपदा की इस घड़ी में बहुत बड़ा संबल प्रदान किया गया है। प्रशासन की त्वरित तत्परता के चलते इन सभी परिवारों के लिए कुल 52 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गयी है, जिसे सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किये जाने की प्रक्रिया अपनायी गयी है।

शासन द्वारा इस योजना को बेहद पारदर्शी और सुलभ बनाया गया है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (UPBOCW) में पंजीकृत श्रमिकों के साथ-साथ मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत श्रमिक भी इस सुरक्षा चक्र का सीधा लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इन पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के परिवारों को वित्तीय संकट से उबारने के लिए यह योजना संकट की घड़ी में एक वास्तविक हमसफ़र की भूमिका निभा रही है।



*इस योजना के वित्तीय प्रावधानों के तहत कार्यस्थल पर या दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ ही, पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की धनराशि अलग से अंत्येष्टि (अंतिम संस्कार) हेतु प्रदान की जाती है। इस प्रकार प्रत्येक प्रभावित परिवार को कुल 5 लाख 25 हजार रुपये की सम्मानजनक धनराशि प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई कामगार किसी दुर्घटना के चलते आंशिक या पूर्ण रूप से दिव्यांग हो जाता है, तो उसे उसकी दिव्यांगता की प्रकृति के अनुसार आर्थिक अनुदान दिया जाता है, जिससे वह अपनी चिकित्सा और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम हो सके। योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अत्यंत सुरक्षित और पारदर्शी भुगतान प्रणाली है। स्वीकृत की गयी सम्पूर्ण धनराशि का सीधे उपयोग न करके प्रशासन द्वारा इसे श्रमिक के परिवार के नाम फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) करा दिया जाता है। सरकार द्वारा किया गया यह विशेष प्रावधान इसलिए है ताकि कोई भी बिचौलिया या दलाल सीधे-साधे गरीब परिवारों के पैसों का गबन न कर सके और सहायता का शत-प्रतिशत लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचे। इस योजना के तहत आश्रित परिवारों को इस फिक्स्ड डिपॉजिट की राशि से अगले आठ वर्षों तक प्रतिमाह लगभग 11 हजार रुपये की नियमित मासिक आय प्राप्त होती है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से चल सके। सरकार की इस योजना के पीछे मुख्य मंशा यह है कि भले ही हादसे के कारण परिवार ने अपने महत्वपूर्ण कमाऊ सदस्य को खो दिया हो, परंतु आर्थिक तंगी के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और भविष्य प्रभावित न हो। प्रशासन द्वारा इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यमों से जोड़कर इतना सरल और उत्तरदायी बना दिया गया है कि पीड़ित परिवारों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते और सहायता राशि बिना किसी बाधा के सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित हो जाती है। इस समयबद्ध आर्थिक मदद से न केवल आश्रितों को मानसिक और सामाजिक सुरक्षा मिलती है, बल्कि बच्चों की शिक्षा और परिवार के जीवन की निरंतरता भी भंग नहीं होती।*

इस योजना के वित्तीय प्रावधानों के तहत कार्यस्थल पर या दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ ही, पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की धनराशि अलग से अंत्येष्टि (अंतिम संस्कार) हेतु प्रदान की जाती है। इस प्रकार प्रत्येक प्रभावित परिवार को कुल 5 लाख 25 हजार रुपये की सम्मानजनक धनराशि प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई कामगार किसी दुर्घटना के चलते आंशिक या पूर्ण रूप से दिव्यांग हो जाता है, तो उसे उसकी दिव्यांगता की प्रकृति के अनुसार आर्थिक अनुदान दिया जाता है, जिससे वह अपनी चिकित्सा और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम हो सके। योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अत्यंत सुरक्षित और पारदर्शी भुगतान प्रणाली है। स्वीकृत की गयी सम्पूर्ण धनराशि का सीधे उपयोग न करके प्रशासन द्वारा इसे श्रमिक के परिवार के नाम फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) करा दिया जाता है। सरकार द्वारा किया गया यह विशेष प्रावधान इसलिए है ताकि कोई भी बिचौलिया या दलाल सीधे-साधे गरीब परिवारों के पैसों का गबन न कर सके और सहायता का शत-प्रतिशत लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचे। इस योजना के तहत आश्रित परिवारों को इस फिक्स्ड डिपॉजिट की राशि से अगले आठ वर्षों तक प्रतिमाह लगभग 11 हजार रुपये की नियमित मासिक आय प्राप्त होती है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से चल सके।

सरकार की इस योजना के पीछे मुख्य मंशा यह है कि भले ही हादसे के कारण परिवार ने अपने महत्वपूर्ण कमाऊ सदस्य को खो दिया हो, परंतु आर्थिक तंगी के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और भविष्य प्रभावित न हो। प्रशासन द्वारा इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यमों से जोड़कर इतना सरल और उत्तरदायी बना दिया गया है कि पीड़ित परिवारों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते और सहायता राशि बिना किसी बाधा के सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित हो जाती है। इस समयबद्ध आर्थिक मदद से न केवल आश्रितों को मानसिक और सामाजिक सुरक्षा मिलती है, बल्कि बच्चों की शिक्षा और परिवार के जीवन की निरंतरता भी भंग नहीं होती।

जनपद फिरोजाबाद में शासन के मानवीय दृष्टिकोण से लाभान्वित होने वाले श्रमिकों के परिजनों में सरिता पत्नी स्व0 राकेश कुमार, गुड्डी देवी पत्नी स्व0 अखैई राम, दानवती पत्नी स्व0 राजेश, ओमवती पत्नी स्व0 प्रमोद कुमार, विनीता देवी पत्नी स्व0 कर्मवीर सिंह, शिखा पत्नी स्व0 सत्यप्रकाश, हेमलता पत्नी स्व0 सुभाष चन्द्र, गुड्डी देवी पत्नी स्व0 ज्ञान सिंह, और गीता देवी पत्नी स्व0 जगदीश प्रसाद शामिल हैं। इसके साथ ही, शकुन्तला देवी पत्नी स्व0 रवीकांत जो कि मनरेगा जॉब कार्ड धारक श्रमिक हैं, उन्हें भी इस योजना के अंतर्गत पूर्ण लाभ प्रदान कर सुरक्षित किया गया है। इन सभी परिवारों को त्वरित गति से लाभ मिलने से इन्हें कमजोर आर्थिक स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा।

स्थानीय प्रशासन का स्पष्ट मत है कि मानवीय दृष्टि से सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ त्वरित गति से पात्रों को प्रदान किया जाता रहेगा, जिससे उनके परिवार को कमजोर आर्थिक स्थिति का सामना न करना पड़े और उनके बच्चे और परिवार की जिंदगी सुचारू रूप से संचालित होती रहे। संक्षेप में कहा जाए तो, उत्तर प्रदेश सरकार की यह दूरदर्शी पहल न केवल श्रमिकों के श्रम का सम्मान करती है, बल्कि एक कल्याणकारी राज्य की उस अवधारणा को पूरी तरह चरितार्थ करती है, जहां हर नागरिक का जीवन और उसका भविष्य पूरी तरह सुरक्षित, संरक्षित और गरिमापूर्ण है।

विचार

# जनपद रामपुर के ग्राम किरा ने आत्मनिर्भता की ओर बढ़ाये कदम

*राजेश राय*

आज जब आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास की बात होती हैं तो इसकी नींव भारत के गाँवों में ही पाई जाती है। उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर के विकास खण्ड शाहबाद की ग्राम पंचायत किरा ने इस दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए न केवल स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाया है, बल्कि इसमे आर्थिक स्वावलंबन और पर्यावरण संरक्षण का बेहतरीन उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।

प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में ग्राम पंचायतों के सतत् विकास एवं संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रम में जिले में स्थित गौशाला के 769 गौवंशों से दैनिक निकलने वाले लगभग 3,845 किलोग्राम गोबर का सदुपयोग किये जाने के उद्देश्य से यहाँ पर 85 घन मीटर क्षमता वाला बायोगैस प्लांट स्थापित कर संचालित किया गया है, जिससे ग्रामीणों की जीवनशैली में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

**बायोगैस प्लांट की स्थापना :-** गाँव की पंचायत की बैठक में जब ग्राम प्रधान के द्वारा ऊर्जा संकट, मवेशियों से निकलने वाले गोबर का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और आय सृजन के विषय पर चर्चा हुई, तब यह निर्णय लिया गया कि गांव में एक बायोगैस प्लांट स्थापित किया जाए। इसी क्रम में यहाँ पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अन्तर्गत प्राप्त रु. 40.00 लाख की धनराशि से 85 घन मीटर की क्षमता के साथ बायो गैस प्लांट स्थापित किया गया। इस प्लांट के संचालन हेतु प्रतिदिन 2125 किलोग्राम गोबरकी आवश्यकता होती है, जो ग्रामवासियों के सहयोग से जुटाया जाता है। यह पहल ग्रामीणों को न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाती है, बल्कि गोबर की उपयोगिता को भी दर्शाती है।

**ऊर्जा उत्पादन और उसका सदुपयोगः-** इस प्लांट में प्रतिदिन 51 किलोग्राम बायोगैस का उत्पादन हो रहा है, जिसका इस्तेमाल करके 15 केवीए जनरेटर से बिजली का निर्माण किया जा रहा है। अब तक इस प्रणाली से 25200 यूनिट विद्युत उत्पन्न की जा चुकी है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत रु. 2.52 लाख है। इस बायोगैस से बनी बिजली के उपयोग से न केवल ऊर्जा की बचत हुई है, बल्कि बिजली की निर्भरता कम होने से आर्थिक बचत भी हुई है। इस बायोगैस से चारा मशीनचलाने के लिए, गांव की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की प्रकाश व्यवस्था के लिए, गौशाला के सबमर्सिबल पंपों के संचालन हेतु तथा गौशाला के केयरटेकरों के लिए रसोई गैस के रूप में उपयोग की जा रही है।

**स्लरी से आय और ओएसआर में वृद्धि हो रही हैः-** बायोगैस प्लांट में निकली स्लरी अत्यंत पोषक जैविक खाद होती है। ग्राम पंचायत ने इस स्लरी को



उचित मूल्य पर किसानों को बेचकर रु. 53,800.00 की आय अर्जित की है, जिसे पंचायत के ओन सोर्स रेवेन्यू खाते में जमा कराया गया है। यह आय पंचायत के विकास कार्यों में पुनः निवेश की जा रही है, जिसमे एक सतत आर्थिक चक्र की स्थापना हो रही है। ग्राम पंचायत किरा ने बायोगैस प्लांट की सफलता से प्रेरित हो कर कोल्ड प्रेस ऑयल स्पेलर मशीन की स्थापना की योजना बनाई है, जो अब प्रगति पर है। इसके माध्यम से गांव में उगाई गई सरसों से शुद्ध तेल का निष्कर्षण किया जा रहा है।

**ग्राम पंचायत की भूमिका : नेतृत्व, जागरूकता और भागीदारीः-** इस पूरे परियोजना की सफलता का श्रेय ग्राम पंचायत के दूरदर्शी नेतृत्व और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को जाता है। पंचायत ने न केवल तकनीकी सहयोग सुनिश्चित किया, बल्कि ग्रामीणों को जागरूक कर उन्हें इस परिवर्तन का भागीदार भी बनाया। नियमित जनसभाओं, गोष्ठियों और प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से लोगों को बायोगैस के उपयोग, स्लरी के लाभ, स्वच्छता के महत्व और वैकल्पिक ऊर्जा के महत्व के बारे में बताया गया।

**पर्यावरणीय लाभ : हरित क्रांति की ओरः-** बायोगैस प्लांट ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी ठोस कदम उठाया है। इसके कई लाभ हो रहे है। ग्लोबल वार्मिंग में कमी आ रही है। गोबर से निकलने वाला मीथेन गैस वातावरण में नहीं जा रहा है, जिससे ग्रीनहाउस प्रभाव घटा है। खुले में गोबर फैलाने की प्रवृत्ति में कमी आई है, जिससे स्वच्छता में सुधार हुआ है। स्लरी का उपयोग रासायनिक खाद की जगह करने से जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। डीजल जनरेटर की जगह बायोगैस जनरेटर का उपयोग हो रहा है, इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आ रही है।

इस परियोजना का एक अन्य सकारात्मक पहलू यह है कि इससे यहाँ पर रोज़गार भी मिल रहा है। पहले गौशाला में खाना पकाने के लिए लकड़ी और गोबर के उपलों का प्रयोग होता था, जिससे धुएं की समस्या और स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें थी। अब केयरटेकर महिलाओं के लिए बायोगैस से खाना बनाना आसान और स्वास्थ्यवर्धक हो गया है। इसके साथ ही गांव में रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं गोबर एकत्र करने, मशीन संचालन, स्लरी प्रबंधन और तेल उत्पादन जैसे क्षेत्रों में गाँव के लोगों को रोजगार भी मिला है।

ग्राम पंचायत किरा की यह कहानी सिद्ध करती है कि यदि इच्छाशक्ति दूरदृष्टि और सामूहिक प्रयास हो, तो कोई भी गांव आत्मनिर्भर, पर्यावरण के प्रति जागरूक और आर्थिक रुप से सशक्त बन सकता है। बायोगैम प्लांट में न केवल स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन हुआ है, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुधार और आर्थिक समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। ग्राम पंचायत किरा एक मॉडल के रूप में उभरकर सामने आई है, जो अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बना है।


साहित्य



## पेट्रोल का नया अवतार

**संजय एम तराणेकर**

आज पेट्रोल बोला, भाई इथेनॉल,
यूं आजा कर लें थोड़ा-सा धमाल।
सोचते इथेनॉल बोला, ठीक है यार,
अब तो मैं भी हूँ सरकार का प्यार!
मेरी गाड़ी बोली, धीरे-धीरे आना,
मुझको प्रयोगशाला नहीं बनाना।
इंजन बोलता, पहले सोच-विचार,
फिर ना करना ऐसा कोई सुधार।
मालिक बोला, जेब तो बच जाए,
माइलेज भी थोड़ा-सा बढ़ जाए।
मेकेनिक हँसते हुए धीरे से बोला,
मेरा धंधा कौन सँभालेगा भला?
नेता बोले, सब कुछ होगा बढ़िया,
जनता बोली, पहले जोड़े कड़िया!
विशेषज्ञ बोले, करो यहाँ परीक्षण,
फिर दे देना जनता को आश्वासन।
अंत में इसका निकला यही निचोड़,
जल्दबाज़ी में से मिलता है झंझोड़।
हाँ, पहले सोचो, फिर कदम बढ़ाओ,
जनहित वाला ही रास्ता अपनाओ।
हँसते-हँसते आम लोगों ने ये माना,
सोच-समझकर काम है करवाना।
वरना जनता यही कहेगी बार-बार—
पेट्रोल में क्या! मिलाया हैं सरकार!



## राशिफल

**मेषः-** किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**वृषभः-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंहः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।


**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीनः-** बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# चौबीस साल बाद मिला इंसाफ



*अजय कुमार*

लखनऊ की अदालत से आया फैसला केवल एक चर्चित हत्या के मुकदमे का अंत नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था के सबसे लंबे और चर्चित आपराधिक मुकदमों में से एक की निर्णायक परिणति भी है। करीब 24 साल तक चली सुनवाई, सैकड़ों तारीखें, बदलते हालात, गवाहों की मौत और लंबी कानूनी लड़ाई के बाद विशेष सीबीआई अदालत ने अधिवक्ता और लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह की हत्या के मामले में शूटर विक्रम यादव उर्फ कालिया, पन्ना सिंह और बृजेश कुमार यादव उर्फ मुन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने विक्रम यादव और बृजेश यादव पर 60-60 हजार रुपये तथा पन्ना सिंह पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। साथ ही निर्देश दिया कि जुर्माने की 80 प्रतिशत राशि मृतक की पत्नी नयनतारा को दी जाएगी। 8 अगस्त 2002 की सुबह लखनऊ के जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे हुई यह हत्या उस समय पूरे प्रदेश में सुर्खियों में आ गई थी। इंद्रदेव सिंह रोज की तरह अपने घर से कचहरी के लिए निकले थे। जैसे ही वह जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे पहुंचे, पहले से घात लगाए स्कूटर सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दिनदहाड़े हुई इस हत्या ने वकालत जगत में भारी आक्रोश पैदा कर दिया। पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं ने आंदोलन शुरू कर दिया और सरकार पर मामले की निष्पक्ष जांच का दबाव बढ़ गया। इसी दबाव के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 11 अगस्त 2002 को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश की और 4 सितंबर 2002 को केंद्र सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। हत्या के तुरंत बाद इंद्रदेव सिंह की पत्नी नयनतारा ने कैसरबाग कोतवाली में तत्कालीन मंत्री रामकुमार वर्मा, सुरजन लाल वर्मा, डॉ. सुषमा वर्मा और सुरेश वर्मा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि सीबीआई की विस्तृत जांच में इन चारों के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। इसके बाद जांच की दिशा पूरी तरह बदल गई। सीबीआई ने तकनीकी साक्ष्यों, गवाहों के बयान और आर्थिक लेन-देन की पड़ताल के आधार पर छह नए आरोपियों को चिन्हित किया। इनमें विक्रम यादव उर्फ कालिया, पन्ना सिंह, बृजेश कुमार यादव, मुन्नालाल गुप्ता, वेद प्रकाश उर्फ नेता और छोटेलाल उर्फ छोटू यादव शामिल थे। मुकदमे के दौरान मुन्नालाल, वेद प्रकाश और छोटेलाल की मृत्यु हो गई, जबकि बाकी तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलता रहा। सीबीआई की चार्जशीट ने इस हत्याकांड की पूरी साजिश का खुलासा किया। जांच में सामने आया कि हत्या किसी अचानक हुए विवाद का परिणाम नहीं थी, बल्कि इसकी योजना जुलाई 2002 में बनाई गई थी। बृजेश यादव ने इंद्रदेव सिंह की हत्या की पूरी रूपरेखा तैयार की। छोटेलाल उर्फ छोटू को हत्या कराने के लिए 50 हजार रुपये की सुपारी दी गई, जिसमें 10 हजार रुपये एडवांस दिए गए। वारदात के लिए जिस स्कूटर का इस्तेमाल होना था, उसका रंग बदलवाया गया ताकि पुलिस पहचान न कर सके। इतना ही नहीं, दिल्ली का रजिस्ट्रेशन नंबर भी घटना से पहले हटा दिया गया। अदालत ने माना कि वारदात के समय स्कूटर बृजेश यादव चला रहा था, जबकि पीछे बैठे विक्रम यादव उर्फ कालिया ने इंद्रदेव सिंह को बेहद नजदीक से गोली मारकर हत्या की। पन्ना सिंह पूरी साजिश का सक्रिय सदस्य था और उसने योजना को अंजाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि हत्या के बाद सुपारी की रकम आरोपियों के बीच बांटी गई। चार्जशीट के मुताबिक, अलग-अलग आरोपियों ने रकम का हिस्सा लिया और कुछ रकम शराब पीने समेत अन्य खर्चों में इस्तेमाल की गई। सीबीआई ने आर्थिक लेन-देन और आरोपियों के बीच संपर्कों को भी अदालत के सामने रखा, जिसने अभियोजन की कहानी को मजबूत बनाया।पूरे मुकदमे की सबसे बड़ी चुनौती समय था। सीबीआई ने विवेचना के दौरान कुल 80 गवाह बनाए थे। इनमें से केवल 50 गवाह ही अदालत में बयान दर्ज करा सके। छह गवाहों की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो गई, पांच गवाहों का कोई पता नहीं चला और पांच गवाह अपने पहले दिए गए बयानों से पलट गए। इसके बावजूद अभियोजन पक्ष ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, दस्तावेजों, फोरेंसिक रिपोर्ट और गवाहियों की श्रृंखला के आधार पर अदालत को यह विश्वास दिलाने में सफलता हासिल की कि हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी। इस हत्याकांड की जड़ में जमीन का विवाद था। सीबीआई के अनुसार इंद्रदेव सिंह केवल अधिवक्ता ही नहीं, बल्कि संपत्ति के कारोबार से भी जुड़े थे। उन्होंने वर्ष 1985 में मड़ियांव क्षेत्र के सिमरा गौड़ी में कृषि भूमि खरीदी थी। बाद में उसकी प्लॉटिंग की जिम्मेदारी मन्नालाल गुप्ता को सौंपी गई। आरोप था कि वर्ष 2002 तक मन्नालाल ने बिना जानकारी दिए कई प्लॉट बेच दिए और रकम अपने पास रख ली। इसी आर्थिक विवाद ने दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ाया। इंद्रदेव सिंह ने वर्ष 1998 से 2001 के बीच इस पूरे विवाद को लेकर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री, मानवाधिकार आयोग और लखनऊ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को कई शिकायतें भी भेजीं, लेकिन विवाद का समाधान नहीं हो सका। जांच एजेंसी का निष्कर्ष था कि इसी विवाद ने हत्या की साजिश को जन्म दिया।

करीब ढाई दशक तक चले इस मुकदमे में कई बार ऐसा लगा कि न्याय की राह कमजोर पड़ जाएगी। कई आरोपी मर गए, गवाह खत्म होते गए, कुछ गवाह मुकर गए और समय लगातार बीतता रहा। लेकिन सीबीआई ने साक्ष्यों की कड़ी को अदालत में बनाए रखा। यही वजह रही कि 30 जून को अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया और उसके बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।इस फैसले का सबसे भावनात्मक क्षण वह था जब सजा सुनाए जाने के समय इंद्रदेव सिंह की पत्नी नयनतारा और उनकी बेटी, नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह अदालत में मौजूद थीं। करीब 24 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई के बाद परिवार ने उन लोगों को सजा पाते देखा जिन पर हत्या का आरोप सिद्ध हुआ। यह केवल एक परिवार की न्याय यात्रा का अंत नहीं, बल्कि उन हजारों लंबित आपराधिक मामलों के लिए भी संदेश है कि यदि जांच साक्ष्यों पर आधारित हो और अभियोजन लगातार अपनी बात अदालत के सामने रखता रहे, तो वर्षों बाद भी अपराधी कानून के शिकंजे से बच नहीं सकते। लखनऊ का इंद्रदेव सिंह हत्याकांड इसी विश्वास को फिर मजबूत करता है कि न्याय भले देर से मिले, लेकिन जब साक्ष्य बोलते हैं तो अदालत का फैसला इतिहास बन जाता है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com, samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### उपजिलाधिकारी व जिला कृषि अधिकारी द्वारा बीज एवं कीटनाशक दुकानों पर छापामार कार्रवाई से हड़कंप



**कुलपहाड़/ महोबा।** क्षेत्र में किसानों को गुणवत्तापूर्ण पेस्टीसाइड की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर के साथ जिला कृषि अधिकारी महोबा पीसी विश्वकर्मा द्वारा नगर के साहू खाद बीज भंडार, मंसूरी ट्रेडर, न्यू कृषि बीज भंडार, सिंह बीज भंडार, स्वास्तिक बीज भंडार, राम राजा बीज भंडार, गजानन बीज भंडार आदि में छापेमार कार्यवाही करते हुए कीटनाशक दवाओं के चार नमूने लिए गए, जिसे राजकीय प्रयोगशाला परीक्षण हेतु प्रेषित करते हुए परिणाम प्राप्त होने पर कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मंसूरी ट्रेडर एवं सिंह बीज भंडार के अभिलेख अपूर्ण होने एवं किसानों को दी जाने वाली रसीद बुक उपलब्ध नहीं कराई जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### उपजिलाधिकारी ने किया अस्पताल का निरीक्षण, वार्ड में गन्दगी देख जतायी नाराजगी



**कुलपहाड़/ महोबा।** उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल परिसर सहित वार्ड रूम, ड्रेसिंग रूम में सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेश सिंह के उपस्थित न मिलने पर उन्होंने डाक्टरों से पूछताछ की। पूछताछ में मालूम हुआ कि वह लखनऊ ट्रेनिंग में गए हुए हैं। वार्ड में पलंग पर पड़ी गंदी चादरों को देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित चिकित्सा अधिकारी जिया उल हक से कहा कि वार्डन साफ सफाई व पलंग में स्वच्छ चादर डली होना चाहिए, इसके लिए प्रतिदिन निरीक्षण करें। अस्पताल में चार्ट ड्यूटी चस्पा न होने पर उन्होंने कहा कि वार्ड के बाहर व अस्पताल परिसर में ड्यूटी चार्ट चस्पा कर उसमें कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर जरूर अंकित होना चाहिए। यदि दोबारा गलती पाई गई, तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अस्पताल के निरीक्षण में जो भी कमियां पाई गई है, उन्हें हर हाल में दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आगे भी निरीक्षण किया जाता रहेगा।

### शिक्षकों की कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग को मुख्यमंत्री ने किया पूरा



**जालौन (उरई)।** परिषदीय शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ देने की दिशा में बुधवार को तहसील सभागार में कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और शिक्षकों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। लंबे समय से शिक्षकों की कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग चली आ रही थी, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरा कर बड़ी सौगात दी है। इससे अब शिक्षकों और उनके परिवारों को गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता किए बिना बेहतर उपचार की सुविधा मिल सकेगी। एसडीएम राकेश कुमार सोनी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें इलाज के दौरान आर्थिक राहत मिलेगी। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि यह योजना शिक्षा परिवार के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। यह निर्णय शिक्षकों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी, राकेश निरंजन, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्र आदि रहे।

### शराब पीकर उपद्रव करने वाले पहुंचे हवालात

**जालौन (उरई)।** शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा कर रहे युवक के खिलाफकोतवाली पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी दीपू कुमार बुधवार की सुबह शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा कर रहा था। वहां मौजूद लोगों ने समझाने की कोशिश की तो उनके साथ भी गाली, गलौज शुरू कर दी। मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसआई शिवम सिंह सेंगर ने आरोपी के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है।

# कैशलेश योजनाः राज्य मंत्री ने शिक्षकों को बांटें प्रतीकात्मक कार्ड

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद वाराणसी के दीनदयाल हस्तकला संकुल में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह में राज्यमंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग, उप्र सरकार कृष्णा पासवान, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की उपस्थिति में देखा व सुना गया और मुख्यमंत्री, उप्रसरकार, योगी आदित्यनाथ के सारगर्भित उद्बोधन को आत्मसात किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड का वितरण कर शुभारंभ किया एवं परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 1.10 करोड़ छात्र/छात्राओं को यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल-बैग एवं स्टेशनरी हेतु उनके अभिभावकों के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से प्रति विद्यार्थी 1,200 का अंतरण किया गया, 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एम.ओ.यू. हस्तानांतरित हुए एवं राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग, कृष्णा पासवान ने दीप प्रज्ज्वलित कर



माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना की मनमोहक प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृष्णा पासवान ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास एवं सबके प्रयास को चरितार्थ करते शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को कैसलेस सुविधा दी है, जिसमें मुख्यमंत्री ने संविदाकर्मी, रसोईया, वार्डन, शिक्षामित्र, अनुदेशक को सम्मिलित किया गया है। जिससे उनके परिवारों को अब स्वास्थ्य की चिंता नहीं करनी है, जिलाधिकारी ने समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलेस चिकित्सा योजना के तहत रुपए 5 लाख प्रति वर्ष का इलाज मुफ़्त करा सकते है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के खाते में मुख्यमंत्री द्वारा जो धनराशि हस्तांतरित की गई है, शिक्षकों से अनुरोध है कि बच्चों के जूते, मोजे, ड्रेस, बैग आदि के लिए दी गई है, उसका अभिभावकों से अनुपालन कराया जाय। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक व संबंधित कर्मचारी मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलेस चिकित्सा योजना में पंजीकरण करा ले जिससे कि लाभ मिल सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिन्सी मौर्या ने बताया कि योजना से आच्छादित जनपद के बेसिक शिक्षा अन्तर्गत, शिक्षक- 7061, शिक्षामित्र - 2469, अनुदेशक- 273, रसोइया- 5704, केजीबीवी स्टाफ-88, आईटी टीचर-34 एवं माध्यमिक शिक्षा अन्तर्गत समस्त सहायता प्राप्त विद्यालयों के समस्त शिक्षक व कार्मिक लाभ पायेंगें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस कार्ड अपडेट होने वाले 30 शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया, आईटी टीचर एवं वार्डन केजीबीवी को राज्य मंत्री कृष्णा पासवान द्वारा प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किया गया। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा अन्तर्गत उक्त योजना से लाभान्वित होने वाले 10 इंटर कॉलेज के शिक्षक/ शिक्षिकाओं को भी प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किये गए। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी योजना का शुभारंभ किये जाने पर जनपद के परिषदीय विद्यालयों में नामांकित 203679 बच्चों के सापेक्ष 185105 बच्चों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से रू0 1200/- की धनराशि ड्रेस, जूता-मोजा, स्कूल बैग, स्वेटर आदि हेतु स्थानान्तरित हो गयी।

## वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 को जन आंदोलन का रूप देकर बनाए सफलः डीएम

- 16 से 22 जुलाई तक मनाया जाएगा भूजल सप्ताह, थीम जल संरक्षण का करे संकल्प
- हर ग्राम पंचायत में बनेंगे 5-5 सोक पिट, जन सहभागिता से सफल होगा अभियान

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में पर्यावरण संरक्षण और भूजल बचाने को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 को जन आंदोलन का रूप देकर सफल बनाया जाएगा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने 12 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य के अनुरूप समय से पौधों का उठान करने और चिन्हित स्थलों पर रोपण के निर्देश दिए। क्या बोलीं डीएम कहा कि जिन विभागों ने अभी तक पौधे नहीं उठाए हैं, वे तत्काल उठान कराएं। रोपित पौधों के संरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग अपनी कार्ययोजना के साथ चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण कराएं। रोपण की फोटो, वीडियोग्राफी और जीओ टैगिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ की निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। कोई समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान कराया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने लाभार्थियों से भी एक-एक पौधा लगवाएं, क्योंकि बिना जन सहभागिता के यह अभियान सफल नहीं होगा। 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शासन के निर्देश पर 16 जुलाई से 22 जुलाई 2026 तक भू-गर्भ जल सप्ताह मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य भूजल के बढ़ते उपयोग और गिरते जल स्तर को रोकना है। भूजल सप्ताह ग्राम पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लॉक और जनपद स्तर पर मनाया जाएगा। हर ग्राम पंचायत में भूजल संरक्षण के लिए 5-5 सोक पिट बनवाए जाएंगे। आम नागरिकों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस बार भूजल सप्ताह की थीम जल संरक्षण का करे संकल्प-इसका नहीं है कोई विकल्प रखी गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, डीसी जीरामजी, डीसी एनआरएलएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, वनाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का जि.पं.अ. ने किया शुभारंभ



**फतेहपुर।** बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ के अवसर पर तहसील स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रानी चंद्रप्रभा महाविद्यालय खागा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खागा नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, उप जिलाधिकारी खागा अभिनीत कुमार, भाजपा के जिला महामंत्री विमलेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह, मोदी मिशन के जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्र, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी हथगाम नरेंद्र सिंह, दीनदयाल उपाध्याय मॉडल विद्यालय प्रधानाचार्य शशि भूषण तथा खंड शिक्षा अधिकारी विजयपुर रजनीश श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी धाता संजय सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ऐरायां रत्नामणि मिश्रा, जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी तथा ब्लॉक मंत्री आकाश कुमार सिंह उपस्थित रहे स कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अम्बिका प्रसाद मिश्र ने किया। नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों, शिक्षा मित्रो, अनुदेशको, रसोइयों व अन्य कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के स्वास्थ्य संरक्षण और आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रतिवर्ष 5 लख रुपए तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है जिससे उन्हें गंभीर एवं महंगे उपचार के समय आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि योजना का शुभारंभ आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा वाराणसी से किया जा रहा हैस मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अभूत-पूर्व कार्य किया जा रहे हैं स डीबीटी के माध्यम से एक करोड़ से अधिक बच्चों को रुपए 1200 की धनराशि प्राप्त कराई जा रही है स साथ ही साथ सरकार द्वारा स्टेट बैंक आफइंडिया एवं बेसिक शिक्षा विभाग के साथ होने वाले एम ओ यू की भी चर्चा की गयी जिसके द्वारा शिक्षक कर्मचारियों का वेतन खाता एसबीआई में होने पर विभिन्न लाभ प्राप्त होंगेस उपजिलाधिकारी द्वारा भी सरकार द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए लागू की गयी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की सराहना की स कार्यक्रम में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के 30 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा के प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किये गए स आभार जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी ने व्यक्त कियास कार्यक्रम में विकास खण्ड के एआरपी रघुराज मौर्य, समर बहादुर सिंह, आकाश कुमार सिंह, दीपक मौर्य, शेष नारायण दुबे, अजय सिंह, भूषण सिंह, रंजीत सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, मनोज कुमार, हथगाम ब्लॉक के पूर्व एआरपी सत्येंद्र सिंह, अजय कुमार, विपिन त्रिपाठी, दानिश सिद्दीकी, नोडल संकुल लाल चंद्र, अरविंद सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, इजहारुल हक, रुपाली गुप्ता, सपना देवी, वीरभान, रंजना सिंह, गरिमा सिंह, ममता देवी, दीपा अग्रहरी, नीरज कुमार, कृष्णावतार शर्मा, रुद्र पाल सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## 500 मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मैडल, एक पेड़ देकर किया पुरस्कृत

- एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का प्रतिभा सम्मान समारोह

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**




बुधवार को एसआर इण्टर कॉलेज उरई के प्रांगण में एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इसमें ग्रुप के विद्यालयों के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 500 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम अनुरागी उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय त्रिपाठी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती ऊषा गुप्ता, उरई नगर प्रथम की मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह सेंगर, वरिष्ठ नेत्री मंजू रानी, पूर्व नगर मंत्री अरविंद जी सहित सैकड़ो की संख्या में अभिभावक गण एवं मेधावी उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर, प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू गुप्ता, अंग्रेजी माध्यम की प्रधानाचार्य अरुणा पोरवाल जूनियर स्कूल के प्रधानाचार्य चन्द्र किशोर त्रिपाठी, प्राइमरी के प्रधानाचार्य लाखन सिंह सहित समस्त शिक्षकों ने किया। समारोह में अंग्रेजी माध्यम के साइंस ग्रुप के डिस्ट्रिक्ट टापर एसएस आर पब्लिक स्कूल उरई के इण्टरमीडिएट छात्र देव चतुर्वेदी 95.6 प्रतिशत, हाईस्कूल टापर रितिका प्रजापति, स्कूल टापर्स में नित्या यादव, शिवानी परिहार, सारांश अग्रवाल, आनवी गुप्ता, भविष्य गुप्ता, सत्यम प्रजापति, विकास यादव, करिश्मा, रेशमा, शिवानी, रोहित, राज वर्मा, अंशिका नायक, राधिका सिंह, सक्षम पटेल, चिराग सहित लगभग 500 मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मैडल, एक पेड़ देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने बच्चों से कहा कि आज हर क्षेत्र में प्रतिभा को अवसर उपलब्ध हैं बस पूरे मनोयोग से उसे पूरा करने की जरूरत है साथ ही वृक्षारोपण कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। सभा अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित ने बच्चों से कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य बनाकर उसे हासिल करने की जरूरत है। कार्यक्रम की व्यवस्था में समस्त शिक्षकों एवं स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, संचालन विद्यालय के शिक्षक संतोष गोस्वामी ने किया।

## अभिभावक बेटियों की शिक्षा निरंतर जारी रखने में न बरतें लापरवाही

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत मेधावी बेटियों का सम्मान**
**प्रतिभाशाली छात्राओं के खातों में 5-5 हजार की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित**
**जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

**उरई (जालौन)।** महिलाओं एवं बेटियों के सशक्तिकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए प्रत्येक छात्रा के बैंक खाते में 5,000 की प्रोत्साहन राशि भी हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। समारोह में छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्हें उचित अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और परिवार का सहयोग मिले तो वे समाज और देश का गौरव बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का जनआंदोलन है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों की शिक्षा किसी भी परिस्थिति में बाधित न होने दें, उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करें तथा उनके सपनों को साकार करने में हर संभव सहयोग दें। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित हुई छात्राएं अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनका उत्कृष्ट




प्रदर्शन पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों एवं अन्य लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों, बालिका शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। समारोह का उद्देश्य बेटियों के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज में बालिका शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना रहा।

## बंगरा में कार की टक्कर से महिला की मौत, भाई गंभीर घायल

**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बंगरा-गणेशनगर गढ़ेरना मार्ग पर मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कानपुर के विकास नगर निवासी मंजू दुबे (44) अपने मायके ग्राम गणेशनगर गढ़ेरना आई हुई थीं। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने भाई निखिल (26) के साथ बाइक से बंगरा बस स्टैंड जा रही थीं। बताया गया कि जैसे ही उनकी बाइक बंगरा-गणेशनगर गढ़ेरना मार्ग पर पहुंची, तभी तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मंजू दुबे और उनके भाई निखिल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शिवम कुमार व उसकी पत्नी पूजा के गलत चाल चलन व झूठे मुकदमों में फंसने की धमकी देने के कारण सभी संबंध समाप्त कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। गलत कृत्य के लिए वह दोनों खुद जिम्मेदार होंगे। **सोनी पत्नी जितेंद्र सिंह निवासी अचरा रोड रेलवे क्रासिंग बरमदेव के पास झब्बूपुर थाना कायमगंज फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से 13/01/2025 को अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश विदित (VIDIT) अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम अयांश (AYANSH) है। अब मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये तथा सही नाम दर्ज करने की कृपा करे। **अभिषेक पुत्र कमल प्रसाद निवासी मोहल्ला डिग्गीताल शहर व जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से अपने पुत्र मो0 अजलान का जन्म प्रमाण पत्र संख्या-B20260990337000 4900 बनवाया था। उसमें पिता का नाम त्रुटिवश MOHAMMAD AJMAL अंकित हो गया है, जबकि सही नाम MOHAMMAD ALI है। पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सही नाम दर्ज करने की कृपा करे। **मोहम्मद अली पुत्र इलियास निवासी ढुईया, जनपद फर्रुखाबाद**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नाबगंज-फर्रुखाबाद।**

**पंत्रांक:-944/ लेखाकार/ रा0वि0यो0/पन्द्रहवां वि0/निविदा सूचना/2026-27,** **दिनॉक-08/07/2026**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत-नबाबगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न विवरणानुसार निर्माण कार्यो को पूर्ण कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से दिनांक 09/07/2026 से 15/07/2026 की अपरान्ह 5.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 15/07/2026 की अपरान्ह 12.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय नबाबगंज में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 09/07/2026 से 15/07/2026 की अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 1000/- नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार लागत (लाख रु0 में) | अर्नेष्ट मनी की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | केटिल केचर क्रय (ट्राली टायप) | 5.00 | 10000 | 1000.00 | राज्य वित्त |

उक्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार क्षेत्र पंचायत को होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी, नवाबगंज-फर्रुखाबाद।**

## जिले की सभी तहसील में किया गया मुखयमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना का शुभारम्भ

- कार्यक्रमों में जनपद की प्रत्येक तहसील में 20-20 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रतीकात्मक कैशलेस कार्ड से किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारम्भ एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम के शुभारम्भ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम जनपद की तीनों तहसीलो में आयोजित किया गया। तहसील महोबा में सेवायोजन कार्यालय स्थित सभागार में माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं सरस्वती पूजन से हुयी। इस कार्यक्रम में शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के फायदे एवं उसका उपयोग किस तरीके से करना है उसको विस्तार से बताया गया। कैशलेस योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का किसी भी अस्पताल में मुफ्त उपचार किया जायेगा सरकार की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द्र यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा इत्यादि लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के अंतर्गत 20 शिक्षकों/शिक्षिकाओं को प्रतीकात्मक शिक्षक कैशलेस कार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीबीटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू एवं बेसिक शिक्षा विभाग के साथ करार का भी शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में अध्यापकों के प्रति जागरूकता देखने को मिली। तहसील चरखारी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थित सभागार में माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं सरस्वती पूजन से हुयी। इस कार्यक्रम में शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के फायदे एवं उसका उपयोग किस तरीके से करना है उसको विस्तार से बताया गया। कैशलेस योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का किसी भी अस्पताल में मुफ्त उपचार किया जायेगा सरकार की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, डायट प्राचार्य के.एल. गौतम वरिष्ठ प्रवक्ता, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ब्लाक प्रमुख सीमा कुशवाहा, खण्ड शिक्षा अधिकारी कबरई प्रवेश कुमार बाजपेयी, खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव आदि लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के अंतर्गत 20 शिक्षकों/ शिक्षिकाओं को प्रतीकात्मक शिक्षक कैशलेस कार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीबीटी के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू एवं बेसिक शिक्षा विभाग के साथ करार का भी शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में अध्यापकों के प्रति जागरूकता देखने को मिली। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड में जनतंत्र इण्टर कालेज कुलपहाड में माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं सरस्वती पूजन से हुयी। कार्यक्रम में शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के फायदे एवं उसका उपयोग किस तरीके से करना है उसको विस्तार से बताया गया। कैशलेस योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का किसी भी अस्पताल में मुफ्त उपचार किया जायेगा सरकार की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया गया । कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जे.पी.अनुरागी, नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी जैतपुर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के अंतर्गत 20 शिक्षकों/ शिक्षिकाओं को प्रतीकात्मक शिक्षक कैशलेस कार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीबीटी के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू एवं बेसिक शिक्षा विभाग के साथ करार का भी शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में अध्यापकों के प्रति जागरूकता देखने को मिली।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने एक करोड़ बीस लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह ने किया वृक्षारोपण

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह द्वारा नगर के मोहल्ला दशहरा बाग व लक्ष्मण पुरी में 15वां वित्त आयोग एवं राज्य वित्त के दो प्रतिशत स्टांप शुल्क की धनराशि कराए गए लागत रु एक करोड़ बीस लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। रुपए 22 लाख की लागत से मोहल्ला विजयनगर में मंदिर से हरी करण नाथ के घर तक सीसी नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य व दशहरा बाग वार्ड में संजय की दुकान से अशोक वाटिका होते हुए अतुल वर्मा के घर तक सीसी मार्ग और आरसीसी नाल नाली निर्माण कार्य लागत रुपए 19 लाख 76 हजार



तथा विजयनगर मंदिर के सामने स्थापित वाटर कूलर स्थापित लागत रुपए डेढ़ लाख तथा लक्ष्मण पुरी में हरि लाइब्रेरी से रेखा के आवास तक सीसी नाली व सड़क निर्माण लागत 15 लाख 81 रुपये, लक्ष्मणपुरी में अशोक शुक्ला व डॉक्टर राधेलाल वर्मा के घर के सामने स्थित पार्क जिसमें झूला वह बेंच स्थापित निर्माण कार्य लागत 17 लाख एवं लक्ष्मण पुरी में रामसेवक यादव समारक इंटर कॉलेज से शिव पैलेस तक साइड पटरी का निर्माण लागत 39 लाख 86 हजार रुपये के कार्यों सहित करीब एक करोड़ 20 लाख के विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा विकास यादव प्रबंधक ग्राम सेवक यादव इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य जगन्नाथ वर्मा, सभासद आलोक वर्मा कृष्ण गोपाल बच्चा, सभासद प्रतिनिधि वैभव सिंह धीमान, सभासद लक्ष्मण पुरी सहित दिग्विजय सिंह, बाबादीन, योगेंद्र वर्मा सोनू मंत्री सदानंद पटेल राधेश्याम गुप्ता, अशोक वर्मा, पुनीत, मोहम्मद सलीम, लक्ष्मी नारायण तिवारी, सदाशिव त्रिपाठी, सियाराम वर्मा, हरिप्रसाद निगम , वीरेंद्र पटेल एडवोकेट तथा ललित सिंह अंजू सिंह मनु निगम नीरज गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

- विधायक व प्रमुख ने लिया हिस्सा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

तहसील सभागार हैदरगढ़ में आज मुख्यमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत और पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। इस योजना के अंतर्गत बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही प्रदेश के 1,10,00,000 विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी (Direct Benefit Transfer) के



माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग, स्वेटर एवं स्टेशनरी हेतु सहायता राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा शेखर मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार राजू द्विवेदी, लवकुश पांडे , सहित सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि गण पार्टी पदाधिकारी उपजिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का रखा जाय ध्यान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र की रौनी ग्राम पंचायत स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर समिति ने एसडीएम को पत्र भेजकर श्रावण मास के सोमवारों को लगने वाले मेलों में श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।
मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी ने भेजे गए पत्र में बताया है कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी श्रावण मास 2026 के सोमवारो पर पूजन अर्चन हेतु हजारो श्रद्धालुओ के आगमन की सम्भावना है।
जिनकी सुविधा सुरक्षा हेतु आवश्यक पुलिस बल, मेडिकल टीम, फायर, पेयजल आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है।

# शिक्षकों के नाम रहा बुद्धवार, सभी ब्लाकों में कैशलेस चिकित्सा का बांटा गया प्रमाण पत्र

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** नगर पालिका परिषद नवाबगंज स्थित टाउन हॉल में बुधवार को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) तथा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ हुए एमओयू के अंतर्गत विशेष वेतन पैकेज के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा 'भुल्लन', भाजपा नेता जवाहर वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना



सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक अमिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक तथा भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश शाह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके उपरांत वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

# परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए वकीलों को करना पड़ा प्रदर्शन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए कई दिनों से ब्लाक के चक्कर लगा रहे वकील की मदद की गुहार पर भारी संख्या में वकीलों का हुजूम ब्लाक पहुंच गया।वकीलों की भीड़ देखते ही आनन-फानन में सेक्रेटरी ने परिवार रजिस्टर की नकल जारी कर दिया। ब्लाक हैदरगढ़ की एक ग्राम पंचायत के निवासी अधिवक्ता अंबरीष यादव अपने गांव के राजितराम को परिवार रजिस्टर की नकल दिलाने के लिए कई दिनों से ब्लाक के चक्कर लगा रहे थे।बुधवार को फिर ब्लाक पहुंचे। सेक्रेटरी ने उनसे प्रधान की सहमति का पत्र मांगा।अधिवक्ता ने बताया कि प्रधान से उनकी नहीं बनती है। इसीलिए क्षेत्र पंचायत सदस्य से सहमति पत्र बनवाकर लगा दिया है।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के अंतर्गत नई बस सेवा का शुभारंभ



- विधायक दिनेश रावत व पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में हैदरगढ़ बस अड्डे से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के अंतर्गत हैदरगढ़-त्रिवेदीगंज-मंगलपुर-मोहम्मदपुर-अचकामऊ-कोठी होते हुए बाराबंकी तक संचालित होने वाली नई बस सेवा को विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि जनता की सुविधा और हैदरगढ़ के समग्र विकास के लिए हमारा संकल्प निरंतर जारी है यह बस सेवा क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, महिलाओं एवं दैनिक यात्रियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाएगी। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार राजू द्विवेदी , प्रधान सोनू सिंह, रप्पन सिंह राहुल सिंह चौहान सहित समस्त जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु, परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित प्रसव केंद्र में गूंजी पहली किलकारी

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत ज्योरी में नवनिर्मित डिलीवरी प्वाइंट (प्रसव केंद्र) में एक स्वस्थ बच्चे के जन्म (पहली किलकारी) के साथ चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत हुई। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने केंद्र का जायजा लिया। बताते चले शासन द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने एव जच्चा बच्चा की उचित देखभाल के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित एएनएम सेंटरों को डिलीवरी प्वाइंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है ग्राम पंचायत ज्योरी में बनाये गए डिलीवरी प्वाइंट में मंगलवार की रात्रि में प्रथम बच्चे की



किलकारी गूंजी दहेजिया की प्रसूता ने सीएचओ प्रिया वर्मा, एएनएम रिंकी मौर्य की मदद से बच्चे को जन्म दिया।

बुधवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधेस्वामी ने उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कमल बाश, डॉ 0 पंकज चौधरी, सीएचसी बड़ागांव अधीक्षक डॉ0 राधेश्याम गौड के साथ डिलीवरी प्वाइंट ज्योरी का निरीक्षण किया।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया लापता युवती को सकुशल बरामद, जांच शुरू

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत एक लापता युवती को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बरामदगी के बाद युवती के बयान और परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आजादपुर निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि फरीदगढ़ मजरा आजादपुर निवासी एक युवक उनकी बेटी को फोन कर घर से बाहर बुलाकर अपने साथ दिल्ली ले गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि घर लौटने के बाद युवती ने परिजनों को अपने साथ प्रताड़ना होने की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस ने युवती की तलाश शुरू की और उसे 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के बयान, शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपों की पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी।

### चारा काटते समय गर्भवती महिला को सर्प ने डसा, हालत गंभीर

**बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** कुंडौली गांव में चारा काटते समय एक गर्भवती महिला को सर्प ने डस लिया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला सुमन पत्नी गणेश उम्र 23 वर्ष निवासी सुनहरा मजरे कुंडौली अपने जानवरों के लिए चारा काट रही थी। तभी उसे एक जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। सूचना पर पहुंचे परिजनों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई। वहीं सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में उक्त महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा घायल अवस्था में उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



### कैशलेस इलाज की सुविधा से शिक्षकों व रसोइयों को मिलेगी बड़ी राहत

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत शिक्षकों और रसोइयों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को तहसील सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच हुए समझौते के तहत मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि एसडीएम अनुराग सिंह ने शिक्षकों एवं रसोइयों को बधाई देते हुए कहा कि सुविधाओं के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। उन्होंने शिक्षकों से पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक में विशेष वेतन खाता खुलवाने अथवा मौजूदा वेतन खाते को स्थानांतरित कराने की अपील की।

# अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत जगदीशपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में बुधवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने पप्पू पुत्र अख्तर निवासी नया पुरवा मजरे खैरातपुर, थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया।



तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव, उपनिरीक्षक शेख नईम, कांस्टेबल संजय कुमार तथा रिक्रूट कांस्टेबल रितेश सिंह शामिल रहे।

# आज जिले का दौरा करेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज 9 जुलाई को प्रस्तावित है। आयोग के सदस्य प्रातः 9:30 बजे से सायंकाल तक जनपद में प्रवास करेंगे। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान जनपद के ऐसे व्यक्ति, संस्थाएं अथवा प्रतिनिधि जो पिछड़ा वर्ग से संबंधित किसी भी विषय पर अपना मंतव्य, सुझाव अथवा शिकायत प्रस्तुत करना चाहते हैं, वे कलेक्ट्रेट गौरीगंज में आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष लिखित अथवा मौखिक रूप से रख सकते हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि पिछड़ा वर्ग के हितों, समस्याओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अपने सुझाव अथवा अभ्यावेदन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# गो आश्रय स्थलों को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहन ने निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, शेड, बीमार पशुओं को उचित देखभाल इत्यादि सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ गो संरक्षण अनुश्रवण, एवं मूल्याकन समिति की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको हैंड ओवर लेकर गोवंशों को संरक्षित कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से जनपद में संचालित समस्त गौशालाओं पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समस्त नोडल अधिकारी, बीडीओ व पशु चिकित्सक प्रत्येक गौशाला का नियमित निरीक्षण करें। सहभागिता योजना के अंतर्गत गोवंशों की सुपुर्दगी व भुगतान के संबंध में जानकारी ली तथा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार गोवंशों को सुपुर्दगी योजना के तहत गायों को देने व भुगतान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



# बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों को मिलेगा कैशलेस इलाज का लाभ

- माध्यमिक शिक्षा विभाग के 691 शिक्षक योजना से लाभान्वित

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत 12 लाख शिक्षक एवं उनके परिवारों को लाभ, 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म, जूता, मोज़ा, स्वेटर, बैग व स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र-छात्रा हेतु रु 1200 वितरण, 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा हेतु स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के साथ एम0ओ0यू0 का निष्पादन, राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं



हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का सम्मान का शुभारम्भ किया गया। इसकी क्रम में गोपाल सरस्वती इण्टर कालेज रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मा0 मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश मनोज कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनपद के शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशक को मिलाकर 26 एवं एक शिक्षक परिवार के लोगों को योजना का हितलाभ वितरण हेतु कौशलेस कार्ड का वितरित किया गया, इसके अलावा 04 शिक्षकों को एस0बी0आई0 बैंक में खाता खोलने पर पासबुक का वितरण किया गया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय कोडरजहानपुर के नव प्रवेशी पांच बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कर स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत पात्र शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्थायी व संविदा कार्मिक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वॉर्डन और रसोइये इस योजना के दायरे में आते है।

# मंत्री मनोज पाण्डेय ने स्व. दादा तेजभान सिंह को दी श्रद्धांजलि, शोकाकुल परिवार से मिले

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पाण्डेय एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा विधान परिषद सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार विकास खंड जामों अंतर्गत ग्राम अचलपुर पहुंचकर पूर्व विधायक स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने स्व. तेजभान सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी भावपूर्ण श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान मंत्री मनोज पाण्डेय एवं एमएलसी महेंद्र प्रताप सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का साहस दिया। उन्होंने स्व. दादा तेजभान सिंह के जनसेवा और सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कार्य क्षेत्र के लोगों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र, भवानी दत्त दीक्षित, गोविंद सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# डॉ. संजीव शुक्ला ने फाइलेरिया मरीजों में किट का किया वितरण

- मरीजों को इसका उपयोग करने की विधि व इससे बचाव की जानकारी भी दी गई

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

फाइलेरिया रोग की रोकथाम के लिए फाइलेरिया मरीजों को किट वितरण किया गया। वहीं मरीजों को इसका उपयोग करने की विधि व इससे बचाव की जानकारी भी दी गई गौरतलब हो कि बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पर लगभग 1 दर्जन से अधिक फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित मरीजों को चिकित्सा अधीक्षक शिवगढ़ डॉ संजीव कुमार शुक्ला ने किट का वितरण किया। जिसमें बाल्टी, टब,



मग, तौलिया, एंटीफंगल क्रीम बांटा । उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होता है । फाइलेरिया ग्रसित मरीज को मच्छर काटकर दूसरे को काटता है तो उसे भी फाइलेरिया हो जाता है । इसके लिए घरों में साफ-सफाई होना बहुत जरूरी है। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे जिससे मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके । इस कीट का प्रयोग के बारे अधीक्षक ने जानकारी देते हुए फाइलेरिया ग्रसित अंग को टब में साबुन से अच्छी तरह से धोकर एंटीफंगल क्रीम लगाना है। इस दौरान शिवगढ़ सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीतापुर में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** भूमिजा बहुद्देशीय हॉल, खैराबाद में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के 31 शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। इस योजना के तहत पात्र शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई और प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया।

# रेउसा में जांच पर सवाल, ऑनलाइन रिकॉर्ड के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं

**सीतापुर।** विकास खंड रेउसा में पंचायत कार्यों की जांच प्रक्रिया एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उच्च अधिकारियों के संज्ञान और नोटिस जारी होने के बावजूद कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है। जिन मामलों में ऑनलाइन रिकॉर्ड कथित रूप से अनियमितताओं की ओर संकेत कर रहे हैं, उनमें भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। आरोप है कि सचिव संतलाल पटेल से जुड़े प्रकरण में ऑनलाइन अभिलेखों और अधिकारियों के बयानों में स्पष्ट विरोधाभास दिखाई दे रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि सरकारी पोर्टल पर उपलब्ध विवरण और वास्तविक स्थिति का मिलान कराया जाए तो पूरे मामले की सच्चाई




सामने आ सकती है। इसके बावजूद कार्रवाई के बजाय केवल नोटिस जारी कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) उमेंद्र कुमार के अलग-अलग बयान भी जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसे में यह चर्चा तेज है कि आखिर ऑनलाइन रिकॉर्ड के बावजूद दोष तय करने में देरी क्यों हो रही है और जिम्मेदारों को संरक्षण कौन दे रहा है।

इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) उमेंद्र कुमार से पूर्व में जानकारी ली गई थी। उन्होंने बताया था कि बृजेश कुमार पूर्व प्रधान हैं। हालांकि बाद में तथ्य स्पष्ट करने के लिए दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन पर कोई जवाब नहीं दिया। वहीं खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

उनके अनुसार सचिव ने बताया कि गलती से कमलाकांत के स्थान पर बृजेश कुमार का नाम दर्ज हो गया, जिस पर संबंधित सचिन को नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद मामले की प्रगति जानने के लिए दोबारा संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने भी फोन कॉल का जवाब नहीं दिया।

# विधायक ने किया मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

**विधायक ने मुख्यमंत्री के संकल्प शिक्षक स्वस्थ, शिक्षा सशक्त को साकार करने की दिशा में योजना को बताया महत्वपूर्ण**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित कर योजना का औपचारिक उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि यह योजना पूरे भारत में पहली बार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों के हित में शुरू की गई है। इसके अंतर्गत शिक्षक, अनुदेशक तथा शिक्षा मित्र लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा स्वस्थ शिक्षक ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार होते हैं। सरकार द्वारा प्रदान की गई यह सुविधा शिक्षकों एवं उनके परिवारजनों के लिए वरदान साबित होगी। सरकारी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की यह व्यवस्था शिक्षकों को आर्थिक बोझ से मुक्ति दिलाएगी। विधायक ने मुख्यमंत्री के संकल्प शिक्षक स्वस्थ, शिक्षा सशक्त को साकार करने की दिशा में इस योजना को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने शिक्षकों और उनके परिवार के स्वास्थ्य की चिंता की है, इसलिए शिक्षकों का भी दायित्व है कि वे बच्चों को स्वस्थ और सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि योजना के तहत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों एवं उनके आश्रितों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राहुल गुप्ता (चेयरमैन सौरिख), तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सुमन सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सौरिख विश्वनाथ पाठक, सुनील चतुर्वेदी, हीरालाल कॉलेज प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा सहित विकास खंड तालग्राम, सौरिख और छिबरामऊ के शिक्षक उपस्थित रहे।

# सैंसारपुर-खानपुर कुर्मी मार्ग पर 300 मीटर बनेगी नाली

- लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम सैंसारपुर और खानपुर कुर्मी के ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार द्वारा जनसुनवाई पोर्टल और उपजिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए करीब 300 मीटर लंबी नाली निर्माण की योजना तैयार की है।

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की जांच में पाया गया कि सैंसारपुर में डामर सड़क किनारे प्रेमकुमारी के मकान तक नाली बनी है, लेकिन उसके आगे नाली नहीं होने से दोनों गांवों का गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में भी पानी घुस चुका है। यह मार्ग एनएच-34 से घिलोई, खानपुर कुर्मी, सैंसारपुर होते हुए मोहम्मदाबाद और फर्रुखाबाद को जोड़ता है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन रहता है। जांच रिपोर्ट में पानी की समुचित निकासी के लिए 300 मीटर नाली निर्माण आवश्यक बताया गया है। प्रशासन ने क्षेत्रीय लेखपाल से पैमाइश कराने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि नाली बनने से जलभराव, गंदगी और आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान होगा। मौके पर जितेन्द्र पाल, अंकित, शम्भू, छोटे, रामकिशन, आनंद, पप्पू, गिरबर, घनश्याम और शिवम सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार्वजनिक हैंडपंप में समरसेबल लगाने पर पंचायत का नोटिस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत ने सार्वजनिक इंडिया मार्का हैंडपंप में अवैध रूप से समरसेबल पंप लगाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल रोड निवासी नेमि कुमार पुत्र सुखवासी को नोटिस जारी किया है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि हैंडपंप में समरसेबल लगाए जाने से आसपास के लोगों को पानी भरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत मिलने के बाद जांच कराई गई, जिसमें मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई शुरू की गई। पंचायत ने संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर एक सप्ताह के भीतर हैंडपंप से समरसेबल पंप हटाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक जलस्रोतों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निजी उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि तय समय के भीतर समरसेबल नहीं हटाया गया तो पंचायत प्रशासन नियमानुसार कठोर कार्रवाई करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। पंचायत ने लोगों से सार्वजनिक संपत्तियों का संरक्षण करने और नियमों का पालन करने की अपील भी की है।

# सड़क हादसे में फूल किसान की मौत, छह घायल

- खड़े ट्रक में जा घुसी किसानों और फूल से लदी पिकअप गाड़ी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास मंगलवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में फूल बेचने लखनऊ जा रहे एक युवा किसान की मौत हो गई, जबकि उसके छह साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया है। अलीगढ़ जनपद के थाना खैर क्षेत्र के ग्राम विशनपुरी खैर निवासी 22 वर्षीय धनेश पुत्र राजवीर अहेरिया फूलों की खेती करते थे। वह मंगलवार रात करीब आठ बजे अपने साथियों के साथ पिकअप से लखनऊ फूल बेचने जा रहे थे। तभी छिबरामऊ स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पिकअप पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप सवार सभी किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने धनेश को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों में 50 वर्षीय सुरेश, 42 वर्षीय सोनपाल, 45 वर्षीय चरण सिंह, 40 वर्षीय चंदन, 38 वर्षीय सुरेंद्र किसान सहित 27 वर्षीय पिकअप चालक लल्ला शामिल हैं। धनेश अविवाहित थे। परिवार में माता कमला देवी, पांच भाई-जितेंद्र, विजयपाल, कुंदन, कृष्णा तथा स्वयं धनेश-और तीन बहनें गुड्डन, शशि व चुमका हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

## जरूरतमंद बिटिया की शादी में रॉबिन यादव का भावुक सहयोग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



- दहेज़ सामग्री देकर दी शुभकामनाएं

समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव रॉबिन यादव ने ग्राम नगला बरी में अनाथ बिटिया रिंकी बाथम की शादी के अवसर पर पहुंचकर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। स्व. वेदराम बाथम की पुत्री रिंकी बाथम के विवाह में उन्होंने अपनी ओर से दहेज़ का आवश्यक सामान भेंट किया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कई वर्ष पहले रिंकी के माता पिता का स्वर्गवास हो चुका था। परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर था। ऐसे में गांव वालों ने सामूहिक प्रयास से शादी का आयोजन किया। रॉबिन यादव ने इस अवसर पर कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों की मदद करना हमारा प्रमुख दायित्व है। जब बिटिया रिंकी ने मुझसे सहयोग की अपील की, तो मैंने तुरंत उसे पूरा करने का फैसला किया। समाज में ऐसे कई परिवार हैं जो आर्थिक संकट के कारण बेटियों की शादी में परेशान रहते हैं। हमारी लोहिया वाहिनी इन गरीब परिवारों के साथ खड़ी रहेगी। रॉबिन यादव के इस संवेदनशील कदम की गांव वालों ने सराहना की। यह घटना सामाजिक सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करती है।

# पुलिस के आश्वासन पर हटे मकान बिकाऊ के पोस्टर

- दबंगई से त्रस्त आकर पलायन को मजबूर हुए था परिवार
- थाना प्रभारी बोले, पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध, मामले में कानून के अनुसार होगी सख्त कार्रवाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के महमूदपुर खास गांव में पड़ोसी से विवाद के चलते मकान बिकाऊ और पलायन के पोस्टर लगाने वाले पीड़ित परिवार ने पुलिस और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बाद पोस्टर हटा दिए।

परिवार का आरोप था कि लगातार मिल रही धमकियों से वह भयभीत था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी, लेकिन परिवार स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर उर्फ पुच्ची ठाकुर तथा भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय सचिव ठाकुर आर.पी. सिंह बैंस गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से बातचीत की। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने भी परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने स्वेच्छा से घर के बाहर लगाए गए पोस्टर हटा दिए। एहतियात के तौर पर पुलिस ने दो दिनों तक परिवार के घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मामले में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### 73 किसान परिवारों को 3.40 करोड़ की आर्थिक सहायता



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के 73 मृतक किसानों के आश्रित परिवारों को तीन करोड़ 40 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि योजना का उद्देश्य दुर्घटना में जान गंवाने वाले किसानों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि सहायता राशि पात्र लाभार्थियों के खातों में स्वीकृत कर दी गई है। जिले में तहसीलवार लाभार्थियों में कन्नौज के 14, छिबरामऊ के 38 और तिर्वा के 21 परिवार शामिल हैं। कुल 73 पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिला है। डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और उनके परिजनों के हितों की सुरक्षा के लिए इस योजना का प्रभावी ढंग से संचालन कर रही है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र परिवार को पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ मिले, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।

### स्कूली वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा, चार वाहनों के चालान

**कन्नौज।** बुधवार को शहर में यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्यवाहक प्रभारी यातायात टीएसआई अरशद अली ने पाल चौराहा, बस स्टैंड, मंडी समिति, गोल कुआं समेत प्रमुख स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूली वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, फायर सिलेंडर, फर्स्ट एड किट और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन मिलने पर चार स्कूली वाहनों का चालान किया गया। टीएसआई अरशद अली ने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना लाइसेंस, बिना परमिट, गलत दिशा में या नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाईवे और नो-पार्किंग स्थलों पर बेतरतीब वाहन खड़े करने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए सड़क किनारे वाहन खड़ा करने से बचें। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 25 अन्य वाहनों के भी चालान किए गए। इस दौरान मुख्य आरक्षी अजीत कुमार, आरक्षी मोनू सहित यातायात पुलिस के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### 2027 की बोर्ड परीक्षा के लिए सूचनाएं 18 जुलाई तक करें अपलोडः डीआईओएस

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जाएगा। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी किए हैं। डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के आदेश के क्रम में विद्यालयों की अवस्थापना, भौतिक संसाधनों, विविध सुविधाओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विवरण परिषद की वेबसाइट ह्वश्चद्वह्यश्च.द्दश्र.द्वठ्ठ पर अपलोड किया जाना है। डीआईओएस पप्पू सरोज ने प्रधानाचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, शुचितापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जाना है। इसके लिए सभी विद्यालय अपने विद्यालय से संबंधित भौतिक संसाधन, आधारभूत सूचनाएं एवं स्टाफ का विवरण अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना 18 जुलाई 2026 तक अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड कर दें। परिषद की अंतिम तिथि 20 जुलाई है, लेकिन सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए पहले ही कार्य पूर्ण कर लिया जाए। समय से सूचनाएं अपलोड न करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# ओलंपियाड में सरस्वती विद्या मंदिर तिर्वा का शानदार प्रदर्शन

- पांच विद्यार्थियों ने बनाई जिला मेरिट
- इंटर और हाईस्कूल वर्ग में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र
- मेधावियों को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

**तिर्वा/कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के पांच छात्रों ने जिला मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया।

इस वर्ष आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता में जनपद कन्नौज के करीब 6,700 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की। इंटरमीडिएट वर्ग में ऋतिक वर्मा ने जनपद में प्रथम, आयुष ने द्वितीय और अक्षय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल वर्ग में अभय राज ने प्रथम तथा प्रांकुर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा और वरिष्ठ आचार्य वीरेश जी ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 3,100 रुपये तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2,100 रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और आचार्यों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले ओलंपियाड में विद्यालय के विद्यार्थी और बेहतर प्रदर्शन कर जनपद में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। विद्यालय प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



## पुलिस ने चोरी का खुलासा कर जेवर व नकदी सहित महिला को दबोचा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक महिला को चोरी के जेवर, नकदी और पर्स सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की। पुलिस के अनुसार 7 जुलाई को ऊंचा निवासी वंदना तिवारी ने पर्स से आभूषण और नकदी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर जीटी रोड स्थित जनता कोल्ड स्टोर के पास से भूरी उर्फ लक्ष्मी, निवासी हिरोंदी थाना मलावन, जनपद एटा को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक पीला पर्स, 3 हजार रुपये नकद, 12 बिछिया, दो अंगूठियां तथा दो जोड़ी पायल बरामद हुईं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धारा बढ़ाई गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आगरा जनपद में लूट और चोरी का मुकदमा दर्ज है।

# अखिलेश-मुलायम पर आपत्तिजनक पोस्ट लेकर एसपी से मिले सपाई



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने के आरोप में बुधवार को सपाइयों ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। पार्टी नेताओं ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ फेसबुक से संबंधित पोस्ट हटवाने की भी मांग की। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां के नेतृत्व में तिर्वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाल, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, जय कुमार तिवारी, हसीब हसन, अंशु पाल,रामभजन पाल, अरुण यादव, शैलेन्द्र यादव, भानू प्रताप, गुफरान समेत कई नेता पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसपी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि आजाद मुकेश पाल देशबंधु नाम की फेसबुक आईडी से अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक एवं अभद्र पोस्ट की जा रही हैं, जिससे पार्टी की छवि धूमिल करने का प्रयास हो रहा है। नेताओं ने मांग की कि संबंधित पोस्ट तत्काल हटवाई जाएं और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सपा नेता अनिल पाल ने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह की पोस्ट भाजपा नेताओं के इशारे पर कराई जा रही हैं। साथ ही आशंका जताई कि भविष्य में किसी अप्रिय घटना का दोष समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मढ़ने की साजिश भी हो सकती है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# नए बस अड्डे से शुरू हुआ बसों का संचालन

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



4 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से बने गुरसहायगंज के नए रोडवेज बस अड्डे से बुधवार को बसों का संचालन शुरू हो गया। क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल के निर्देश पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव पूजन यादव और छिबरामऊ स्टेशन इंचार्ज राम खिलावन बस स्टेशन पहुंचे और विधिवत रूप से बसों का संचालन शुरू कराया। बस अड्डे पर विनय चतुर्वेदी, राम रक्षा पाल और कमलेश शंकर दुबे की नियुक्ति की गई है। वहीं अमर सिंह सविता और निजाम खान को चौकीदार की जिम्मेदारी दी गई है। बस अड्डा प्रभारी रामखेलावन सिंह ने बताया कि नए बस अड्डे पर यात्रियों के लिए छाया, पंखा, शौचालय, ठंडे पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि अब गुरसहायगंज से दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, नोएडा, मैनपुरी, फिरोजाबाद सहित प्रदेश के सभी जिलों के लिए सीधी बस सेवा मिलेगी। प्रत्येक रोडवेज बस को इस नए अड्डे से होकर एंट्री करानी होगी। इसके बाद ही बस गुरसहायगंज से रवाना होगी।

नियम न मानने वाले चालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी ने बताया कि बहुत जल्द नगर से भी रोडवेज बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। यहां से बसे हैं प्रदेश के कई प्रमुख जनपदों के लिए रवाना की जाएगी जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

## कन्नौज में बनेगा बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर, 15 जुलाई तक आवेदन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के तहत जनपद में बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) स्थापित किया जाएगा। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि जिले के 10 क्लस्टरों में 1250 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। योजना वर्ष 2026-27 में स्थापित होने वाले इस केंद्र पर घनजीवामृत, जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी सहित अन्य जैविक कृषि आदानों का उत्पादन और भंडारण किया जाएगा। इसके लिए स्टोरेज टैंक, रेफ्जिरेटर, गोमूत्र संग्रहण एवं किण्वन कक्ष जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बीआरसी के लिए प्राकृतिक खेती से जुड़े एफपीओ, उद्यमी एवं पात्र संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। चयनित संस्था किसानों को जैविक मिश्रण तैयार करने और उनके वैज्ञानिक उपयोग का प्रशिक्षण भी देगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में उप कृषि निदेशक कार्यालय, कन्नौज में आवेदन जमा कर सकते हैं।



## समधन नगर पंचायत में हुए कई विकास कार्य अध्यक्ष आसमा बेगम ने दी जानकारी



जानकारी देती अध्यक्ष आसमा बेगम

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत समधन में अध्यक्ष आसमा बेगम ने बुधवार को अपने आवास कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए नगर में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य पूरे किए गए हैं। अध्यक्ष ने बताया कि खुलें नालों के पटान का कार्य पूरा किया गया है। इसके अतिरिक्त किदवई नगर कब्रिस्तान, संतोषा,अनीभोझ रोड़ मंदिर में, बच्चों के खेलकूद पार्क मैदान में,अमराई और दारा सराय सहित कई स्थानों पर हाईमास्क लाइटें लगाई गई है। उन्होंने दारासराय मेन सड़क से गोरी नवादा मस्जिद तक और अनीभोझ रोड़ पर मुर्तजा मस्जिद तक नई सीसी सड़कों के निर्माण का भी उल्लेख किया है। नए नालों के निर्माण सहित अन्य कई कार्य संपन्न कराए हैं। आसमा बेगम ने यह भी बताया कि कई अन्य विकास कार्य प्रगति पर है उन्होंने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय में सभी कर्मचारी बिना किसी भेदभाव से कार्य कर रहे हैं। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि हमारी मंशा हैं कि पूरे नगर में बिना किसी भेदभाव से विकास कार्य कराए जायेंगे विकास कार्यों का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे अंत में उन्होंने कहा कि अधूरे पड़े सभी विकास कार्यों को ठेकेदार जल्द निपटा लें।

# बरसात में ऐसे करें पौधरोपण, तभी बढ़ेगी पौधों की जीवित रहने की संभावनाः डीएफओ

- गड्ढा तैयार करने से लेकर पौधरोपण और देखभाल तक दिए गए जरूरी सुझाव

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बरसात का मौसम पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, लेकिन सही वैज्ञानिक विधि अपनाने पर ही पौधों के जीवित रहने की संभावना बढ़ती है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) हेमंत सेठ ने बताया कि पौधरोपण से पहले गड्ढों की तैयारी, संतुलित खाद का प्रयोग और रोपण के दौरान सावधानी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि गड्ढे डेढ़ फुट लंबा, चौड़ा और गहरा खोदकर मिट्टी को धूप में सुखाना चाहिए। बारिश से पहले उसमें दो किलो गोबर की खाद, 10 से 20 ग्राम एनपीके और थोड़ी मात्रा में कीटनाशक मिलाकर भर दें। पौधे लगाते समय पॉलीथीन सावधानी से हटाएं और रूट कॉलर को जमीन के बराबर रखें, उसे मिट्टी में न दबाएं। पौधों को तने से पकड़कर न उठाएं, जलभराव से बचाएं तथा शुरुआती अवस्था में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न करें। डीएफओ ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत विभिन्न विभागों को पौधों का वितरण भी किया जा रहा है। राजगीरहार नर्सरी से राजस्व विभाग को 2,463, उमर्दा नर्सरी से शिक्षा विभाग को 2,740 तथा फूलपुर नर्सरी से ग्राम पंचायत कलसान के लिए राजस्व विभाग को 650 पौधे उपलब्ध कराए गए। उन्होंने नागरिकों से पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लेने की अपील की गई।

## कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज

पत्रांक 243/न.पं.सं./(2026-27)/संसोधन विज्ञप्ति     दिनांकः 08.07.2026

### संशोधन विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत वर्ष 2026-27 हेतु बाजार ठेका की सार्वजनिक बोली हेतु पंत्राक संख्या 168/न.पं.स. / (2026-27) बाजार बसूली सार्व0 बोली दिनांक 11.06.2026 व पत्रांक 206/न.पं.स./(2026-27)/ पुनः बाजार वसूली सार्व0 बोली दिनांक 24.06.2026 के माध्यम से प्रकाशन कराया गया था। जिसमें लिपिकीय त्रुटिवश बाजार ठेका की धनराशि में गलती हो गई थी। कृपया पूर्व में हुए ठेका बाजार के प्रकाशनो को निरस्त माना जायेगा। बाजार ठेका हेतु पुनः संसोधित कर प्रकाशन किया जायेगा, इस त्रुटि के कारण हुई असुविधा के लिये हमें खेद है।

**लिपिक**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

# समाजवादी पार्टी द्वारा लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव द्वारा जनसेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से 193 विधानसभा अमृतपुर क्षेत्र में भारतदास बाबा मंदिर परिसर के निकट एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन सपा के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में किया गया। जहां क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई।

**▸ सौ से अधिक मरीजों का हुआ उपचार**

स्वास्थ्य शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित 100 से अधिक मरीजों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सुमन, रोली, चमेली देवी, अर्चना सहित अनेक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं। शिविर में डॉ. तौसीफ खान, डॉ. दिलीप, सुमित यादव, मेहरुद्दीन खान तथा अमरेंद्र सहित चिकित्सकों और सहयोगियों की टीम ने मरीजों की जांच की। चिकित्सकों ने मरीजों को मौसमी बीमारियों से



उपचार कराते लोग

बचाव, खान-पान, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दवाएं भी वितरित कीं। शिविर की व्यवस्था एवं संचालन की जिम्मेदारी शैलेश अवस्थी और समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिला सचिव शिवम दिवाकर ने संभाली। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखा। जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही समाजवादी विचारधारा की सबसे बड़ी पहचान है और इसी भावना के साथ पार्टी लगातार जनता के बीच कार्य कर रही है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया। शिविर के समापन पर आयोजकों ने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प, जनकल्याण ही हमारा उद्देश्य केवल एक नारा नहीं, बल्कि जनता की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों का सहयोग और विश्वास बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त किया।

# 40 साल बाद डकैती के मामले में फरार सजायाफ्ता गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान में कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को बड़ी सफलता मिली है। 1980 की डकैती के मामले में 40 साल से फरार चल रहे सजायाफ्ता अभियुक्त हरिश्चन्द्र उर्फपक्का उर्फगिरीन्द्र को मुखबिर की सूचना पर कायमगंज रेलवे स्टेशन के पास श्यामनगर स्थित बाग में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी हरिश्चन्द्र पुत्र चिन्ता कंजड़, निवासी जगतापुर, थाना इंदरगढ़, जनपद कन्नौज का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार हरसिहपुर गोवा स्टेशन से जुडा है। तत्कालीन सहायक स्टेशन मास्टर कृपा स्वरूप सक्सेना ने जीआरपी फर्रुखाबाद में शिकायत



पुलिस हिरासत में आरोपी

दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक बदमाशों ने तमन्चा, चाकू और लाठी से लैस होकर स्टेशन मास्टर को बन्धक बनाया था और नगदी व जरूरी कागजात लूट लिए थे। इस मामले में धारा 395/412 के तहत डकैती का मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्ष 1984 में न्यायालय द्वारा हरिश्चन्द्र को सजा सुनाई जा चुकी थी, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। जिसके बाद उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था और वह 40 साल से फरारी काट रहा था। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह समय पर न्यायालय में पेश नहीं हो पाया था, इसी कारण वारंट जारी हो गया था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। इसके खिलाफ डकैती, हत्या के प्रयास, अवैध शस्त्र और अन्य गंभीर धाराओं में कुल 6 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से कोई बरामदगी नहीं हुई। फिलहाल पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। इस सजायाफ्ता को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अय्यूब, हेड कांस्टेबिल धर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सुरेश शामिल रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर दोनों जनपदों के पुलिस अधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक



ढाई घाट पुल पर वार्ता करते पुलिस अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अंतरजनपदीय पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक एवं समन्वय वार्ता आयोजित की गई।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद गिरीश कुमार, क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजेश द्विवेदी, थाना प्रभारी शमसाबाद सचिन चौधरी व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शाहजहाँपुर दीक्षा भंवरे, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद ज्योति यादव तथा थाना प्रभारी मिर्जापुर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ढाई घाट पुल क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा दोनों जनपदों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सतत गश्त, प्रभावी यातायात व्यवस्था तथा आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# मुड़गांव प्रधान सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में गैस प्लांट के पास सोमवार को ग्राम समाज की जमीन को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 6 जुलाई को अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर लाठी-डण्डा लोहे की राड ईट पत्थर से हमला बोल देना तथा पिस्टल से जान से मारने की नीयत से फायर करना जिससे वादिया के पति सतेन्द्र सिंह के सिर में गोली लग जाना एवं पुत्र अभय व दोस्त राहुल के पैर में गोली लग जाना व मनोज के सिर में चोट आने व अन्य साथियों के चोट आने के सम्बन्ध में पुलिस ने धारा191(2)/191(3)/190/10



घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े आरोपी

9(1)/ 125/131 बीएनएस के तहत श्रामनारायण पुत्र बाबू सिंह, मनीष पुत्र नामालूम, हितेश पुत्र रामनारायण, गोल्डी पुत्री रामनरेश, धीरेन्द्र उर्फ गुड्डा पुत्र रघुनाथ सिंह निवासीगण मुडगांव थाना मोहम्मदाबाद व 20 से 25 अज्ञात साथियों नाम पता अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत हुआ। विवेचना के क्रम में अभि0गण अजीत पुत्र शिवनरेश सिंह, रामनरेश पुत्र बाबू सिंह, शिवनरेश पुत्र बाबू सिंह समस्त निवासीगण ग्राम मुडगांव थाना मोहम्मदाबाद का नाम प्रकाश में आया है तथा अभि0गण रामनारायण, मनीष, अजीत, रामनरेश, शिवनरेश उपरोक्त को गिरफ्तार कर अभि0 गण के कब्जे से घटना कारित करने में प्रयुक्त 01 रिवाल्वर 32 बोर, 04 खोखा कारतूस, 04 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 03 लकड़ी के डण्डे व 01 लोहे का पाईप बरामद हुआ तथा अभियुक्त रामनारायण सिंह उपरोक्त के कब्जे से लाइसेंसी रिवाल्वर व कारतूस बरामद हुए जिनका उपयोग मुकदमा उपरोक्त की घटना कारित किये जाने में किया है। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त राम नारायण सिंह उपरोक्त के विरूद्ध धारा 27/30 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर अन्य अभि0गण चुप रहे और अभि0 रामनारायण ने बताया कि मेरा और निसाई के प्रधान पति सतेन्द्र सिंह के साथ जमीनी कब्जे एवं वर्चस्व को लेकर विवाद है। 06 जुलाई को सतेन्द्र सिंह और उनके लड़के व अन्य परिजन व सहयोगी विवादित जमीन पर आ गये थे, जिस कारण हमारी उनसे मारपीट हो गयी थी और मैने अपने लाइसेन्सी रिवाल्वर से फायर कर दिये थे।

### पंचायत भवन के ताले तोड़कर चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र मेरापुर के ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने सामान चोरी कर लिया। मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोकापुर में 5 जुलाई की रात में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन के ताले तोड़कर हजारों का सामान पर पार कर दिया। पंचायत सहायक ने थाने में तहरीर दी। जिसमें कहा कि ४ जून को अपने नियमित पंचायत भवन के विकास कार्यों के आगे बढ़ाने के लिए काम कार्य करता रहा और शाम को पंचायत भवन के ताले बंद कर अपने घर चले गए थे। 5 जुलाई को सुबह पहुंचा तो देखा कि पंचायत भवन के ताले टूटे पड़े थे। अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह तथा ग्राम पंचायत अधिकारी अनुपम बाजपेई को दी। चोर एक इनवर्टर, दो बैटरियां तथा सीसीटीवी कैमरे द्वार आदि सामान चोरी कर ले गये। अचरा चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## खबरें एक नजर में

### कारों की आमने-सामनें भिड़ंत में दो घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद शजहाँपुर के थाना कलान के गांव बराकलां निवासी बकील बुधवार शाम कलान निवासी अपनी मामी रानी पत्नी नौशे व ममेरे भाई शहवाज, शकील, आरिश व दो वर्षीय बालक के साथ कार से प्रान्त मध्यप्रदेश के सुजानपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में थाना क्षेत्र के गांव बाँसमई और करनपुर के बीच सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। जिसमें कार में बैठे बकील, रानी पत्नी नौशे, गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राजीव कुमार ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी भर्ती कराया। सीएचसी पर मौजूद फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने घायल बकील व उसकी मामी रानी पत्नी नौशे की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 5 साल 10 महीने की सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधी अंकित मित्तल ने शातिर अपराधी अरुण यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी माधौपुर थाना मऊदरवाजा को 5 वर्ष 10 माह की सजा से दंडित किया।

### जिलाबदर अपराधी को पकड़कर पुलिस ने जिले के बाहर छोड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जिला बदर गैंगेस्टर आदि के अभियुक्त घर पर होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसे पड़कर जिले की सीमा से बाहर का रास्ता दिखाया और हिदायत दी कि सजा की अवधि के अंदर यदि जनपद में दिखाई दिए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के के ग्राम उम्मरपुर निवासी ओमवीर पुत्र रामकुमार को जिला मजिस्ट्रेट ने 6 माह के लिए जिला बदर किया है। पुलिस को जानकारी मिली जिला बदर अपराधी थाना क्षेत्र में घूम रहा है तो उसे उप निरीक्षक गीतम सिंह ने हेड कांस्टेबिल नंदलाल, हेड कांस्टेबिल बबलू अली, कांस्टेबल अरविंद के साथ पहुंचकर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और उसे जनपद के बाहर सीमा नयागांव जनपद एटा में छोड़ा। हिदायत दी कि यदि सजा की अवधि के दौरान दिखाई दिए तो कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया जाएगा। बताते चलें अपराधी पर गैंगस्टर आदि गंभीर 34 मामले दर्ज हैं।

### ट्रांसफर होने के बाद भी कर्मचारियों को नहीं किया रिलीव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते एक महा पूर्व ग्राम पंचायत के सचिवों की ट्रांसफर दूसरे ब्लॉक में कर दिए गए थे, लेकिन आज तक कर्मचारियों की वजह से विकासखंड कार्यालय से किसी भी कर्मचारी को रिलीव नहीं किया गया, लेकिन जिला स्तरीय अधिकारियों ने बिना पोस्टिंग कर्मचारियों के दर्जनों गांव में तैनाती कर दी गई है। जिसमें कायमगंज विकासखंड से ट्रांसफर हुए ग्राम पंचायत सचिव आनंद गंगवार का तबादला विकासखंड नवाबगंज के लिए किया गया था और वह नहीं आए ना ही उन्होंने अपनी योगदान आख्या दी। जिले के अधिकारियों ने नवाबगंज से ट्रांसफर हुए सचिव कुलदीप राजपूत की ग्राम पंचायत आनंद गंगवार को आवंटन कर दी। कुलदीप राजपूत को राजपुर ब्लॉक में 11 गांव आवंटन कर दिए गए, जबकि सभी ग्राम पंचायत सचिव अभी अपने पूर्व तैनाती वाले स्थान पर ही है, लेकिन जिले के अधिकारियों का खेल कागजों में चल रहा है। जिससे कि उन्होंने अपनी कलम से ग्राम पंचायत के अधिकारियों की ग्राम पंचायत में तैनाती दिखाकर पंचायतें आवंटन करने का काम किया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ की डाल टूटी, कार क्षतिग्रस्त



क्षतिग्रस्त कार दिखाते फिरोज खान

**नवाबगंज समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत क्षेत्र के गांव एक घर के प्रांगण में लगे पेड़ आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गयी। पेड़ के नीचे खड़ी कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के गांव जाफर नगर में गांव से लगभग 300 मीटर दूर पर इसाक उर्फभूरे अपने परिजनों के साथ घर बनाकर रह रहे हैं। वहीं उनके घर के निकट प्रांगण में ही आम, केला, नीम कई तरह के पेड़ लगे हुए हैं। जहां कस्बा नवाबगंज निवासी बीड़ी व्यवसाय आसिफअली अपनी कार संख्य यूपी 76डब्लू/3448 खड़ी कर जाते है। बुधवार शाम 4 बजे करीब अचानक भीषण बारिश होने लगी और बारिश के चलते बिजली गड़गड़ाने लगी। अचानक बिजली कई पेड़ों पर गिरी। जिससे पेड़ की डाल टूटकर गिर गयी। नीचे खड़ी कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। गृह स्वामी इसाक खान तथा उनके पुत्र फिरोज खान ने बताया कि बिजली इतनी तेज गिरी थी कि उनके घर में भी बिजली के उपकरण जल गए और घर में मौजूद लोगों के करंट भी महसूस हुआ।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में न बरती जाये शिथिलताः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ.अंकुर लाठर की अध्यक्षता में पूर्व मानसून तैनाती अंतर्गत गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार प्राथमिक चिकित्सा विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित का आयोजन किया गया। उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करना रहा। डीएम ने जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा




मॉकड्रिल करती एनडीआरएफ टीम

कि प्रभावित क्षेत्रों में प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक समयबद्ध ढंग से राहत सामग्री पहुंचाई जाए तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिंचाई, राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। संवेदनशील तटबंधों एवं जलस्तर पर निरंतर निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि नावों, मोटरबोट, गोताखोरों एवं अन्य बचाव संसाधनों को पूर्णतः क्रियाशील रखा जाए। जिन क्षेत्रों में आवागमन बाधित है, वहां आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग, सीपीआर, श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी की विधियाँ, बाढ़ के दौरान उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी उपकरण तैयार करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डीएम गंगा नदी एवं रामगंगा के किनारे स्थित ग्रामीण क्षेत्र का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति के समय 8 से 10 कार्मिकों की तैनाती बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के आसपास रहती है, जिससे बाढ़ के समय पीड़ितों को रेस्क्यू किया जा सके। मौके पर एनडीआरएफ की टीम ने मॉकड्रिल प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अमृतपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज स्थित बाईपास विजय नगर निवासी संजू अपने दो वर्षीय पुत्र के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। परिजनों के मुताबिक वह घर से बिना बताए बच्चों को लेकर गया था, तभी अचानक घर पर फोन पहुंचा की संजू बाइक से गिर गया है। अस्पताल रोड पर एक अबोध बालक भी रोड किनारे पड़ा है। जिसकी सूचना राहगीरों ने थाना पुलिस को दी। अबोध बालक के सड़क किनारे पड़े होने की सूचना पाते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अबोध बालक व संजू को अपनी कार से सीएचसी भिजवाया।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में वाराणसी से आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का जनपद में सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया तथा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। साथ ही विद्यार्थियों हेतु डीबीटी के माध्यम से धनराशि अंतरण एवं शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित सुरक्षा बीमा योजना का भी शुभारंभ किया गया। राज्य मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला मुख्य अतिथि एवं विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि तथा



कैशलेस चिकित्सा सुविधा का कार्ड देती मंत्री आदि

जिलाध्यक्ष भाजपा फतेहचंद्र वर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना को शिक्षकों के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के कल्याण एवं सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा यह योजना शिक्षकों एवं उनके आश्रित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। योजना के अंतर्गत बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, अनुदानित एवं राजकीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डन, पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षक तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्य लाभान्वित होंगे। योजना के तहत प्रति शिक्षक प्रतिवर्ष 05 लाख रुपए तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार द्वारा प्रीमियम का वहन किया जाएगा तथा योजना का संचालन स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज के माध्यम से किया जाएगा। योजना के अंतर्गत सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में लगभग 1900 उपचार पैकेजों का लाभ प्राप्त होगा। शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। विद्यार्थियों के लिए डीबीटी के माध्यम से विभिन्न मदों की धनराशि सीधे अभिभावकों के बैंक खातों में अंतरित की गई। बेसिक शिक्षा विभाग एवं स्टेट बैंक ऑफइंडिया के मध्य हुए समझौता ज्ञापन एमओयू के अंतर्गत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न बीमा सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी गई। योजना के तहत पात्र कार्मिकों को ग्रुप टर्म लाइफइंश्योरेंस, पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस, एयर एक्सीडेंट कवर, स्थायी एवं आंशिक दिव्यांगता कवर सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही पात्र कार्मिकों के बच्चों की शिक्षा एवं पुत्रियों के विवाह हेतु भी विशेष सहायता प्रावधान किए गए हैं। संचालन जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बैंक अधिकारियों सहित आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की हत्यारोपी से हुई मुठभेड़, बाएं पैर में लगी गोली

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी की पुलिस से मुठभेड़ हो गयी। अपने को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। बचाव करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी है। जिसे उपचार के लिए सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया गया। थाना कमालगंज पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जुलाई को वादी द्वारा थाना कमालगंज पर सूचना दी गई कि अवधेश व विनेश पुत्रगण रामभरोसे निवासीगण ग्राम कल्लू नगला थाना कमालगंज ने उसके पुत्र सोनेलाल को जान से मारकर शव को रास्ते में फेंक दिया है। सूचना के आधार पर उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 103(1)/238 बीएनएस बनाम अवधेश व विनेश उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। थाना कमालगंज पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई में उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त वीनेश उपरोक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त वीनेश उपरोक्त को गिरफ्तारी का प्रयास किया गया तो वीनेश उपरोक्त द्वारा अवैध तमंचा से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया, जवाबी फायरिंग में अभियुक्त वीनेश उपरोक्त के बाएं पैर में गोली लगी है। जिसको उपचार हेतु



मुठभेड़ के दौरान पुलिस हिरासत में आरोपी

सीएचसी कमालगंज भेजा गया। पुलिस मुठभेड़ व तमंचे की बरामदगी के आधार पर थाना कमालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बताते चले कि बीते दिनों थाना क्षेत्र में जनपद शाहजहांपुर थाना जलालाबाद के ग्राम पुरैना निवासी सोनेलाल ड्राइवर का शव मिला था। सोनेलाल की हत्या के मामले में उसके पिता सुरेश सिंह ने अवधेश व विनेश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्या का कारण सोनेलाल के द्वारा उपदेश की पत्नी आरती के साथ मोबाइल फोन से बातचीत करना बताया गया। अवधेश ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि मुझे कुछ समय शक था कि मेरी गैरमौजूदगी में मेरे घर पर कोई व्यक्ति आता-जाता है, जिसके कारण मैं निगरानी रखने लगा था। 6 जुलाई को मैं बहाना बनाकर घर से बाहर चला गया तथा देर रात्रि वापस आने पर घर के अंदर सोनेलाल नामक व्यक्ति मिला।

पूंछताछ करने पर वह गाली-गलौज करने लगा तथा परिवार के संबंध में अनर्गल बातें करने लगा। जिससे हमारे बीच कहासुनी व हाथापाई हो गई। गुस्से में मैंने पास पड़े डंडे से उसके सिर व चेहरे पर मार दिया और अपने भाई विनेश को बुला लिया। विनेश के आने पर हम दोनों ने घर में पड़ी रस्सी से सोनेलाल का गला कस दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर ब्रह्मदेव मंदिर के आगे सड़क किनारे गड्ढे में फेंक दिया था।

# डीएम ने अहलादपुर भटौली पहुंचकर बाढ़ तैयारियों का लिया जायजा

**अमृतपुर,समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने बुधवार को अहलादपुर भटौली क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ संबंधी तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बाढ़ सुरक्षा तैयारियों, गंगा नदी के जलस्तर तथा संवेदनशील क्षेत्रों में किए जा रहे बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि गंगा नदी का खतरे का निशान 137.60 सेंटीमीटर निर्धारित है, जबकि वर्तमान में गंगा का जलस्तर 134 सेंटीमीटर दर्ज किया गया है।



निरीक्षण करती डीएम

विभाग द्वारा जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डीएम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से भी बातचीत कर संभावित बाढ़ से उनके आवास, कृषि भूमि, फसलों एवं पशुधन पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जाएं। डीएम ने बताया कि जनपद में बाढ़ से संबंधित सभी तैयारियां शासन-प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। बाढ़ प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत सामग्री, बचाव दल एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था कर ली गई है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर अंकित कुमार, थाना अमृतपुर के उपनिरीक्षक कल्लू सिंह सहित सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेट्रोल-डीजल में एथेनॉल-आइसोब्यूटेनॉल मिश्रण पर पारदर्शिता जरूरीः विकास राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- भाजपा नेता बोलेः ग्राहकों को बताएं बिना ईंधन में कितना मिश्रण किया जा रहा
- यह उचित नही, हर पेट्रोल पंप पर नोजल और सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से दर्ज हो मिश्रण का प्रतिशत


जानकारी देते विकास राजपूत

पेट्रोल और डीजल में एथेनॉल व आइसोब्यूटेनॉल मिश्रण के मुद्दे पर भाजपा नेता विकास राजपूत ने केंद्र सरकार और पेट्रोलियम कंपनियों से पूरी पारदर्शिता बरतने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को यह स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए कि पेट्रोल में कितना प्रतिशत एथेनॉल और डीजल में कितना प्रतिशत आइसोब्यूटेनॉल मिलाया जा रहा है।

राजपूत ने कहा कि केवल ईंधन बेचना पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार है कि उनके वाहनों में डाले जा रहे ईंधन की वास्तविक संरचना क्या है। इसके लिए हर पेट्रोल और डीजल नोजल पर मिश्रण का प्रतिशत साफ-साफ लिखना अनिवार्य किया जाना चाहिए।

भाजपा नेता ने कहा कि वर्तमान में बड़ी संख्या में ग्राहकों को इस बात की कोई जानकारी नहीं होती कि पेट्रोल और डीजल में कितना मिश्रण किया जा रहा है। उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय से मांग की कि सभी तेल कंपनियों और पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया जाए कि वे उपभोक्ताओं के लिए स्पष्ट सूचना पटल लगाएं और प्रत्येक नोजल पर एथेनॉल व आइसोब्यूटेनॉल मिश्रण का प्रतिशत प्रमुखता से अंकित करें। उनके मुताबिक इससे उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और कंपनियों की जवाबदेही भी तय होगी।

विकास राजपूत ने सरकार को सुझाव दिया कि यदि मिश्रित ईंधन से वाहनों की कार्यक्षमता या तकनीकी स्थिति पर असर पड़ने की आशंका है, तो इसे पहले किसी एक शहर या राज्य में परीक्षण के तौर पर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना व्यापक परीक्षण के बड़े पैमाने पर ऐसी व्यवस्था लागू करना आम लोगों के लिए आर्थिक बोझ बन सकता है। राजपूत ने जोर देकर कहा कि सरकार की नीतियां जनहित, पारदर्शिता और जवाबदेही के आधार पर तय होनी चाहिए तथा किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले उसका कई चरणों में सफल परीक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि यह फैसला उस दौर में लिया गया था, जब देश तेल और गैस जैसी रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े दबावों और चुनौतियों का सामना कर रहा था, लेकिन अब परिस्थितियां काफी हद तक सामान्य हो चुकी हैं। ऐसे में सरकार को जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए इस तरह के संभावित जोखिम वाले कदमों की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि एथेनॉल मिश्रण को दीर्घकालिक नीति के रूप में लागू करना है, तो पहले उसका व्यापक और सफल परीक्षण किया जाए, उसके बाद ही देशवासियों को इसके लिए तैयार किया जाए।

## एनवाईवी चयन के लिए हुआ साक्षात्कार


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की योजना मेरा युवा भारत के अंतर्गत एनवाईवी 2026-27 के चयन हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया का आयोजन मेरा युवा भारत कार्यालय में किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान चयन समिति द्वारा प्रतिभागियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि, योग्यता एवं स्वयंसेवी कार्यों के लिए उपयुक्तता का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। चयन समिति में अध्यक्ष जिला युवा अधिकारी, सदस्य नवल किशोर, सामाजिक कार्यकर्ता, सदस्य सुमित अवस्थी सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर के स्वयंसेवी कार्यक्रमों से जोड़ना रहा।

## एसडीएम व ईओ के आश्वासन पर आठवें दिन धरना समाप्त

- भाकियू श्रमिक जन शक्ति को एक महीने में कार्य पूरा करने का दिया समय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चल रहे धरने में आठवें दिन एसडीएम व ईओ नगर पालिका ने पहुंचकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश क्रांतिकारी व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार एवं मैनपुरी जिलाध्यक्ष के साथ वार्ता की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि एक महीने के अंदर नाला पक्का बनवाया जायेगा। जिस पर सभी ने धरना समाप्त किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसानों ने मांग की कि ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में पिछले 17 वर्षों से नगर पालिका के आ रहे गंदे नाले का पानी से फसलें बर्बाद हो रही है। किसान परेशान है। 20 मई को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। जिस पर 1 जुलाई से किसान अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है। किसान संगठनों ने मांग की है कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो धरना जारी रहेगा। जिसमें रामपुर डफरपुर के पश्चिम में नालों का पक्का निर्माण कराया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वाले गांव में मुख्य तिराहे, चौराहों पर सौर्य ऊर्जा की लाइटें लगवायी जाये। अमेठी कोहना व कमालगंज के ग्राम गदनपुर में पात्र लाभार्थियों को आवास एवं शौचालय दिया जाये। बिलावलपुर के मजरा पृथ्वीपुर पिछले वर्ष आयी बाढ़ में कई ग्रामीण बेघर हो गये है। ऐसे में उन्हें जगह आवंटित कर रहने के लिए भवन बनवाया जाये आदि मांगों को लेकर धरना चल रहा था। जिसका आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया। एसडीएम व ईओ ने एक महीने का समय देकर धरना को समाप्त कराया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, कुलदीप सिंह, फूल सिंह, गोलू, सोनू, राहुल, संतोष कुमार, दयानंद राजपूत, ओमनारायण, नरोत्तम, हर्ष राजपूत आदि किसान नेता मौजूद रहे।

## समाजिक सुरक्षा हेतु शिक्षकों को वितरित किये गये कैशलेस चिकित्सा कार्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कैशलेस कार्ड के साथ शिक्षक व मंत्री आदि

कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण, डीबीटी, शिक्षकों के सामाजिक सुरक्षा हेतु एमओयू के साथ उवन और स्वच्छ एवं हरित पुरस्कार इन चार कार्यक्रमों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुभारंभ किया गया। जनपद मुख्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। माध्यमिक शिक्षक व बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक को कार्ड वितरित किये गये। इस जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रभावी संबल प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षाधिकारी व विधायक सुशील शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण व शिक्षक प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला, संजीव चौहान, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, देवेन्द्र कुमार, शिवम अवस्थी मौजूद रहे।

### 16 जुलाई को निकाली जायेगी जगन्नाथ रथ यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 16 जुलाई को नगर में निकाली जायेगी। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की कृपा से यात्रा के लिए तीनो रथ श्री जगन्नाथ पुरी धाम से बनकर जनपद में आ रहे है। 12 जुलाई को भक्तों के अपार सहयोग के लिए सम्मान समारोह का आयोजन श्री राधा माधव मंदिर, घमंडी कूचा में सायंकाल 5 बजे से सम्पन्न होगा। यह जानकारी अंजुम दुबे अध्यक्ष सम्पर्क समिति ने दी है।

### महिला सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अछरौड़ा निवासी बृजेश कुमार पुत्र रामबक्स ने गांव के ही प्रशांत, हिमांशु पुत्रगण संजीव, ललित पुत्र रिंकू, रीता पत्नी अवनीश उर्फटीटू के विरुद्ध घर में घुस कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार पुराने विवाद को लेकर 2 जुलाई शाम 4 बजे उपरोक्त सभी आरोपित धारदार हथियार लेकर जान से मारने की नियत से हमारे घर में घुस आए और मारपीट करने लगे मारपीट में नन्हीं देवी पत्नी सर्वेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिनका उपचार लोहिया अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू की।

### बैंड-बाजों के साथ हुआ दिगंबर जैन मुनिसंघ का भव्य स्वागत


जैन मुनियों का स्वागत करते लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज में सड़कों पर धर्म और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लखनऊ से दिल्ली की ओर विहार कर रहे दिगंबर जैन मुनियों का काफिला जैसे ही शाम 7 बजे नगर में पहुंचा, पूरा माहौल जय गुरुदेव के नारों और बैंड की धुनों से गूंज उठा। जैन मुनि विशुद्ध सागर महाराज और विराट सागर महाराज के नेतृत्व में चल रहे इस मुनिसंघ में लगभग दो दर्जन मुनि शामिल हैं। नगर में प्रवेश से पहले पपड़ी गांव में जैन समुदाय के श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मुनिसंघ की आहार चर्या कराई। मुनिसंघ का जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ कंपिल मार्ग की ओर बढ़ा। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर और जयकारों से संतों का अभिवादन किया। मुनिसंघ रात कंपिल मार्ग पर स्थित जिजपुरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में रात्रि विश्राम करेंगे। बुधवार सुबह यहां से प्रवचन के बाद काफिला कंपिल के लिए रवाना होगा। प्राथमिक विद्यानगर में मुनिसंघ के आगमन को लेकर जैन समाज में खासा उत्साह है। श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### एबीवीपी द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरुकुल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसील प्रमुख डॉ0 चंद्र देव दीक्षित उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सृजनात्मकता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। संचालन निशांत मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

### सपाइयों ने लिंजीगंज अस्पताल में किया वृक्षारोपण


वृक्षारोपण करते हाजी अहमद अंसारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन सप्ताह के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अल्पसंख्या सभा के प्रदेश सचिव हाजी अहमद अंसारी के नेतृत्व में सिविल अस्पताल लिंजीगंज में वृक्षारोपण किया गया। सभी ने वृक्षारोपण कर अपने नेता की दीर्घायु की कामना की। साथ ही पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। वृक्षारोपण के दौरान कमल हसन, मुजाहिद अंसारी, सभासद मुद्स्सिर, मोहतशीम आदि लोग मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर किसानों का कलेक्ट्रेट में धरना जारी


में मौजूद किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन द्वारा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे। किसानों ने धरना देकर बीस सूत्रीय मांग पत्र पर प्रथम दौर की वार्ता में नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार को सौंपा। कुछ बिंदुओं को तुरन्त हल किया गया और जो रह गई है उनको अगले 24 घंटे में हल करने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने धरना प्रदर्शन को समाप्त या स्थगित करने से साफमना कर दिया और किसानों से अपील की कि जिन किसानों के घर पर जरूरी कार्य वह घर जा सकते है और बाकी के किसान प्रत्येक ब्लॉक के हिसाब से धरना प्रदर्शन में रात्रि में रुकेंगे। जिसमें सभी किसानों ने एक सुर में धरना प्रदर्शन में रात्रि में रुकने के लिए हामी भरी। किसान एसडीएम सदर कार्यालय के बरामदे में रुके है। इस मौके पर अरविंद शाक्य, अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, गोपी शाक्य, अभय यादव, अरविंद शाक्य, अनुज राजपूत, मुकेश शर्मा, पुजारी कटियार, सुग्रीव पाल, बिजनेश यादव, दिनेश सिंह, अनीस सिंह, सोनू सोमवंशी, रामप्रकाश पाल, टिंकू यादव, सतीश कठेरिया, अंकेश गंगवार, प्रदीप यादव, शिवराम शाक्य, बड़े यादव, अजीत सोमवंशी, रामनरेश लेखपाल, अर्पित गंगवार, अशोक शाक्य आदि मौजूद रहे।

## बीडीओ ने सचिवों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा


बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड अधिकारी ने सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की।

विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने समस्त कर्मचारियों तथा ग्राम पंचायत के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। जिसमें आवास सत्यापन पर ग्राम पंचायत सचिवों ने अंतिम मोहर लगाई। आवास सर्वे सत्यापन पर ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा लगाई मोहर के बाद अब जरूरतमंदों के भी भरेंगे फार्म, मिलेगी सरकारी छत। वहीं विकासखंड अधिकारी ने आइजीआरएस पर सभी ग्राम पंचायत के सचिवों को बताया कि सभी लोग इस निस्तारण को गुणवत्तापूर्ण करें। आईजीआरएस पर सरकार तथा अधिकारियों का विशेष रूप से ध्यान है और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पीड़ित से वार्ता कर मामले का निस्तारण करें। वहीं फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी पर भी विशेष जोर देते हुए विकास खंडकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री अति आवश्यक है। जिसकी खेती कष्टकारी के लिए फार्मर रजिस्ट्री के बिना कोई कर नहीं हो पाएगा, इसलिए सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों कर्मचारियों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री पर भी विषय ध्यान दें। वहीं कूड़ा कलेक्शन कूड़ा शुल्क भी जमा करवाने के लिए निर्देशित किया तथा कई सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए सचिवों को निर्देशित किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार, अनुपम बाजपेई, कुलदीप राजपूत, मोतीलाल, कामता प्रसाद पटेल, प्रमोद शुक्ला, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, आकांक्षा सक्सेना, अरविंद कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


संबोधित करते मधुराम शरण महाराज

### शिव शक्ति अखाड़ा द्वारा कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को नगर में शिव शक्ति अखाड़ा के संस्थापक महंत मधुराम शरण शिवाजी महाराज का आगमन हुआ। शिव शक्ति अखाड़ा के बैनर तले विभिन्न कार्यकर्ताओं को विभिन्न क्षेत्रों की जिम्मेदारी देकर आने वाले नवदुर्गा में धार्मिक आयोजनों में हिंदू समाज शस्त्र धारी बने, साहसी बने लड़ैया बने। इसके लिए उन्होंने योजना बैठक कर सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन कर जिम्मेदारी देकर बैठक का समापन किया। इस मौके पर विमलेश मिश्रा, विशाल, प्रदीप राठौर, शिवम् दुवे, सचिन शर्मा, रोहित, सिद्दन्त, साहिल मिश्रा, नूतन आदि लोग उपस्थित रहे।

## हिंदू समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक हितों की सुरक्षा के लिए गृहमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

जनपद के जागरूक नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा गृह मंत्री संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में हिंदू समाज के आर्थिक हितों, सांस्कृतिक शुचिता, सामाजिक सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और जनसांख्यिकी चुनौतियों के निवारण हेतु त्वरित कानूनी और प्रशासनिक उपायों की मांग की गई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे पारंपरिक और पारिवारिक कौशलों (जैसे-फर्नीचर, खाद्य प्रसंस्करण, कैटरिंग, टेलरिंग, नाई, धोबी आदि) के प्रति हिंदू समाज के युवाओं में षड्यंत्र के तहत उपेक्षा और घृणा का भाव पैदा किया जा रहा है। इसके चलते युवा पारंपरिक व्यवसायों से विमुख हो रहे हैं और सीमित अवसरों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। पारंपरिक और वंशानुगत प्रशिक्षण को कौशल विकास योजना के अंतर्गत मान्यता दी जाए और युवाओं में इसके प्रति स्वाभिमान पैदा करने के लिए प्रचार सामग्री का वितरण किया जाए। व्यावसायिक अशुद्धि और खाद्य पदार्थों में अपमिश्रण जैसे भोजन, रोटी, जूस आदि में थूकने या अवांछित चीजें मिलाने की हालिया घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। इसमें मुजफ्फरनगर 2022 और उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड 2024 में ढाबा/रेस्टोरेंट मालिकों से जुड़े मामलों का हवाला देते हुए इसे जनस्वास्थ्य और धार्मिक भावनाओं के खिलाफएक गंभीर कृत्य बताया गया है। सभी प्रकार के व्यवसायों में स्वच्छता और शुद्धता के कड़े नियम लागू हों। साथ ही, जिला स्तर पर एक केन्द्रीकृत विजिलेंस टीम का गठन किया जाए, जिसे सभी खाद्य प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी का औचक एक्सेस और निगरानी का अधिकार मिले।

नागरिकों ने आरोप लगाया कि व्यापार के क्षेत्रों में एक विशेष रणनीति के तहत आर्थिक अतिक्रमण और एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा, बिना किसी सरकारी अनुमति के लागू किए जा रहे हलाल प्रमाणन को देश के पंथनिरपेक्ष ढांचे के खिलाफ और हिंदू व्यापारियों के लिए एक अवैध व्यावसायिक चुनौती बताया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्टों का संदर्भ देते हुए इसे भारतीय अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने का कुत्सित प्रयास कहा गया है। हलाल प्रमाणन की प्रक्रिया को अवैध घोषित किया जाए और व्यापार में पंथ आधारित विभेद या षड्यंत्र रचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व अध्यादेश लाया जाए। टीसीएस, तनिष्क, लेंसकार्ट, विप्रो और एयर इंडिया जैसी देश की नामी कंपनियों का क्रि किया गया है। आरोप लगाया गया है कि इन प्रतिष्ठित संस्थानों में आउटसोर्सिंग, नौकरी और समानांतर टेंडर के माध्यम से कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े लोग अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं और जरूरतमंद लोगों की मजबूरियों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं, आदि मांगे शामिल है।

## प्रा.वि. मदारपुर में अभिभावकों ने डीबीटी शुभारंभ का देखा सजीव प्रसारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सजीव प्रसारण देखते अभिभावक व शिक्षक बच्चे

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में अभिभावकों ने डीबीटी शुभारंभ का सजीव प्रसारण देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक एवं रसोईया के लिए कैशलेश चिकित्सा योजना एवं बच्चों को दी जाने वाली निशुल्क यूनीफार्म, बैग, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्टेशनरी हेतु 1200 रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में भेजने का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक ने प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत स्टाफके लिए वेतन खाते के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। स्कूल प्रबंधन समिति की मासिक बैठक हर महीने के पहले बुधवार को आयोजित होने के कारण प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी आगंतुकों को कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया। अभिभावकों के साथ शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों ने भी शुरू की गई योजनाओं के लिए खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल नियमित खुल रहे हैं। सभी बच्चों को निर्धारित यूनीफार्म के साथ समय से स्कूल जरुर भेजें। जिन बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र नहीं बनें हैं, तत्काल बनवा लें और जिनके जन्म प्रमाणपत्र बने हैं वह आधार बनवाने के लिए बीआरसी कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण चल रहा है जिसमें स्कूल न जाने वाले बच्चों का नामांकन जरुर करायें। जुलाई माह में यातायात सुरक्षा कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण, टीकाकरण अभियान एवं वृक्षारोपण चलाया जा रहा है। जिसमें सभी अभिभावकों का सहयोग आवश्यक है। मीटिंग में कन्हैया दास, अशोक स्वामी, खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, सत्यवती, प्रदीप, सनोज, भगवान देवी, मेमवती, कमलेश राजपूत, मोनी, ममता देवी, मूर्ति देवी आदि उपस्थित रहे।

## ससुरालीजनों पर घर में लूटपाट करने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के थाना कादरीगेट क्षेत्र के अंतर्गत पांचालघाट सोताबहादुरपुर के रहने वाले एक पीड़ित पति ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों के खिलाफ महिला थाना फतेहगढ़ में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी गैर-मौजूदगी में ससुराल वालों ने उसके घर से लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लूट ली और उसकी पत्नी को अपने साथ ले गए। इसके साथ ही विरोध करने पर पूरे परिवार को दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

पांचालघाट सोताबहादुरपुर निवासी मोनू पुत्र स्वर्गीय विनोद कुमार का विवाह 25 नवंबर 2025 को शाहजहाँपुर जिले के थाना काँठ अंतर्गत मोहल्ला गढ़ी पूर्वी प्रथम की रहने वाली वन्दना पुत्री रामनिवास के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। मोनू का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी पत्नी घर में कलह करने लगी थी और बात.बात पर फांसी लगाकर पूरे परिवार को फंसाने की धमकी देती थी। मार्च 2026 में विवाद बढ़ने पर लड़की का पिता रामनिवास उसे अपने साथ मायके ले गया था। पीड़ित मोनू ने बताया कि जब वह कुछ दिनों बाद अपनी पत्नी की विदा कराने ससुराल गया, तो वहाँ मौजूद ससुर रामनिवास, साले रत्नेश, सुरेश चन्द्र, पप्पू, आर्यन, साजन, राजन और परिवार की अन्य महिलाओं संगीता व सुनीता ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया। वहाँ उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। मोनू ने अपना घर बचाने की खातिर चुपचाप सब सहा और पत्नी को विदा कराकर वापस घर ले आया। घटनाक्रम में मोड़ तब आया जब 19 अप्रैल को पीड़ित मोनू की माँ अचानक बीमार हो गई, जिन्हें मसेनी चौराहा स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। पीड़ित जब अपनी माँ की देखभाल के लिए अस्पताल में था, तभी उसकी गैर-मौजूदगी में ससुराल पक्ष के लोग उसके घर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण सोने का हार, चेन, अंगूठी, कुंडल, मंगलसूत्र आदि और चांदी के हथफूल, पायल व तोड़िया समेत 3500 की नकदी लूट ली और पत्नी वन्दना को भी अपने साथ लेकर चले गए। जब मोनू ने अपने ससुर के मोबाइल नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी ली, तो ससुर ने उसे दोबारा फोन या पंचायत करने पर पूरे परिवार को दहेज प्रथा के केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि उसने अपनी गाड़ी कमाई से तिलक समारोह में करीब 4.5 लाख रुपये खर्च किए थे। जब उसने अपनी सालियों और अन्य रिश्तेदारों से बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने भी गाली-गलौज की। ससुराल पक्ष के इस रवैये और धमकी से बुरी तरह टूट चुके मोनू ने महिला थाना के समक्ष लिखित प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# धौरहरा में यूरिया को लेकर हाहाकार

## दिन में किसान लाइन में, रात में 15 बोरी ले जाता ई-रिक्शा वायरल

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**



धौरहरा तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का आरोप है कि दिनभर लाइन में लगने के बाद भी उन्हें एक बोरी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है, जबकि रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर खाद की सप्लाई की जा रही है। कहीं एक किसान को 20-20 बोरी मिलने की चर्चा है तो कहीं एक बोरी के लिए किसान भटक रहे हैं। सिंगावर बी-पैक्स समिति पर किसानों ने खाद वितरण में अनियमितता और हेराफेरी के गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि कई मामलों में एक बोरी खाद देने के बाद रिकॉर्ड में 15 बोरी दिखा दी जाती है। उनका आरोप है कि इसी तरह पूरी खेप को कागजों में खपाकर ब्लैक मार्केटिंग की जाती है। हाल ही में सिंगावर की यूरिया लदी ट्रक लाखुन बी-पैक्स समिति पहुंचने पर भी किसानों ने शिकायत की थी। इस मामले को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद उच्च अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए थे। इसी बीच धौरहरा में रात के समय 15 बोरी सफेद यूरिया खाद से लदा एक ई-रिक्शा पकड़े जाने का वीडियो भी वायरल हुआ है। सिंगावर समिति पर मौजूद किसानों ने सचिव पर खाद हेराफेरी के आरोप लगाए। किसानों का कहना है कि प्रत्येक किसान के हिस्से से अतिरिक्त खाद निकालकर उसे ब्लैक में बेचा जा रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि समिति में सचिव से अधिक उनके रिश्तेदार व्यवस्था संभालते हैं, जो पहले हसनापुर समिति में कार्यरत थे और सेवानिवृत्त हो चुके हैं। किसानों ने यह भी कहा कि सचिव अनुपम दीक्षित पूर्व में भी विवादों में रहे हैं और उनके विरुद्ध कार्रवाई हो चुकी है। मामले में जब एआर कोऑपरेटिव प्रवीण कुमार से सिंगावर की खाद लाखुन समिति पहुंचने और जांच की स्थिति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि एडीसीओ के अनुसार खाद गलती से वहां चली गई थी और जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। चालान पर हस्ताक्षर किसने किए, इस सवाल पर उन्होंने बताया कि लाखुन समिति में सचिव मौजूद नहीं थे और कंप्यूटर ऑपरेटर ने रिसीव कर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि जब कंप्यूटर ऑपरेटर का नाम पूछा गया तो वह उसका नाम नहीं बता सके। रात में 15 बोरी यूरिया ले जाते ई-रिक्शा के वायरल वीडियो पर कार्रवाई के संबंध में भी एआर कोऑपरेटिव ने केवल इतना कहा कि मामले की जांच जारी है।

**सिंगावर समिति पर गंभीर आरोप**

## पेंशनधारकों को मनरेगा भुगतान, प्रधान के भतीजे की फर्म को भी रकम, 81 हजार के चबूतरा निर्माण पर उठे सवाल

- ग्रामीणों का दावा: भुगतान पाने वालों में प्रधान के रिश्तेदार और करीबी शामिल, कई लाभार्थी समृद्ध व कई एकड़ जमीन के मालिक, तकनीकी जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक कुंभी की ग्राम पंचायत जड़ौरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देवी स्थान पर चबूतरा निर्माण कार्य में हुए भुगतान को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन का भुगतान ग्राम प्रधान के रिश्तेदारों और करीबी लोगों को किया गया, जबकि मौके पर भुगतान के अनुरूप निर्माण कार्य दिखाई नहीं देता। मामले को लेकर ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

उपलब्ध विवरण के अनुसार इस कार्य में कुल 81,156 का भुगतान किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक 20 मार्च 2026 को आरुषि ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर को 38,695, एम/एस वर्मा ईंट उद्योग को 24,573, कामता प्रसाद को 10,332, खेमकरण को 6,750 तथा रविकिशोर दीक्षित को 806 का भुगतान किया गया है। ग्रामीणों का दावा है कि आरुषि ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर ग्राम प्रधान के सगे भतीजे रामम मिश्रा की फर्म है। वहीं कामता प्रसाद और खेमकरण ग्राम प्रधान के करीबी हैं। ग्रामीणों के अनुसार दोनों की उम्र 60 वर्ष से अधिक है, वे वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी हैं।

## बिना पंजीकरण चल रहे स्कूलों में नियम ताक पर, बच्चों की सुरक्षा पर सवाल



**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** ईसानगर विकास खंड के खमरिया क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित कई निजी विद्यालयों में नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय संचालक मनमाने दामों पर किताबें और कोर्स बेच रहे हैं, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। साथ ही स्कूलों में सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को लाने-ले जाने वाले मैजिक वाहनों में क्षमता से अधिक 25 से 30 बच्चों को बैठाया जाता है।

# खबरें एक नजर में

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी रेबीज इंजेक्शन खत्म कुत्ते काटने के मरीज लौटे बैरंग

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर पिछले दो दिनों से एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। कुत्ते के काटने के बाद इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। इससे मरीजों व उनके परिजनों में नाराजगी है।बुधवार को पीएचसी आए तो इंजेक्शन लगवाने के लिए आये मरीजों को स्टाफने इंजेक्शन खत्म होने की बात कहकर जिला अस्पताल जाने को कहा। तिलावं की सुमित्रा देवी ने बताया कि बेटे को कुत्ते ने काट लिया, सुबह से चक्कर लगा रहे हैं पर इंजेक्शन नहीं मिला। दो दिनों से ही एंटी रेबीज वैक्सीन की सप्लाई नहीं आई है। रोज 8-10 मरीज आ रहे हैं, लेकिन इंजेक्शन न होने से उन्हें वापस भेजना पड़ रहा है। सीएमओ कार्यालय को डिमांड भेज दी गई है। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की पीएचसी पर स्टॉक खत्म हो गया है। जिला मुख्यालय से डिमांड की गई है। एक-दो दिन में वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। तब तक गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। रोजाना कुत्ते काटने के 5 से 7 मामले सामने आ रहे हैं। एंटी रेबीज इंजेक्शन न मिलने से गरीब मरीजों को प्राइवेट में 300-400 रुपये प्रति डोज खर्च करने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से जल्द वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### उपजिलाधिकारी की जांच के बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज हलिया जड़कुड़ मार्ग (एनएच-135ए) पर करीब तीन वर्षों से रुका सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य बुधवार को दोबारा शुरू हो गया उपजिलाधिकारी की स्थलीय जांच और प्रशासनिक पहल के बाद निर्माण एजेंसी ने मौके पर मशीनें लगाकर कार्य प्रारंभ कर दिया।महाकाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य तीन वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, लेकिन काश्तकारों एवं वन विभाग की आपत्तियों के कारण भटवारी, बड़ौही और गोरगी गांव के पास करीब दो किलोमीटर हिस्से का निर्माण अधूरा रह गया था। सड़क गड्ढों में तब्दील होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## बृजमनगंज में आज 6 घंटे बिजली रहेगी बाधित सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी आपूर्ति

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



बृजमनगंज विद्युत उपकेंद्र पर गुरुवार को होने वाले मरम्मत एवं तकनीकी मेंटेनेंस कार्य के चलते क्षेत्र में छह घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक नगर पंचायत बृजमनगंज समेत उपकेंद्र से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार उपकेंद्र पर 33 केवी एवं 11 केवी वैक्यूम सर्किट ब्रेकर (वीसीबी) की मरम्मत, परीक्षण एवं आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से सभी संबंधित फीडरों की विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि तक बंद रखी जाएगी।

## जनपद में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

- शिक्षकों को मिलेगा पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुरक्षा



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जिले के शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों के लिए बुधवार का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लेकर आया। कलक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष जसवंत सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित कर योजना की औपचारिक शुरुआत कराई।

अपने संबोधन में उपाध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए आर्थिक संबल साबित होगी। उन्होंने कहा कि अब गंभीर बीमारी की स्थिति में इलाज का आर्थिक बोझ शिक्षकों पर नहीं पड़ेगा, जिससे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकेंगे।

## नेपाल में बारिश के बावजूद महराजगंज सुरक्षित, गंडक बैराज से डिस्चार्ज घटा

- सभी नदियां खतरे के निशान से नीचे

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पड़ोसी देश नेपाल और तराई क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बावजूद महराजगंज जिले में फिलहाल बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। जिले की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से काफी नीचे बह रही हैं। गंडक बैराज से पानी का डिस्चार्ज भी लगातार कम हो रहा है, जिससे प्रशासन और आम लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं सिंचाई विभाग ने संवेदनशील तटबंधों पर निगरानी और बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार, इस मानसूनी सत्र में जिले में अब तक 189.5 मिमी तथा बी-गैप क्षेत्र में 272.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा का दौर जारी रहने के बावजूद जिले की नदियों का जलस्तर पूरी तरह नियंत्रण में है। बाल्मीकिनगर बैराज से गंडक नदी में छोड़े जाने वाले पानी का डिस्चार्ज घटकर 37,200 क्यूसेक रह गया है। बैराज का अपस्ट्रीम जलस्तर 110.41 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम 105.86 मीटर दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार जलस्तर सुरक्षित सीमा में है और किसी प्रकार की चिंता की स्थिति नहीं है। त्रिमुहानी घाट पर रोहिन नदी का जलस्तर 77.57 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो खतरे के निशान 82.44 मीटर से लगभग पांच मीटर नीचे है। रतनपुर स्थित रोहिन बैराज का अपस्ट्रीम 99.52 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम 96.05 मीटर दर्ज किया गया, जबकि बैराज से 58.72 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। रिगौली घाट पर राप्ती नदी का जलस्तर घटकर 74.36 मीटर पर पहुंच गया है। यह नदी खतरे के निशान 80.30 मीटर से करीब छह मीटर नीचे बह रही है। महाव नाले का जलस्तर भी खतरे के पांच फीट के मुकाबले मात्र दो फीट पर स्थिर है। चंदन और प्यास नदियों का जलस्तर भी सामान्य बना हुआ है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता राजीव कपिल ने बताया कि विभाग की टीमें सभी संवेदनशील तटबंधों की चौबीसों घंटे निगरानी कर रही हैं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्रत्येक तीन घंटे पर नदियों के जलस्तर और डिस्चार्ज की समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। फिलहाल जिले की स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है।


# समृद्ध भारत की आधारशिला रखतीं छिबरामऊ की शिक्षण संस्थाएँ

[ छिबरामऊ (कन्नौज) परिशिष्ट ]

























